RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
बोकारो, शुक्रवार
27.2.2026
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 129
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159




राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित: देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# भारत-इजराइल दोस्ती से दुनिया चकित

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और इजराइल के बीच बढ़ती नजदीकियों और अटूट विश्वास की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने दुनिया भर के देशों को चकित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजराइल यात्रा इस बात का प्रमाण है कि दोनों देश न केवल व्यापारिक साझेदार हैं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव और पारस्परिक भरोसे के आधार पर भी गहराई से जुड़े हुए हैं।

**हवाई अड्डे पर विशेष स्वागत** : यात्रा के पहले दिन बुधवार को तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ स्वयं उपस्थित रहे। यह एक दुर्लभ सम्मान माना जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 'मेरा दोस्त' कहकर गले लगाया, जिसे वैश्विक मीडिया ने 'मोदी हग' का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने पर उन्हें विशेष गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत "एक खास और दिल को छू लेने वाले अंदाज" में किया गया। नौ वर्षों में यह उनका इजराइल का दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, "मैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं।" उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह यात्रा और द्विपक्षीय वार्ता भारत-इजराइल मित्रता को और सशक्त बनाएगी।

**संसद में भव्य सम्मान** : प्रधानमंत्री जब इजराइल की संसद नेस्सेट पहुंचे तो वहां का दृश्य ऐतिहासिक रहा। सदन के सदस्यों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका स्वागत किया। संबोधन के दौरान 'मोदी-मोदी' के नारों से सदन गूंज उठा। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का एक महान नेता बताते हुए कहा कि भारत और इजराइल की दोस्ती 'स्वर्ग में बनी जोड़ी' जैसी है।

**संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यरुशलम में इजराइल की संसद नेस्सेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। संसद पहुंचने पर स्पीकर आमिर ओहाना ने उनका औपचारिक स्वागत किया। सत्र की शुरुआत में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, विपक्ष के नेता यायर लापिड और स्पीकर ओहाना ने भारत-इजराइल संबंधों के प्रति मजबूत द्विदलीय समर्थन व्यक्त किया। संबोधन के बाद आमिर ओहाना ने उन्हें 'क्रेसेट मेडल' से सम्मानित किया, जिसे प्रधानमंत्री ने भारत-इजराइल मित्रता को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस विशेष सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत और इजराइल के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंधों के साथ-साथ आधुनिक रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत है।

## प्रधानमंत्री का अप्रत्याशित स्वागत



## आतंकवाद पर सख्त रुख

प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर के आतंकी हमले पर संवेदना व्यक्त करते हुए आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति दोहराई। उन्होंने कहा कि ऐसी क्रूरता का कोई औचित्य नहीं हो सकता। भारत ने क्षेत्र में स्थायी शांति के प्रयासों, संयुक्त राष्ट्र समर्थित गाजा शांति पहल और आईएमईसी व आई2यू2 जैसे मंचों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने का आह्वान किया।

**व्यापार, नवाचार और संसदीय सहयोग** : प्रधानमंत्री ने भारत की विकास गाथा का उल्लेख करते हुए व्यापार, निवेश, हरित विकास, स्टार्ट-अप और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। द्विपक्षीय निवेश संधि के समापन पर संतोष जताते हुए उन्होंने मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने की बात कही।

**राष्ट्रपति से मुलाकात** : प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने विशेष भारत-इजरायल साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के दृढ़ समर्थन के लिए उनको धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्ट-अप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी में सहयोग बढ़ाने के रास्ते तलाशे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक पेड मां के नाम' पहल के तहत राष्ट्रपति उद्यान में एक पेड़ लगाया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति हर्जोग को निकट भविष्य में भारत की यात्रा करने का निमंत्रण भी दिया। वहीं राष्ट्रपति हर्जोग ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया और कहा कि भारत और इज़राइल की जनता साथ मिलकर अधिक सशक्त है।

**नरसंहार पीड़ितों को श्रद्धांजलि** : इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 'वल्ड होलोकॉस्ट रिमेंबरेंस सेंटर' याद वाशेम का दौरा किया। याद वाशेम की प्रधानमंत्री की यह दूसरी यात्रा रही। प्रधानमंत्री ने नरसंहार के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने बुक ऑफ नेम्स हॉल का भी दौरा किया, जो जनसंहार के दौरान मारे गए लाखों लोगों की स्मृति को संरक्षित करने वाली एक श्रद्धांजलि है। उल्लेखनीय है कि इजराइल रणनीतिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग है। यह संबंध पारस्परिक विश्वास, साझा प्राथमिकताओं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों में निरंतर बढ़ते सहयोग पर आधारित है।

## कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी अपने भारत दौरे पर मुंबई पहुंचेंगे, दिल्ली में होगी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

एजेंसी। नई दिल्ली



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी से 7 मार्च तक भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान का दौरा करेंगे। अपने भारत दौरे में वे सबसे पहले मुंबई पहुंचेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत दौरे में सबसे पहले मुंबई पहुंचेंगे। कार्नी के ओटावा कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि वे 2 मार्च को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे जिसमें व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), प्रतिभा और संस्कृति तथा रक्षा क्षेत्रों में नई साझेदारियों पर चर्चा होगी। यह यात्रा कनाडा और भारत के बीच व्यापार, तकनीक, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में नई साझेदारियों की दिशा में बड़ा कदम है। कार्नी के भारत का दौरा शुरू करने से ठीक पहले कनाडा की तरफ से कहा गया है कि कनाडा में हिंसक अपराधों से भारत का अब कोई रोल नहीं है। टोरंटो स्टार की एक खबर के मुताबिक कनाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह बयान प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दिया। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने ओटावा और नई दिल्ली संबंधों को लेकर कहा कि हमारे बीच बहुत मजबूत राजनयिक जुड़ाव है और हम आश्वस्त हैं कि वह गतिविधि अब जारी नहीं है। गौरतलब है कि साल 2023 में भारत-कनाडा संबंध उस समय काफी बिगड़ गए थे जब कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून 2023 में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंट के शामिल होने का आरोप लगाया था जिसे भारत ने सिरे से खारिज करते हुए इसे बेतुका बताया। यह खटास इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी, राजनयिक संबंधों को कमजोर किया और एक-दूसरे के कई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। अक्टूबर 2023 में भारत ने ओटावा में अपने राजदूत संजय वर्मा और पांच अन्य अधिकारियों को वापस बुला लिया। यह तब हुआ जब कनाडा के अधिकारियों ने निज्जर की हत्या के संबंध में उनसे पूछताछ की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हाईकोर्ट ने सैनिकों के हक में सुनाया फैसला- लाइफस्टाइल डिसऑर्डर कहकर नहीं रोक सकते दिव्यांग पेंशन




**नई दिल्ली**। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन सिर्फ यह कहकर रोकी नहीं जा सकती कि बीमारी "लाइफस्टाइल डिसऑर्डर" है या पीस एरिया (शांतिपूर्ण तैनाती) में हुई। हाईकोर्ट ने माना कि सेना में सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। हाईकोर्ट में जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। याचिकाकर्ता उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में। असली सवाल यह है कि क्या बीमारी का संबंध सेवा परिस्थितियों से है। इस केस में मेडिकल बोर्ड यह स्पष्ट नहीं कर सका कि अफसर की बीमारियां सेवा से जुड़ी नहीं थीं। कोर्ट ने विशेष रूप से कहा कि बिना ठोस वजह के बीमारी को "लाइफस्टाइल डिसऑर्डर" कहना कानूनन सही नहीं।

### वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर लोक सभा अध्यक्ष समेत केंद्रीय मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली**। महान क्रांतिकारी एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के नेताओं ने उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अद्वितीय योद्धा बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर को भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाला महान क्रांतिकारी बताते हुए नमन किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सावरकर आजादी के आंदोलन के उन नायकों में थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सांस्कृतिक स्वाधीनता के लिए भी संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि सावरकर ने अपने क्रांतिकारी विचारों से स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक आधार प्रदान किया और देश से लेकर इंग्लैंड तक अपने साहसिक अभियानों से युवाओं को प्रेरित किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें प्रखर राष्ट्रप्रेम और अतुलनीय प्रतिभा का अद्वितीय संगम बताते हुए स्मृतिदिन पर विनम्र अभिवादन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सावरकर के अदम्य साहस, अद्वितीय त्याग और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का गौरवपूर्ण अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि उनके ओजस्वी विचार आज भी करोड़ों देशवासियों को प्रेरित करते हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सावरकर को त्याग, तप और तर्क की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिकल्पना आज भी राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध और आत्मगौरव की प्रेरणा देती है।

## बीसीडी चुनाव की गिनती टाली गई, 26 फरवरी की जगह अब 7 मार्च से शुरू होगी

**नई दिल्ली**। बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) के लिए डाले गए वोटों की गणना अब 7 मार्च से होगी। पहले मतगणना शुक्रवार से शुरु होनी थी। निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत जस्टिस तलवंत सिंह ने आज इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 221 उम्मीदवारों की वजह से बैलट पेपर का साइज काफी बड़ा है। इस वजह से पहले से आवंटित स्थान पर मतगणना करवाने में काफी मुश्किल होगी। पहले उच्च न्यायालय के एक्सटेंशन ब्लॉक में मतगणना का स्थान तय किया गया था। नोटिफिकेशन के मुताबिक निर्वाचन अधिकारी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय से मतगणना के लिए बड़ी जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। उसके बाद चीफ जस्टिस ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एस ब्लॉक लाऊंज की जगह देने की अनुमति दे दी।




अब एस ब्लॉक के सातवीं मंजिल पर मतगणना होगी और छठी मंजिल पर उम्मीदवार या उनके मतगणना एजेंट स्क्रीन पर मतगणना की कार्यवाही देख सकेंगे। बीसीडी का तीन दिवसीय चुनाव 23 फरवरी को समाप्त हुआ था। इस चुनाव में करीब 57 हजार से ज्यादा वकीलों ने अपना मतदान किया। मतदान के दौरान निर्वाचन अधिकारी ने 79 उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया था। बाद में इन 79 उम्मीदवारों ने अपील दायर की, जिसे मंजूर करते हुए उनका निलंबन वापस लिया गया।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को कंटेंट और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी : वैष्णव

एजेंसी। नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को उनके द्वारा होस्ट किए जाने वाले कंटेंट की जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि बच्चों और सभी नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना अब प्लेटफॉर्म्स का दायित्व है। मंत्री वैष्णव ने गुरुवार को यहां डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) के कॉन्क्लेव में अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि प्लेटफॉर्म्स को "जागने" और समाज की बुनियादी जरूरतों का सम्मान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट की प्रकृति




अब पूरी तरह बदल चुकी है और अब प्लेटफॉर्म्स केवल माध्यम नहीं, बल्कि प्रभावशाली मीडिया संस्थान बन चुके हैं। उन्होंने कहा, "प्लेटफॉर्म्स को अपने यहां होस्ट किए जा रहे कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी ही होगी। बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और सभी नागरिकों की सुरक्षा प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी है।" मंत्री ने आगाह किया कि यदि इन सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया तो प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह ठहराया जाएगा। पहले के समय में प्लेटफॉर्म्स खुद को केवल इंटरमीडियरी बताते थे, लेकिन अब वे व्यापक प्रभाव वाले कंटेंट होस्ट बन चुके हैं। वैष्णव ने समाज में 'विश्वास' को सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि मानव सभ्यता की समूची संरचना विभिन्न संस्थाओं, जैसे- न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया और सामाजिक व्यवस्थाओं पर आधारित विश्वास पर टिकी है, लेकिन डीपफेक, दुष्प्रचार और कृत्रिम रूप से तैयार की गई भ्रामक सामग्रियों ने इस विश्वास को गंभीर चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि किसी प्रतिष्ठित समाचार एंकर या उद्योग जगत के नेता का बिना सहमति एआई-जनित वीडियो बनाकर किसी उत्पाद या निवेश योजना का प्रचार करना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया, "किसी भी व्यक्ति के चेहरे, आवाज या व्यक्तित्व का उपयोग कर कृत्रिम सामग्री बनाने से पहले उसकी सहमति अनिवार्य होनी चाहिए।

## लोकतंत्र में सवाल पूछना, अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकारः राहुल

**नई दिल्ली**। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शनों के बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब सरकार आलोचना सुनती है और जवाब देती है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां सवाल पूछना लोकतंत्र का हिस्सा है। लोकतंत्र में सवाल पूछना और अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आलोचना को सुने और उसका जवाब दे।उन्होंने कहा कि आज देश में शांतिपूर्ण विरोध को अपराध की तरह देखा जा रहा है। विभिन्न मुद्दों पर आवाज उठाने वाले युवाओं, महिला खिलाड़ियों, किसानों और अन्य लोगों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि असहमति को देशविरोध से जोड़कर देखा जा रहा है।राहुल ने कहा कि कई मौकों पर युवा, महिला खिलाड़ियों, किसानों, आदिवासियों एवं अन्य समूहों ने अपने अधिकारों और मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाई, लेकिन उनकी मांगों पर संवाद के बजाय कार्रवाई देखने को मिली।उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 16-21 फरवरी तक आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन के मामले में कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी

**नई दिल्ली**। उद्योगपति एवं रिलायंस समूह के चेयरमैन 66 वर्षीय अनिल अंबानी कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अनिल अंबानी सुबह करीब साढ़े 10 बजे मध्य दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एक जांच के सिलसिले में नई दिल्ली स्थित अपने हेडक्वार्टर में आज पेश होने के लिए बुलाया था। इससे पहले उनसे अगस्त, 2025 में पूछताछ की गई थी। जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि अनिल अंबानी का बयान धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए),



2002 के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जाएगा। यह जांच उनकी समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) में कथित रूप से 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है। अंबानी और उनके समूह की विभिन्न कंपनियों पर ऋण धोखाधड़ी के आरोप हैं। ईडी ने हाल ही में इन सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद किया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू पहली बार आज लड़ाकू हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' में भरेंगी उड़ान

एजेंसी। जैसलमेर

पाकिस्तान सीमा से सटे राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में 27 फरवरी को भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति-2026' आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वे 26 और 27 फरवरी को दो दिवसीय जैसलमेर दौरे पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार 27 फरवरी को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगी। यह पहला अवसर होगा जब वे जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर में सह-पायलट के रूप में उड़ान भरते हुए युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई निरीक्षण करेंगी। इसके बाद वे वायुसेना स्टेशन पर अधिकारियों और वायुसैनिकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करेंगी। शाम को राष्ट्रपति पोखरण रेंज में 'वायु शक्ति-2026' अभ्यास की औपचारिक शुरुआत करेंगी। इस दौरान भारतीय वायुसेना अपनी मारक क्षमता, सटीक निशानेबाजी और नेटवर्क-सेंट्रिक ऑपरेशंस



का प्रदर्शन करेगी। अभ्यास में स्वदेशी 'प्रचंड' के साथ-साथ अत्याधुनिक लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे। आसमान से बरसती आग और समन्वित हमलों के जरिए वायुसेना अपनी रणनीतिक तैयारियों का प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रपति की इस यात्रा को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर चांधन से लेकर पोखरण तक पूरे क्षेत्र को अस्थायी रूप से 'नो फ्लाई जोन' घोषित किया गया है और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

## रेल मंत्री वैष्णव ने रेल टेक पॉलिसी और एआई आधारित ई-आरसीटी की शुरुआत की

एजेंसी। नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में दो बड़े सुधारों की घोषणा की। इनमें रेल टेक पॉलिसी के तहत समर्पित रेल टेक पोर्टल का शुभारंभ और पूर्णतः एआई आधारित डिजिटल रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल (आरसीटी) प्रणाली की शुरुआत शामिल है। वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रेल टेक पॉलिसी का उद्देश्य स्टार्टअप्स, नवोन्मेषकों, उद्योगों और शोध संस्थानों को रेलवे से एक व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से जोड़ना है। उन्होंने कहा, "स्टार्टअप्स और शोधकर्ता रेलवे से सीधे जुड़ सकें, इसी लक्ष्य के साथ यह नीति शुरू की गई है। कोई बाधा नहीं होगी, पूरी प्रक्रिया एंड-टू-एंड डिजिटल होगी और आज से रेल टेक पोर्टल




शुरू किया जा रहा है। हमारा पूरा फोकस नई तकनीकों को आजमाने पर है। उन्होंने देशभर के स्टार्टअप्स और तकनीकी समाधान विकसित करने वाले नवप्रवर्तकों से अपील करते हुए कहा कि वे रेल टेक पोर्टल से जुड़ें। यह पोर्टल समस्याओं के डिजिटल समाधान स्वीकार करने का मंच होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि जब विज्ञान और नवाचार बड़े पैमाने से जुड़ते हैं और तकनीक परिवर्तन को गति देती है, तब बड़ी उपलब्धियों की नींव रखी जाती है। रेल टेक पॉलिसी के तहत प्रस्तावों की स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब नवोन्मेषक एक ही चरण में विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रोटोटाइप विकास और परीक्षण के लिए अधिकतम अनुदान राशि को दोगुना कर दिया गया है, जबकि स्केल-अप अनुदान को तीन गुना से अधिक बढ़ाया गया है। यह प्रक्रिया उपयोगकर्ता अनुकूल होगी, जिससे व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। वैष्णव ने बताया कि इस नीति को तैयार करते समय रक्षा, धातुकर्म, दूरसंचार और जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की स्टार्टअप नीतियों का अध्ययन किया गया। रक्षा क्षेत्र की आईडेक्स जैसी पहलों और अन्य क्षेत्रों की सफल नीतियों से सीख लेकर रेलवे ने एक सरल और बाधारहित नीति तैयार की है।

## चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, 20 से अधिक नेता हिरासत में

**नई दिल्ली**। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश कर रहे 20 से अधिक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।दिल्ली पुलिस ने जिन नेताओं को हिरासत में लिया उनमें प्रमुख रूप से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास और ओडिशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू समेत 20 से अधिक नेता शामिल हैं। सभी को बस में बैठाकर वहां से पुलिस स्टेशन की तरफ ले जाया गया।



RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### मतगणना से पहले तैयारियां पूरी, कर्मियों को दी गई अंतिम ब्रीफिंग

**पलामू** : मेदिनीनगर में नगरपालिका चुनाव 2026 की मतगणना को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। 27 फरवरी को होने वाली मतगणना से पूर्व गुरुवार को काउंटिंग हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की मौजूदगी में मतगणना कर्मियों को विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। इस दौरान स्ट्रांग रूम से पोल्ड बैलेट बॉक्स को काउंटिंग रूम तक लाने की प्रक्रिया, मतों की गिनती, गिनती के बाद की कार्रवाई तथा विभिन्न प्रपत्रों के सही संधारण से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से प्रपत्र 19 को सावधानीपूर्वक भरने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूर्व में दी गई प्रशिक्षण की बातों का अक्षरशः पालन किया जाए तथा किसी भी भ्रम की स्थिति में संबंधित निर्वाची पदाधिकारी से तत्काल संपर्क किया जाए।

इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित व्रज गृह एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण कर ब्रैकेडिंग, पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्ट्रांग रूम से काउंटिंग हॉल तक जाने वाले मार्ग, मीडिया सेंटर, मेडिकल सेंटर, भोजन व्यवस्था और मतगणना कक्ष की सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि केवल अधिकृत प्रवेश पत्र के आधार पर ही मतगणना केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। मजिस्ट्रेट द्वारा पहचान पत्र की जांच के बाद तीन स्तरीय सुरक्षा जांच पूरी होने पर ही किसी को प्रवेश मिलेगा।

मतगणना से जुड़े कर्मियों, सहायकों और पर्यवेक्षकों को 27 फरवरी की सुबह 6 बजे तक रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। पलामू जिले के पांच नगर निकाय क्षेत्रों की मतगणना के लिए कुल 79 टेबल बनाए गए हैं। ब्रीफिंग के दौरान निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, काउंटिंग सुपरवाइजर, दंडाधिकारी और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### कुड़मी अधिकार महारैली में रांची कूच का निर्णय



**डुमरी** : बरियारपुर में गुरुवार को कुर्मी विकास मोर्चा से जुड़े सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मण महतो ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव महतो ने किया। बैठक में 01 मार्च 2026 को प्रस्तावित कुड़मी अधिकार महारैली में बड़ी संख्या में रांची जाने का निर्णय लिया गया।

कुर्मी विकास मोर्चा के कार्यकारी केंद्रीय अध्यक्ष थानेश्वर महतो ने कहा कि कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने तथा कुडमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने की मांग को लेकर यह महारैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी कुरमी-कुड़मी समुदाय के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रांची पहुंचने का आह्वान किया।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समुदाय की इन मांगों की अनदेखी की गई तो झारखंड में आर्थिक नाकेबंदी जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। बैठक में केंद्रीय महासचिव रामचन्द्र महतो, बालगोविन्द महतो, मोहर महतो, बलदेव महतो, जयलाल महतो, सुनील महतो, मनोज महतो, रेशमी देवी, बसंती देवी, सोनी देवी, मनीषा देवी, जागेश्वर महतो और आकाश महतो सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वन विभाग ने – 2 तस्कर को किया गिरफ्तार, एक बोलेरो पिकअप जब्त





**साहिबगंज**। वन विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार रात्रि लगभग 2 बजे विशेष अभियान चलाकर अवैध तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन क्षेत्र में अवैध रूप से वन संपदा की तस्करी की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध बोलेरो पिकअप को रोका। जाँच पड़ताल कर अवैध लकड़ी बोटा के अवैध परिवहन के जुर्म में उक्त बोलेरो पिकउप को जब्त कर लिया गया एवं दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

इस अभियान में वनपाल श्री राणा रंजीत, उप वन परिसर पदाधिकारी श्री अंकित झा, श्री इंद्रजीत कुमार सहित अन्य वनकर्मी सक्रिय रूप से शामिल थे। पूरी कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई, जिससे तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया गया।

वन विभाग द्वारा जब्त वाहन को अभिरक्षा में लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत मे भेज दीया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की अवैध तस्करी के विरुद्ध आगे भी निरंतर अभियान चलाया जाता रहेगा।

# बालू लदा ट्रैक्टर व स्टोन चिप्स से भरा ट्रक जब्त, प्राथमिकी दर्ज

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**मो० काजीरुल शेख : पाकुड़ः** जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के गैरकानूनी परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग कार्रवाई में बालू लदा एक ओवरलोड ट्रैक्टर और स्टोन चिप्स से भरा एक हाईवे ट्रक जब्त किया है। दोनों मामलों में संबंधित वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पहली कार्रवाई मालपहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूछाथोल के समीप हुई, जहां पुलिस गश्ती दल ने अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे एक ओवरलोड ट्रैक्टर (पंजीयन संख्या JH17G0575) को पकड़ा। बताया जाता है कि ट्रैक्टर बिना वैध कागजात के बालू ढुलाई कर रहा था। थाना प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता के निर्देश पर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अग्रिम प्रक्रिया के लिए प्रतिवेदन खनन पदाधिकारी, पाकुड़ को भेजा गया। इसके आधार पर खान निरीक्षक द्वारा ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

वहीं दूसरी कार्रवाई जिला खनन टास्क फोर्स टीम द्वारा की गई। टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बिना वैध माइनिंग चालान के स्टोन चिप्स का परिवहन कर रहे एक हाईवे ट्रक (पंजीयन संख्या WB57C 8687) को जब्त कर लिया। जांच के दौरान चालक खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद वाहन को तत्काल कब्जे में ले लिया गया। खनन निरीक्षक के लिखित आवेदन के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के गैरकानूनी परिवहन के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खैरबनी मोड़ पर तीन हाइवा की आमने-सामने टक्कर, कोयला लदे वाहन के उपचालक गंभीर रूप से घायल

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमकाः** झारखंड के झारखंड के दुमका जिले के काठीकुंड प्रखंड अंतर्गत खैरबनी मोड़ के समीप बुधवार सुबह करीब छह बजे तीन हाइवा के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में दो हाइवा कोयला लदे हुए थे, जबकि तीसरा डाला बॉडी वाहन बालू से भरा हुआ था।हादसे में एक कोयला लदे हाइवा के उपचालक को कमर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति स्थिर बताई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल करने में जुट गई।सुबह के व्यस्त समय में हुई इस दुर्घटना के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि यह क्षेत्र कोयला परिवहन के कारण अक्सर हादसों का गवाह बनता रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से खैरबनी मोड़ पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने और नियमित निगरानी की मांग की है।

## मतगणना कार्य 27फरवरी को होने को लेकर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में, सभी तैयारियां पूर्ण

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहेबगंज** : समाहरणालय सभागार में निर्वाची पदाधिकारी गोतम भगत ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के तहत दिनांक 27 फरवरी, 2026 को प्रातः 08:00 बजे से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहेबगंज में मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतगणना से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां एवं प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि मतगणना कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि साहेबगंज नगर परिषद् के लिए कुल 20 टेबल, राजमहल नगर पंचायत के लिए 10 टेबल तथा बरहरवा नगर पंचायत के लिए 10 टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना कार्य के लिए कुल 120 मतगणना सहायक, 52 मतगणना पर्यवेक्षक तथा 112 अन्य सहायक कर्मी, जिनमें सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आईटी सेल के कर्मी शामिल हैं, प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

पदाधिकारी ने बताया कि साहेबगंज नगर परिषद् के लिए मतगणना 04 राउंड में, जबकि राजमहल एवं बरहरवा नगर पंचायत के लिए 02–02 राउंड में मतगणना संपन्न कराई जाएगी। मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगभग 55 दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## मतगणना से पहले डीआईजी सख्त, मनिका थाना और जीएलए कॉलेज केंद्र का निरीक्षण

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**पलामू** : पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक किशोर कौशल ने लातेहार जिले के मनिका थाना तथा पलामू जिले में स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए। मनिका थाना पहुंचकर उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों, मालखाना, हाजत, आगंतुक पंजी और लंबित कांडों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, पुलिस निरीक्षक दुलार चौड़े सहित उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमित गश्ती, संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी, सूचना तंत्र को मजबूत करने, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा वारंट और कुर्की की समय पर तामिला सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, पीड़ितों के साथ मानवीय व्यवहार, अफवाहों के सत्यापन और अराजक तत्वों पर कार्रवाई के लिए भी कहा गया। साइबर अपराधों पर रोक के लिए जनजागरूकता और तकनीकी साक्ष्य संग्रह को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

इसके बाद किशोर कौशल ने 27 फरवरी को प्रस्तावित नगर निकाय मतगणना को लेकर जीएलए कॉलेज स्थित बहुउद्देश्यीय परीक्षा भवन में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद, हुसैनाबाद, हरिहरगंज और छतरपुर नगर पंचायतों की मतगणना व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, मतगणना टेबल, पुलिस बल की तैनाती और समग्र सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अभ्यर्थियों, उनके प्रतिनिधियों और आम लोगों से मतगणना के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की।

# गोला थाना के समीप हुए मॉब लांचिंग पीड़ित से मिले हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी

**ऋतिक दांगी पर हुए मोबलिंचिंग के सभी आरोपियों को जेल भेजे प्रशासनः सत्यजीत चौधरी**

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**गोला**। मंगलवार को गोला थाना के समीप दूसरे समुदाय की भीड़ के जानलेवा हमले में घायल हुए ऋतिक कुमार दांगी से गुरुवार को हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने थाना पहुंचकर घटना का विरोध किया। थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में केस के जांच अधिकारी से फोन पर वार्ता के बाद हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अभी पीड़ित से उसके आवास पर मिलकर आया हूं और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है,लेकिन भीड़ ने जिस प्रकार उसके पेट और कंधे में मारा है उससे उसकी जान भी जा सकती थी। सत्यजीत चौधरी ने प्रशासन से अपील की है कि इस एक वर्ग विशेष की भीड़ द्वारा एक निरीह युवक के साथ रामगढ़ थाने के बाहर मोबलिंचिंग कर हत्या के प्रयास काफी निंदनीय है और ये प्रशासन की विफलता को दर्शाती है। इस क्रूर अपराध में शामिल सभी दोषियों को जेल भेजने एवं सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर पीड़ित को न्याय दिलवाने का कार्य करें प्रशासन जिससे समाज में पुलिस और कानून पर लोगों का विश्वास कायम हो सके। लेकिन जिस प्रकार एक वर्ग विशेष के दबाव में आकर भोला दांगी को त्वरित कार्यवाही कर जेल भेजा गया।वही 72 घंटे बीत जाने के बाद अभी तक सिर्फ चार आरोपी की गिरफ्तारी होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। उन्होंने मामले के अनुसंधानकर्ता से मॉब लांचिंग की धारा 117(4) नहीं लगाए जाने के संबंध में पूछा तो उन्होंने साफ कहा कि ये धारा लगना चाहिए था ।लेकिन थाना प्रभारी ने उक्त धारा नहीं लगाया है। वहीं अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि ऋतिक पर हुए हमले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले जिससे समाज में शांति का वातावरण तैयार हो ।

## नए बिजली पोल से रांगामाटी के यादव टोला में राहत



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**डुमरी** : रांगामाटी पंचायत अंतर्गत यादव टोला में लंबे समय से 11 हजार वोल्ट तार के लिए नए बिजली पोल की मांग की जा रही थी, जिसे आखिरकार पूरा कर दिया गया। झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो, रांगामाटी मुखिया जागेश्वर यादव और यूनियन प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र यादव के प्रयास से बिजली विभाग द्वारा नया पोल स्थापित किया गया।

नया बिजली पोल लगने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने जर्जर पोल और लटकते तारों के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी, जिससे अब काफी राहत मिलेगी।

ग्रामीणों ने यूनियन के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे न केवल सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में भी सुधार होगा और भविष्य में किसी भी अनहोनी की संभावना कम होगी। मौके पर संतोष यादव, सुरेश सिंह, विजय यादव, देबु साव, बबलु यादव और नितीश यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीबीएसई की डिजिटल क्रांति के लिए डीपीएस बोकारो तैयार, ऑन-स्क्रीन मॉक इवैल्यूएशन में शामिल हुए शिक्षक

» पारदर्शी, त्रुटिरहित और सटीक मूल्यांकन में नई प्रणाली कारगर : डॉ. गंगवार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के निर्देशानुसार डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली सुचारू बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को आयोजित ऑन-स्क्रीन मार्किंग की राष्ट्रव्यापी सघन मॉक इवैल्यूएशन में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के शिक्षक भी शामिल हुए। कक्षा 11 और 12 के शिक्षकों ने अपराह्न 12.30 बजे से 01.00 बजे तक चले इस विशेष अभ्यास सत्र में अपने स्कूल से ही लॉग-इन कर स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं का ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन किया और अंक भी दिए। विद्यालय के कंप्यूटर लैब में दर्जनों शिक्षक इस व्यापक अभ्यास का हिस्सा बने। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने पूरे अभ्यास सत्र का नेतृत्व किया तथा इस प्रणाली की बारीकियों से अवगत भी कराया।

उन्होंने बताया कि सीबीएसई ने 2026 की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली शुरू की है, जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके कंप्यूटर स्क्रीन पर डिजिटल रूप से जांचा जाएगा। यह नई तकनीक पारदर्शी, त्रुटिरहित और समयबद्ध सटीक मूल्यांकन में काफी कारगर है। इससे अंकों की गिनती में होने वाली गलतियां कम हो जाएंगी। साथ ही, समय पर परिणाम भी घोषित किए जा सकेंगे। वास्तविक मूल्यांकन शुरू होने से पूर्व यह मॉक इवैल्यूएशन शिक्षकों के लिए काफी सहायक साबित होगा। सीबीएसई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को पूरी तरह सुचारू बनाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रहा है और यह मॉक अभ्यास इसी प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। डीपीएस बोकारो सीबीएसई की इस डिजिटल क्रांति के लिए तैयार है।

## हर्बल गुलाल से सजेगी होली, सखी मंडल की महिलाओं ने शुरू किया 10 क्विंटल उत्पादन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**पलामू** : मेदिनीनगर में इस वर्ष होली प्राकृतिक रंगों के साथ मनाने की पहल तेज हो गई है। कैमिकल युक्त रंगों से दूरी बनाते हुए ग्रामीण विकास विभाग के 'पलाश' ब्रांड के तहत सखी मंडल की महिलाओं ने हर्बल गुलाल का उत्पादन शुरू किया है। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने सखी मंडल द्वारा तैयार हर्बल गुलाल का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार के नुकसान की आशंका कम रहती है।

लेस्लीगंज, नवडीहा बाजार और छतरपुर प्रखंड की महिलाओं द्वारा इस वर्ष लगभग 10 क्विंटल हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है, जिसकी बिक्री जिले के विभिन्न प्रखंडों में की जा रही है। गुलाल निर्माण में चुकंदर, आरारोट, पालक साग, हल्दी, गेंदा फूल, उड़हुल फूल और पलाश के फूल जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है। लेस्लीगंज आजीविका उत्पादक समूह की पूजा देवी, नुरेशा खातून, रेनू देवी, राणा सिद्दिकी, नागवंती देवी और नुशरत बीबी सहित कई महिलाएं इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

जावेद हुसैन ने महिलाओं को हर्बल अगरबत्ती और मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती निर्माण के लिए भी प्रेरित किया। बाजार में जहां रंग और अबीर की बिक्री बढ़ रही है, वहीं प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। सखी मंडल की महिलाओं ने रंगों के इस पर्व को आजीविका के अवसर से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। यह प्राकृतिक गुलाल 'पलाश मार्ट' में उपलब्ध है। कार्यक्रम में अनीता करकेट्टा, नवल किशोर राजू, अख्तर अंसारी, प्रवीण सिंह और सुनील कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026



# बोकारो विधायक के खिलाफ लामबंद हुई पुलिस, मर्यादा लांघने का आरोप

## निगम चुनाव में हंगामा व मारपीट को ले छिड़ा संग्राम, माफी न मांगने पर आंदोलन की चेतावनी

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ और कानून के रक्षकों के बीच एक ऐसी रार छिड़ गई है जिसने पूरे जिले के सियासी और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। वजह है बीते 23 फरवरी को चास के वार्ड 32 में हुए बवाल और एसडीपीओ के घायल होने की घटना। इस मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व पार्षद के साथ पुलिस की कथित बर्बरता का मामला जहां बुधवार को विधानसभा में विधायक श्वेता सिंह ने उठाया, वहीं दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस ने विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

बोकारो पुलिस परिवार के तीनों प्रमुख संगठनों- पुलिस एसोसिएशन, पुलिस मेन्स एसोसिएशन और चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ- ने एक ऐतिहासिक एकजुटता दिखाते हुए स्थानीय विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सेक्टर-4 स्थित पुलिस क्लब में आयोजित एक संयुक्त प्रेसवार्ता में पुलिसकर्मियों ने विधायक पर न केवल वर्दी की गरिमा को तार-तार करने, बल्कि मर्यादा की सारी सीमाएं लांघते हुए पुलिसिया मर्दानगी पर भी आपत्तिजनक प्रहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस संगठनों ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि नगरपालिका चुनाव 2026 के दौरान चास नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर-32 में जब पुलिस शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करा रही थी, तब प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास किया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रवीण कुमार सिंह के साथ न केवल अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई, बल्कि उनके साथ मारपीट भी हुई। इस हमले में अधिकारी की नाक की हड्डी टूट गई और वे लहूलुहान हो गए। पुलिस का कहना है कि जहां एक तरफ उनका अधिकारी अस्पताल में जिंदगी और दर्द से जूझ रहा था, वहीं विधायक को आरोपी की फटी शर्ट में नाटक नजर आ रहा था।

पुलिस संगठनों ने विधायक के उन बयानों को हृदय विदारक बताया है, जिनमें उन्होंने कथित तौर पर पुलिस की मर्दानगी को चुनौती दी और वर्दी को न्यायालय तक घसीटने की बात कही। प्रेस विज्ञप्ति में तीखे शब्दों में कहा गया है कि विधायक ने एक अपराधी को दामाद, मामा और फूफा जैसे रिश्तों से जोड़कर पुलिस की कार्रवाई पर व्यक्तिगत प्रहार किया है, जबकि उसी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अपराधी को सलाखों के पीछे भेजा था। पुलिसकर्मियों का कहना है कि वे 24 घंटे बिना खाए-पिए, कड़ाके की ठंड और लू के थपेड़ों के बीच विधायक और उनके परिवार की सुरक्षा में तैनात रहते हैं, लेकिन बदले में उन्हें सिर्फ अपमान और तिरस्कार मिल रहा है।

बोकारो एसपी हरविंदर सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए पुलिस संगठनों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने सीधे शब्दों में मांग की है कि विधायक श्वेता सिंह अपने द्वारा कहे गए अभद्र शब्दों को वापस लें और अपनी गलती स्वीकार करें। पुलिस परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी गरिमा को बहाल नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन और अग्रतर कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। बहरहाल, इस विवाद ने अब एक बड़ा रूप ले लिया है, जहां एक तरफ जनप्रतिनिधि के अधिकार हैं तो दूसरी तरफ अपनी अस्मिता के लिए खड़ी खाकी। प्रेसवार्ता में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र महतो, मेन्स एसोसिएशन, बोकारो के मंत्री सुभाष शुक्ला, अध्यक्ष संजीत कुमार महतो, पुलिस एसोसिएशन, बोकारो के मंत्री अनिल सिंह एवं अध्यक्ष सुनील उरांव सहित नौशाद अली, मनोज कृष्ण दास आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएल में गोलमाल 3.0 का धमाल, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का शुभारंभ



**बोकारो :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में बोकारो इस्पात संयंत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत एक बेहद रोमांचक और मनोरंजक अंदाज में हुई। संयंत्र परिसर में गोलमाल 3.0 नामक ब्रेन-गेम का आयोजन किया गया, जिसने महिला कर्मचारियों के बीच जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। इस अनूठी प्रतियोगिता में बीएसएल के विभिन्न विभागों की 28 टीमों से 80 से अधिक महिला कर्मियों ने हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता और टीम वर्क का परिचय दिया।

**संगीत, दिमाग और तालमेल का अनूठा संगम**-तीन चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता का स्वरूप टीम वर्क, आपसी विश्वास और बेहतर तालमेल को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया था। गोलमाल 3.0 के दौरान संगीत, मानसिक कौशल और बुद्धिमत्ता पर आधारित कई रोचक खेल खिलाए गए। प्रत्येक टीम में तीन सदस्य शामिल थे, जिन्होंने सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए न केवल अपनी त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि एक-दूसरे के कौशल का सम्मान करते हुए आपसी सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ किया।

**इन महिला अधिकारियों ने संभाली कमान**-इस सफल और जीवंत कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा सहायक महाप्रबंधक (सीईडी) सुश्री ज्योति, वरीय प्रबंधक (सीआरएम-3) सुश्री निहारिका अनुपम और वरीय प्रबंधक (आईईडी) सुश्री प्रीति प्रिया द्वारा तैयार की गई थी। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से भरा रहा। प्रतिभागियों ने इस आकर्षक प्रारूप का भरपूर आनंद लिया और इसे कार्य-जीवन संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

### बीबीएमकेयू में शोधार्थियों का फूटा गुस्सा, जेआरएफ पास छात्र दर-दर भटकने को मजबूर

#### कुलसचिव को सौंपा मांग पत्र

**बोकारो :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में उच्च शिक्षा और शोध की बदहाल स्थिति को लेकर एक बार फिर छात्रों का आक्रोश सामने आया है। विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने कुलसचिव (रजिस्ट्रार) से मुलाकात कर एक विस्तृत निवेदन पत्र सौंपा, जिसमें सात प्रमुख मांगों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को घेरा गया। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन के सुस्त रवैए के कारण यूजीसी नेट जेआरएफ जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा पास करने वाले होनहार छात्र आज दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

शोधार्थियों ने अपनी मांगों में स्पष्ट किया है कि यूजीसी नेट जेआरएफ अभ्यर्थियों का पीएचडी नामांकन अविलंब शुरू किया जाए और वर्तमान में पीईटी पास विद्यार्थियों के साथ-साथ 50 प्रतिशत जेआरएफ छात्रों को भी नामांकन का मौका मिले। पिछले चार वर्षों से रुका हुआ पीएचडी कोर्स वर्क तत्काल शुरू करने की मांग के साथ-साथ छात्रों ने यह भी प्रस्ताव रखा कि पीएचडी एडमिशन के लिए वर्ष में दो बार नामांकन लेने का एक निश्चित कैलेंडर जारी किया जाए। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक विषय में पीएचडी सीटों की संख्या बढ़ाने, सभी शोधार्थियों के लिए कैटेगरी वाइज सीट जारी करने और पीईटी के माध्यम से पीएचडी करने वाले छात्रों को न्यूनतम प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है।

महारैली और विरोध प्रदर्शन के बीच शोधार्थियों ने एक बेहद गंभीर मुद्दा उठाते हुए कहा कि लेटलतीफी का खामियाजा छात्रों के भविष्य को भुगतना पड़ रहा है। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण यूजीसी नेट जेआरएफ पास छात्रा सोनी कुमारी हैं, जिनका जेआरएफ प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय की उदासीनता के कारण अपनी मान्यता खोने की कगार पर है। छात्रों का कहना है कि यदि समय रहते नामांकन नहीं हुआ, तो इसके जिम्मेदार केवल विश्वविद्यालय प्रबंधन और वीसी होंगे। शोधार्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्यवाही नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, क्योंकि उच्चतम शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की इस प्रकार की दुर्गति झारखंड के शैक्षणिक भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा है।

# छूट प्रावधानों पर जागरूकता के लिए आयकर विभाग का विशेष कार्यक्रम

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** 26 फरवरी 2026 को आयकर विभाग की हजारीबाग (छूट) इकाई द्वारा बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-5 स्थित आशा लता दिव्यांग विकास केंद्र के सभागार में ट्रस्ट, सामाजिक संस्थाओं, चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं अधिवक्ताओं के लिए एक आउटरिच सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयकर आयुक्त (छूट), पटना शिव स्वरूप सिंह के निर्देशन एवं अपर आयकर आयुक्त (छूट), रेंज-2, रांची राखी निशा उराँव के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संस्थाओं एवं पेशेवरों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयकर अधिनियम के तहत उपलब्ध छूट प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं और प्रस्तावित नए आयकर अधिनियम के प्रमुख बिंदुओं पर जागरूकता बढ़ाना था। प्रतिभागियों को धारा 11, 12 एवं 12AB के अंतर्गत मिलने वाली छूट, 85 प्रतिशत आय उपयोग के नियम, कॉर्पस डोनेशन के सही उपचार, ऑडिट एवं ITR-7 दाखिल करने की अनिवार्यता तथा धारा 13 के उल्लंघन के परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ट्रस्ट एवं एनजीओ द्वारा की जाने वाली सामान्य त्रुटियों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर शिव स्वरूप सिंह ने कहा कि आयकर विभाग का उद्देश्य केवल कर संग्रह करना नहीं, बल्कि करदाताओं को सही मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करना भी है। उन्होंने ट्रस्ट एवं सामाजिक संस्थाओं से पारदर्शिता बनाए रखने, समय पर रिटर्न दाखिल करने तथा उचित लेखांकन और दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि उन्हें आयकर छूट का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।

कार्यक्रम में मनी लॉन्ड्रिंग एवं टेरर फंडिंग से जुड़े जोखिमों और उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। मुख्य वक्ता आयकर अधिकारी (छूट), हजारीबाग कमलेश शर्मा ने समाज और राष्ट्र निर्माण में कर प्रणाली की भूमिका तथा छूट प्रावधानों से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक अमित कुमार ने किया, जबकि आयकर अधिकारी बोकारो जे. पी. चौधरी भी उपस्थित रहे।

# सिटी पार्क में विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस 1 मार्च को

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** गुरुवार को संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला द्वारा स्थानीय सिटी में आयोजित प्रेस वार्ता में समाज के जिला अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र एवं महासचिव श्रवण कुमार झा ने जानकारी दी कि 1 मार्च 2026, रविवार को अपराह्न 4.00 बजे से बोकारो के सिटी पार्क में पश्चिमी गेट की तरफ (पूर्व में आयोजित होने वाले वसंत मेला स्थल पर) आयोजित होने वाले विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस को लेकर विप्रगणों में भारी उत्साह है तथा इसे भव्य एवं यादगार बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरे जोरशोर से पूरी की जा रही हैं। बोकारो में विप्र होली मिलन समारोह दो दशकों से भी अधिक समय से लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पूरे प्रदेश से अनेकों विप्र श्रेष्ठ उपस्थित होते हैं। अध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि संपूर्ण विप्र समाज सदैव विप्रों के सुख-दुख में खड़ा है। उन्होंने होली मिलन सह स्थापना दिवस समारोह में बोकारो जिला के सभी विप्रों से सपरिवार आने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि इस समारोह का शुभारंभ आराध्य देव भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और एवं वेद मंत्रों से की जाएगी तथा पूरे विश्व के कल्याण एवं शांति हेतु प्रार्थना की जाएगी। मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, होली गायन तथा समाज की भावी योजनाओं पर चिंतन के साथ ही सभी होली उत्सव का आनंद लेंगे। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र, महासचिव श्रवण कुमार झा सहित दिवाकर दुबे , अशोक कुमार मिश्र, संजय मिश्र, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, विमलेश पांडेय, मनोज कुमार पाण्डेय, अरुण पाठक, सुनील कुमार झा, अशोक कुमार पाण्डेय, विनय मिश्र, शिव बबन ओझा, राजेश्वर द्विवेदी, देव मनी तिवारी, अंगद ओझा, राहुल कुमार पाण्डेय, संजय ओझा, कुंज बिहारी पाठक अजय कुमार चौबे, पप्पू चौबे, रितेश तिवारी, अभय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# प्रभु की कृपा से ही जीवन में आते हैं अच्छे-बुरे दिन : पं. गोविंद शास्त्री

» श्यामा माई मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन छाया कृष्ण जन्मोत्सव का उल्लास, झूम उठे भक्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारो :** नगर के सेक्टर-2डी स्थित श्यामा माई मंदिर में चल रहे होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद छाया रहा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। वे जमकर झूमे। वृंदावन से पधारे कथावाचक गोविंद कृष्ण शास्त्रीजी महाराज ने भक्ति के साधन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गये। पहरेदार सो गये, वासुदेव व देवकी बंधन-मुक्त हो गए, प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है, कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी जमुना पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आये। कृष्ण जन्मोत्सव पर- नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, गीत पर भक्त जमकर झूमे। कंस ने वासुदेव के हाथ से कन्या रूपी शक्तिरूपा को छीनकर जमीन पर पटकना चाहा तो वह कन्या राजा कंस के हाथ से छूटकर आसमान में चली गई। शक्ति रूप में प्रकट होकर आकाशवाणी करने लगी कि कंस, तेरा वध करने वाला पैदा हो चुका है। भयभीत कंस खींझता हुआ अपने महल की ओर लौट गया और इस तरह भगवान द्वापर में धरती पर प्रकट हुए और धरती पर दुष्टों का संहार किया और भक्तों का उद्धार।

कथा के बीच-बीच में पं. गोविंदजी ने मनमोहक भजन गाकर भक्तों को खूब झुमाया और माहौल भक्तिरस में सराबोर रहा। खास तौर से श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सभी श्रद्धालु भक्ति के सागर में हर्ष और उल्लास के साथ गोते लगाते रहे। मंदिर के अमरेंद्र मिश्र सभागार में आयोजित इस अनुष्ठान में मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र झा, महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर सहित यज्ञाचार्य पं. राहुल शर्मा, मुख्य यजमान सुशीला मिश्र, कौशलेंद्र मिश्र, सतीश चंद्र मिश्र, कैलाश कुमार मिश्र, अरुण कुमार ठाकुर, प्रमिला देवी, किरण मिश्र, पं गोविंद झा, पं. गौरी शंकर झा, सुशील कुमार झा के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# होली, रमजान और मतगणना को लेकर बोकारो प्रशासन हाई अलर्ट

» डीसी-एसपी ने दी चेतावनी- अफवाह फैलाने वाले सीधे जाएंगे जेल

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** आगामी होली पर्व, रमजान और नगर पालिका आम निर्वाचन की मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले की फिजा बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार सहित जिले के सभी आला अधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

**रविवार तक थाना स्तर पर होंगी शांति समिति की बैठकें**-उपायुक्त ने सभी बीडीओ, सीईओ और थाना प्रभारियों को कड़ा निर्देश दिया है कि आगामी रविवार तक हर हाल में अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें संपन्न कर लें। उन्होंने अपील की कि इन बैठकों के माध्यम से समाज में भाईचारे का संदेश दें और सुनिश्चित करें कि समिति के सदस्य एक-दूसरे को होली और रमजान की शुभकामनाएं देकर आपसी सौहार्द को बढ़ावा दें। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है, जहां सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं, एंबुलेंस और चिकित्सकों की 'ऑन-ड्यूटी' उपलब्धता अनिवार्य कर दी गई है।

**सोशल मीडिया पर नजर, भ्रामक पोस्ट पर होगी कार्रवाई**-डीसी ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को 24 घंटे सक्रिय रहने का आदेश दिया है। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भ्रामक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों को तुरंत चिन्हित कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर की गई किसी भी गलती को हल्के में नहीं लिया जाएगा और दोषियों की पहचान कर उन पर कड़ी नकेल कसी जाएगी।

**मतगणना और विजय जुलूस पर एसपी के सख्त निर्देश**-पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने नगरपालिका आम निर्वाचन की मतगणना के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने और जीत के बाद निकलने वाले विजय जुलूसों के लिए सख्त एसओपी तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व अनुमति के कोई भी जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा। एसपी ने मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाने और विशेष शाखा (स्पेशल ब्रांच) से प्राप्त इनपुट के आधार पर संवेदनशील क्षेत्रों में छापेमारी और रात्रि गश्ती बढ़ाने का आदेश दिया है।

**भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील**-अंत में जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे होली और रमजान का पवित्र त्योहार शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या प्रशासन को दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# एआईएमए यंग मैनेजर्स सिमुलेशन में सेल-बोकारो बना नेशनल चैंपियन, दिग्गजों को पछाड़ा

» कड़े मुकाबले में एनटीपीसी और आईओसीएल को दी मात

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो इस्पात संयंत्र ने कॉरपोरेट जगत की बेहद प्रतिष्ठित यंग मैनेजर्स सिमुलेशन (वाईएमएस) नेशनल चैंपियनशिप 2026 में राष्ट्रीय खिताब जीतकर अपनी प्रबंधकीय निपुणता का लोहा मनवाया है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ द्वारा आयोजित इस नेशनल चैंपियनशिप में बीएसएल की दो सदस्यीय टीम ने देश के दिग्गज औद्योगिक घरानों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के ऑनलाइन प्रारंभिक दौर में देशभर से 50 से अधिक दिग्गज टीमों ने हिस्सा लिया था। कड़े संघर्ष के बाद 25 फरवरी 2026 को आयोजित नेशनल फाइनल्स में कुल 13 टीमें पहुंची, जिनमें सेल की ही चार टीमें शामिल थीं। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में बीएसएल की टीम ने अपनी उत्कृष्ट रणनीतिक सूझबूझ और टीम वर्क का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि के दौरान बोकारो की टीम ने एनटीपीसी लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लार्सन एंड टुब्रो और एनएलसी इंडिया लिमिटेड जैसे महारत्न एवं निजी क्षेत्र के बड़े संस्थानों को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया। प्रतियोगिता में एनटीपीसी लिमिटेड दूसरे और एनएलसी इंडिया लिमिटेड तीसरे स्थान पर रही।

**इन युवा अधिकारियों ने रचा इतिहास**-विजेता टीम में वरीय प्रबंधक (एचएसएम) राहुल रंजन पांडा और वरीय प्रबंधक (सीएमएम-सीटीएस) ओवैस अहमद शामिल थे। इस टीम को उप महाप्रबंधक राहुल सिंह द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया था। यह चैंपियनशिप एक गहन बिजनेस सिमुलेशन प्रारूप पर आधारित होती है, जो प्रतिभागियों की रणनीतिक सोच, वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता और कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व कौशल का कड़ा मूल्यांकन करती है। बीएसएल के इन युवा अधिकारियों की जीत ने साबित कर दिया है कि संस्थान के पास भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं की एक बेहद सक्षम और व्यावसायिक रूप से निपुण फौज तैयार है।

# तुपकाडीह में धर्मशाला निर्माण का श्रीगणेश, जलयात्रा के साथ हुआ भूमि पूजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** तुपकाडीह के निर्मलडीह गांव में बरन समाज की बहुप्रतीक्षित धर्मशाला के निर्माण की प्रक्रिया गुरुवार को भक्तिमय वातावरण में शुरू हो गई। समाज के लोगों ने एकजुट होकर प्रस्तावित निर्माण स्थल पर विधि-विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य जलयात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जो तेनु बोकारो नहर से पवित्र जल लेकर गाजे-बाजे और जयकारों के साथ यज्ञ मंडप तक पहुंचीं। भूमि पूजन का मुख्य अनुष्ठान पुरोहित कुलदीप पांडेय के सानिध्य में संपन्न हुआ। मुख्य यजमान भोला वर्णवाल ने अपनी धर्मपत्नी के साथ बैठकर शास्त्रोक्त विधि से विश्वकर्मा पूजन, वास्तु पूजन और अष्टकुली नाग देवता का पूजन किया। मंत्रोच्चारण के बीच हवन और आरती के साथ निर्माण कार्य की निर्विघ्न पूर्णता की कामना की गई। अनुष्ठान के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय जयघोष से गुंजायमान रहा।

इस अवसर पर समाज के दीपू वर्णवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि निर्मलडीह में अपनी धर्मशाला का होना बिरादरी के लोगों की वर्षों पुरानी इच्छा थी। उन्होंने बताया कि इस धर्मशाला के बन जाने से समाज के लोगों को मांगलिक कार्यों और अन्य आयोजनों के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिल सकेगा। भूमि पूजन के साथ ही इस सपने के साकार होने की दिशा में पहला कदम बढ़ गया है, जिससे पूरे वर्णवाल समाज में उत्साह का माहौल है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**धनबाद:** गुरुवार को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि यह मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है।

मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार (भजोहरि), राकेश कुमार, रजाक अंसारी, सजल मंडल व अन्य कर्मी मौजूद थे।

### उपायुक्त के निर्देशानुसार बेलगड़िया में लाभुकों के बीच 9 ई-रिक्शा का वितरण



**धनबाद:** बेलगड़िया में स्वारोजगार को बढ़ावा देने हेतु उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और जेआरडीए लगातार प्रयासरत है। सहकारिता विभाग द्वारा ई-रिक्शा सहयोग समिति लिमिटेड का निर्माण करा कर बेलगड़िया के लाभुकों को लगातार लाभ प्रदान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार आज बेलगड़िया स्थित जेआरडीए के प्रशासनिक कार्यालय में ई-रिक्शा सहयोग समिति लिमिटेड (पलानी, बलियापुर प्रखण्ड) के माध्यम से समिति सदस्यों के स्वारोजगार को बढ़ावा देने हेतु जेआरडीए (बीसीसीएल सीएसआर) के सौजन्य से 9 लाभुकों के बीच नई ई-रिक्शा की चाबी प्रदान की।

### पलाश हर्बल गुलाल निर्माण हेतु प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रशिक्षण के दौरान 300 KG हर्बल ग़ुलाल का किया गया निर्माण**



**धनबाद:** ओएसएफ रतनपुर आजीविका महिला संकुल संगठन, गोविंदपुर, धनबाद के तत्वाधान में गोविंदपुर में तीन दिवसीय पलाश हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में समूह की 10 दीदियों को प्राकृतिक एवं सुरक्षित गुलाल तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान 300 KG हर्बल गुलाल का निर्माण किया गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दीदियों को मौसमी बाजार से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। तैयार किया जा रहा गुलाल पूर्णतः प्राकृतिक सामग्री जैसे अरारोट पाउडर, पलाश फूल, चुकंदर (बीट), गेंदा फूल, पालक, एवं हल्दी से निर्मित है, जो शुद्धता एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। यह उत्पाद 100% हर्बल एवं त्वचा के लिए सुरक्षित है।

पलाश (JSLPS) द्वारा उत्पादों की बाजार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे दीदियों को बेहतर विपणन अवसर प्राप्त हो सके और उनके आजीविका संवर्धन को मजबूती मिले। ओएसएफ अध्यक्ष रीना गोराई के द्वारा इस प्रशिक्षण की निगरानी एंव गुणवत्तापूर्ण पलाश ग़ुलाल निर्माण किया गया। ग़ुलाल निर्माण की प्रशिक्षण डॉली सिंह के द्वारा दिया जा रहा है.इनके हौसलों को मजबूती देने में प्रखंड के बीपीएम डॉ.रमेश कुमार मण्डल एंव आजीविका के बीपीओ नवीन कुमार का भी विशेष योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन और दीदियों की मेहनत के बल पर यह पहल साकार हो पाया है।

### चास में मतगणना को ले आज बदली रहेगी यातायात-व्यवस्था

**भारी और छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय**

**बोकारो :** नगर पालिका आम निर्वाचन-2026 के मतों की गणना शुक्रवार, 27 फरवरी को चास स्थित कृषि बाजार समिति परिसर में होनी है। मतगणना के दौरान उमड़ने वाली संभावित भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में विशेष यातायात प्रबंधन लागू किया है। एसडीओ चास प्रांजल ढांडा और ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर ने गुरुवार को संयुक्त रूप से नए रूट चार्ट की घोषणा की, जो शुक्रवार सुबह 06:00 बजे से मतगणना की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। शहर में जाम की स्थिति न बने, इसके लिए भारी वाहनों को मुख्य मार्गों से डायवर्ट किया गया है। धनबाद से आने वाले तथा पुरुलिया एवं रांची जाने वाले भारी वाहन अब तालगड़िया मोड़–अमलाबाद–चन्दनकियारी मार्ग होकर गुजरेंगे। इसी प्रकार पुरुलिया से धनबाद जाने वाले वाहनों को मिर्धा चेकपोस्ट और पिण्ड्राजोरा मार्ग का उपयोग करना होगा। रांची से धनबाद जाने वाले भारी वाहनों के लिए जैनामोड़–तुपकाडीह–चन्द्रपुरा–लोहपिट्टी मार्ग निर्धारित किया गया है, जबकि चन्दनकियारी और तेलगड़िया से रांची जाने वाले वाहन अमलाबाद और बरमसिया मार्ग से होकर निकलेंगे।

**छोटे वाहनों के लिए निर्धारित नया रूट चार्ट**-आम नागरिकों की सुविधा के लिए छोटे वाहनों के परिचालन हेतु भी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। धनबाद से रांची या पुरुलिया की ओर जाने वाले छोटे वाहन तेलमच्चो पुल से सेक्टर-11, हवाई अड्डा और नया मोड़ होते हुए उकरीद मोड़ का रास्ता अपनाएंगे। पुरुलिया और रांची से धनबाद जाने वाले छोटे वाहनों को भी आईटीआई मोड़ से उकरीद, नया मोड़ और सेक्टर-11 होकर तेलमच्चो पुल की ओर भेजा जाएगा। चंदनकियारी और तेलगड़िया से आने वाले छोटे वाहनों के लिए भी इसी हवाई अड्डा-नया मोड़ मार्ग को वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है।

**जोधाडीह मोड़ से लेकर आईटीआई मोड़ ट्रैफिक रहेगी बंद**-मतगणना केंद्र की संवेदनशीलता को देखते हुए एनएच-32 पर जोधाडीह मोड़ से लेकर आईटीआई मोड़ तक की दोनों लेन आम यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेंगी। जोधाडीह मोड़ और आईटीआई मोड़ के पास बैरिकेडिंग कर वाहनों के प्रवेश को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल मतगणना कार्य से जुड़े अधिकृत वाहनों और सुरक्षा बलों को ही निर्धारित जांच के बाद प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। अनुमंडल प्रशासन और यातायात पुलिस ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से असुविधा से बचने के लिए पहले से ही निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का चयन करने की अपील की है। ट्रैफिक डीएसपी ने कहा कि जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है, जो वाहन चालकों का मार्गदर्शन करेंगे। यातायात के इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी यादों और होली गीतों से सजी शाम, स्वरागिनी के मंच पर कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जादू



**बोकारो :** सेक्टर 12 में बीती शाम स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले आयोजित एक शाम संगीत के नाम कार्यक्रम में सुरों की ऐसी महफिल सजी कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों ने कालजयी फिल्मी गीतों, मखमली ग़ज़लों और फागुन की मस्ती से भरे होली गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों से शाम को यादगार बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण गायक अरुण पाठक रहे, जिन्होंने अपनी मखमली आवाज में ना झटको जुल्फ से पानी... और 'जलते हैं जिसके लिए तेरी आंखों के दीए... जैसे गीतों से श्रोताओं को पुरानी यादों में डुबो दिया। वहीं, रमण चौधरी ने ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल... सुनाकर महफिल में गहरा सुकून भर दिया। गायिका रंजू सिंह ने अपनी बहुमुखी गायकी का परिचय देते हुए न केवल बेहतरीन ग़ज़लें और भजन प्रस्तुत किए, बल्कि अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से खूब वाहवाही बटोरी। चूंकि होली का त्योहार करीब है, इसलिए कलाकारों ने होली गीतों के माध्यम से फागुन का रंग भी खूब जमाया। अरुण पाठक ने बिरज में होली खेलत नंदलाल... और आज ना छोड़ेंगे बस हमजोली... गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रमण चौधरी के होली के दिन दिल खिल जाते हैं... और रंजू सिंह के होली आई रे कन्हाई रंग छलके... जैसे गीतों ने पूरे वातावरण को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्णेन्दु कुमार सिंह ने किया।

# नगर निकाय चुनावः काउंटिंग की तैयारियां पूरी, मतगणना स्थल पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

» विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबाँध रूट पर आम वाहनों की एंट्री बंद

» मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया कोषांग तैयार

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन




**धनबादः** नगर निकाय चुनाव की मतगणना शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, को राजकीय पॉलिटेक्निक में सुबह 8:00 बजे से शुरू होगी। मतगणना को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था है। मीडिया कर्मियों के लिए काउंटिंग के समाचार संकलन के लिए मीडिया कोषांग भी बनकर तैयार है।

धनबाद नगर निगम के महापौर व 55 वार्ड पार्षद के मतों की गिनती के लिए 11 काउंटिंग हॉल में 117 टेबल पर एवं चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष और 21 वार्ड पार्षद के मतों की गिनती 4 काउंटिंग हॉल में 24 टेबल पर की जाएगी। सबसे पहले धनबाद नगर निगम के वार्ड 1, 6, 11, 16, 21, 26, 31, 36, 41, 46 और वार्ड 51 के मतों की गिनती प्रारंभ होगी। तत्पश्चात क्रमवार वार्ड की गणना की जाएगी।

धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1 से 5 के लिए 11 टेबल, 6 से 10 के 11, 11 से 15 के 9, 16 से 20 के 10, 21 से 25 के 12, 26 से 30 के 12, 31 से 35 के 10 टेबल, 36 से 40 के 10, 41 से 45 के 10, 46 से 50 के 10 एवं वार्ड 51 से 55 के लिए 12 टेबल पर मतों की गिनती की जाएगी। वार्ड पार्षद और महापौर की गिनती एक साथ होगी। जबकि चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड 1 से 5, 6 से 10, 11 से 15 एवं 16 से 21 की गिनती 6 - 6 टेबल पर की जाएगी। यहां भी वार्ड पार्षद और अध्यक्ष की गिनती एक साथ होगी। हर टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर तथा दो असिस्टेंट रहेंगे।

**विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबाँध रूट पर आम वाहनों की एंट्री बंद**-वहीं मतगणना को लेकर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया गया है। पुलिस द्वारा जारी निर्देश के अनुसार विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबांध तक जाने वाले मार्ग पर किसी भी प्रकार के सामान्य यात्री वाहन या निजी वाहन का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय मतगणना स्थल के आसपास भीड़ और जाम की स्थिति से बचने के उद्देश्य से लिया गया है।

उक्त मार्ग पर केवल मतगणना कार्य में तैनात पदाधिकारी व कर्मी तथा उम्मीदवार व उनके अधिकृत एजेंट को आने की अनुमति रहेगी। सभी अधिकृत वाहन पॉलिटेकनिक मैदान में ही पार्क किए जाएंगे। सड़क पर वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

बेकारबाँध से राजकीय पॉलिटेक्निक के बीच जिन लोगों का आवास या प्रतिष्ठान है, उन्हें विशेष परिस्थिति में बेकारबाँध की ओर से प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। वहीं, विनोद बिहारी महतो चौक से राजकीय पॉलिटेक्निक के बीच रहने वाले लोगों को बिनोद बिहारी चौक की ओर से प्रवेश दिया जाएगा।

यह विशेष यातायात व्यवस्था 27 फरवरी को सुबह 05:00 बजे से रात 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। धनबाद प्रशासन ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है, ताकि मतगणना कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## मतगणना को लेकर विशेष ब्रिफिंग सत्र आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** नगर निकाय चुनाव के मतगणना को लेकर गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में मतगणना से संबंधित एक विशेष प्रशिक्षण सह ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया।

सभी निर्वाची पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं उससे संबद्ध सहयोगी कर्मियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र को ब्रीफ करते हुए अपर समाहर्ता सह महापौर पद के निर्वाची पदाधिकारी श्री विनोद कुमार ने कहा कि मतगणना टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर एवं निर्वाची पदाधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार एकरूपता के साथ मतगणना करें। मतपेटिका खोलने के पूर्व लेबल (एड्रेस टैग) तथा सील को भलीभांति देख लें और प्रत्याशी के एजेंट को संतुष्ट करें। मतपत्र के वैध और अवैध करने में पूरी सावधानी बरतें।

इसके पूर्व मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने हेल्प डेस्क, बज्रगृह, रिसीलिंग और निर्वाची पदाधिकारी के टेबल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्य एवं दायित्व के बारे में पावर प्वाइंट के साथ विस्तार से समझाया।

उन्होंने मतपत्र की गिनती समाप्त होने के बाद प्रपत्र 19, 20, 21, 22 आदि भरने की प्रक्रिया को बारिकी से समझाया। वहीं 2 प्रत्याशी के मत बराबर होने पर लॉटरी प्रक्रिया को भी समझाया।

प्रशिक्षण सह ब्रीफिंग सत्र में एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, मुरारी नायक, विकास त्रिवेदी समेत सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षक संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन उपस्थित थे।

## भर्रा एकादश के सिर सजा ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का ताज, महिला टीमों ने बिखेरा जलवा

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा आयोजित ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का समापन गुरुवार को मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में हुआ। खेल प्रेमियों से खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में भर्रा एकादश ने आदिवासी क्लब, पारटांड को 02-01 से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की। 13 फरवरी से शुरू हुए इस खेल महाकुंभ के समापन समारोह ने ग्रामीण प्रतिभाओं के उत्साह को एक नई ऊंचाई दी।

**निदेशक प्रभारी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला**-समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए बीएसएल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों को जीवन में अनुशासन, टीम भावना और निरंतर अभ्यास के महत्व को समझाते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी सहित संयंत्र के कई वरिष्ठ अधिकारी और भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

**महिला टीमों की भागीदारी रही विशेष आकर्षण**-इस वर्ष की प्रतियोगिता कई मायनों में ऐतिहासिक रही। 13 से 26 फरवरी तक चले इस टूर्नामेंट में कुल 52 टीमों ने अपना दमखम दिखाया, जिनमें 48 टीमें परिधीय गांवों से और 2 टीमें झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस से थीं। इस बार सबसे विशेष आकर्षण पहली बार शामिल हुई 02 महिला टीमें रहीं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कौशल और जुझारूपन से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

**अनुशासन और खेल भावना का दिखा अनूठा संगम**-प्रतियोगिता के दौरान मैच मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम और ट्रेनीज़ हॉस्टल फुटबॉल ग्राउंड (सेक्टर-3) में आयोजित किए गए। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ उच्च स्तर का खेल अनुशासन देखने को मिला। समापन समारोह के अंत में मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि बीएसएल के ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।

# बोकारो में चास और फुसरो की मतगणना आज, देर रात मतगणना केंद्र पहुंचे डीसी-डीडीसी

» कृषि बाजार समिति में तैयारियों का लिया जायजा, पारदर्शी काउंटिंग के लिए दिए सख्त निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** चास नगर निगम और फुसरो नगर परिषद के लिए हुए चुनाव की मतगणना शुक्रवार को चास स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में होगी। नगर निकाय चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार की देर रात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त अजय नाथ झा और उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने मतगणना केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आधी रात तक केंद्र की सुरक्षा, लाइटिंग और बैठने की व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की।

**टेबलों का प्रबंधन और सुरक्षा घेरे की समीक्षा**-निरीक्षण के दौरान डीसी और डीडीसी ने मतगणना हॉल की संरचना और टेबलों की क्रमवार व्यवस्था को बारीकी से देखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि हर टेबल पर संख्या अंकित हो और मतगणना एजेंटों के बैठने की जगह इस तरह सुनिश्चित की जाए कि वे प्रक्रिया को स्पष्ट देख सकें, लेकिन सुरक्षा घेरे का उल्लंघन न हो। एजेंटों की पहचान और उनके प्रवेश की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रखने के लिए भी अधिकारियों ने विशेष दिशा-निर्देश दिए।

**रोशनी और साइनेज पर दिया विशेष जोर**-उपायुक्त ने मतगणना केंद्र परिसर में पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने पर सर्वाधिक जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रवेश द्वार, निकासी मार्ग, पार्किंग स्थल, ड्रॉप गेट और कंट्रोल रूम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर हाई-मास्ट और पर्याप्त लाइटें लगाई जाएं। इसके साथ ही, मतगणना कर्मियों, मीडिया और सुरक्षा बलों की सुविधा के लिए बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में दिशा-सूचक बोर्ड लगाने का निर्देश दिया, ताकि किसी को भी आवागमन में असुविधा न हो।

**भीड़ प्रबंधन हेतु पार्किंग और अलग प्रवेश-निकास मार्ग**-प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बहुस्तरीय पार्किंग योजना तैयार की है। डीसी ने पदाधिकारियों, कर्मियों, प्रत्याशियों और मीडिया के लिए अलग-अलग चिन्हित पार्किंग स्थलों का जायजा लिया। समर्थकों और आम लोगों के लिए आईटीआई मोड़ के समीप पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मतगणना केंद्र में प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि सुरक्षा और सुचारू प्रबंधन बना रहे। अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए ड्रॉप गेट और पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं।

**तैयारियों पर जताया संतोष, निष्पक्षता का भरोसा**-पूरी व्यवस्था का अवलोकन करने के बाद डीसी अजय नाथ झा ने अब तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि प्रशासन मतगणना को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में कराने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बैकअप प्लान तैयार है। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी शफीक आलम सहित कई अन्य नोडल पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## फर्जी तस्वीर पर बोकारो पुलिस का सख्त रुख, जांच के आदेश

**राष्ट्रीय मुख्यधारा : बोकारो :** बोकारो पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 26 फरवरी 2026 को एक प्रमुख समाचार पत्र के बोकारो पेज पर प्रकाशित नगर निकाय चुनाव 2026 से जुड़ी खबर में भ्रामक तस्वीर का उपयोग किया गया है। यह खबर 23 फरवरी 2026 को मतदान के दौरान पुलिस हिरासत में पूर्व पार्षद के साथ कथित मारपीट की घटना से संबंधित थी, जिसमें फाइल फोटो के रूप में एक जख्मी पैर की तस्वीर प्रकाशित की गई थी। पुलिस के अनुसार, इस तस्वीर को पूर्व पार्षद से जोड़कर प्रस्तुत किया गया, जो प्रथम दृष्टया तथ्यात्मक रूप से गलत प्रतीत होता है।

जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि समाचार पत्र में प्रकाशित जख्मी पैर की तस्वीर किसी अन्य व्यक्ति की हो सकती है, जिसे पूर्व पार्षद के रूप में दर्शाया गया। तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति का कपड़ा और पहनावा पूर्व पार्षद के वास्तविक पहनावे से मेल नहीं खाता, जिससे जनसामान्य के बीच एक भ्रामक और तथ्यहीन छवि प्रसारित होने की आशंका बनी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया है कि प्रकाशित तस्वीर के स्रोत, उसकी वैधता तथा उसके उपयोग के उद्देश्य की विस्तृत जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान यह भी पता लगाया जाएगा कि उक्त तस्वीर किन परिस्थितियों में प्रकाशित हुई और उसके पीछे क्या कारण रहे। बोकारो पुलिस ने संकेत दिया है कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि तथ्यों के विपरीत कोई भ्रामक सूचना सार्वजनिक न हो सके।

## राज सिन्हा ने झारखंड विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से उठाए जनहित से जुड़े मुद्दे

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन




**धनबाद / रांचीः** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने गुरुवार को सदन में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के अंतर्गत विगत 7–8 महीनों से लंबित 7,72,446 महिलाओं के आवेदनों का गंभीर मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने विशेष रूप से धनबाद, रांची एवं पलामू जिलों में सर्वाधिक आवेदन लंबित रहने पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

विधायक श्री सिन्हा ने सदन में बताया कि दिसंबर 2025 तक राज्य सरकार द्वारा मात्र 51,24,060 लाभुकों को ही योजना का लाभ दिया गया, जबकि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार करीब 60 लाख महिलाओं को इस योजना से आच्छादित किया जाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि राजकीय कोष की अनुपलब्धता एवं विभागीय शिथिलता के कारण लाखों पात्र महिलाएं योजना के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025–26 में फर्जी तरीके से योजना का लाभ उठाने तथा उनसे अब तक राशि की वसूली एवं विधि सम्मत कार्रवाई नहीं होने के कारण राज्य को करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान का मामला भी सदन में प्रमुखता से उठाया। श्री सिन्हा ने लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई, फर्जी लाभुकों की संख्या, रिकवरी की गई राशि का विवरण एवं संपूर्ण प्रक्रिया की समय-सीमा निर्धारित करने की मांग की।

इसके साथ ही विधायक श्री सिन्हा ने जेबीभीएनएल द्वारा प्रीपेड विद्युत उपभोक्ताओं को अचानक पुराने बकाया बिल भेजे जाने से उत्पन्न हो रही गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि पोस्टपेड से प्रीपेड मीटर में परिवर्तन के दौरान बकाया भुगतान के बावजूद उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बकाया बिल के संदेश भेजे जा रहे हैं, जिससे लाखों उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

विधायक श्री सिन्हा ने इस समस्या का तत्काल समाधान, उपभोक्ताओं को राहत एवं समय-सीमा के भीतर निष्पादन की मांग करते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब देने को कहा।

## लोन डिसबर्समेंट ही माना जाएगा लक्ष्य प्राप्त करने का आधारः उपायुक्त

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को जिला स्तरीय निगरानी समिति की बठक कर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उपायुक्त ने कहा कि पीएमईजीपी का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए व्यवसाय स्थापित करके स्व-रोजगार के अवसर पैदा करना है। जबकि पीएमएफएमई 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करती है।

परंतु समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई बैंकों द्वारा इन योजनाओं के आवेदन आवेदक का सिबिल स्कोर अच्छा रहने के बाद भी विभिन्न कारण बताकर अस्वीकृत कर दिए जाते हैं। आवेदकों से पोर्टल में दर्शाए गए दस्तावेजों के अलावा अतिरिक्त दस्तावेज, कॉलेटरल सिक्योरिटी, व्यवसायिक बिजली कनेक्शन व अन्य कागजात की मांग की जाती है।

उपायुक्त ने कहा कि केवल आवेदन की स्वीकृति नहीं बल्कि अब बैंक द्वारा लोन डिसबर्समेंट को लक्ष्य प्राप्त करने का आधार माना जाएगा। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ विशेष बैठक करने का तथा योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों को फॉलो अप करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, एलडीएम अमित कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम सुदिप्तो बनर्जी, रांची से आए खादी विलेज इंडस्ट्रीज कमिशन के जिला समन्वयक श्याम देव चौधरी के अलावा विभिन्न बैंक के प्रतिनिधि मौजूद थे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### कालाजार के खिलाफ घर-घर छिड़काव अभियान



**दुमका** : जामा प्रखंड क्षेत्र में कालाजार उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक कीटनाशी छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। कालाजार प्रभावित 27 गांवों में सभी घरों के प्रत्येक कमरे में कीटनाशी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि संक्रमण के स्रोत को खत्म किया जा सके। इसके साथ ही मलेरिया, कालाजार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से प्रभावित संभावित मरीजों की सक्रिय खोज के लिए सर्वे अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत प्रभावित गांवों में माइकिंग, ग्राम सभा और आईईसी/आईपीसी गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 20 फरवरी 2026 से 11 मार्च 2026 तक चलाया जाएगा। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पांच छिड़काव टीमों का गठन किया गया है, जिनमें एसएफडब्ल्यू, एफडब्ल्यू, एमपीडब्ल्यू के साथ सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एएनएम एवं सीएचओ को शामिल किया गया है।

प्रखंड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिधर मिश्र की देखरेख में चिकित्सा पदाधिकारियों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अभियान की नियमित निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें, ताकि कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को समय पर हासिल किया जा सके।

### पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का काटा बिजली कनेक्शन



**साहिबगंज**। उधवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बिजली विभाग की टीम के द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को विद्युत कनीय अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्तर पियारपुर पंचायत में अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले 7 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया है। बिजली विभाग की टीम ने बताया कि अभियान के दौरान पांच हजार से अधिक बकाया वाले 7 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है।साथ ही उनलोगों को बकाया राशि जल्द-जल्द भुगतान करने को कहा गया है। मौके पर लाइनमैन रविन्द्र मंडल,इस्लाम शेख,पूरन साहा,शौकत शेख,अरूण मंडल,प्रकाश मंडल,दिपक मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

### जेएसएलपीएस एवं जेआरजीबी संयुक्त तत्वावधान मे जिला स्तरीय बैठक आयोजित




**दुमकाः** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी एवं झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक बैंक के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का ने की। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार ने सखी मंडलों के बचत खाते खोलने, बैंक ऋण स्वीकृत कराने, व्यक्तिगत खाते खोलने तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से अधिकाधिक जुड़ाव सुनिश्चित करने पर बल दिया।बैठक में कार्यरत बैंक सखी के कार्यों की समीक्षा की गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बैंक सखी को सम्मानित किया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि सखी मंडल से जुड़ी दीदियों को मुद्रा ऋण से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।बैठक में जिला प्रबंधक प्रणव प्रियदर्शी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उधवा प्रखंड के दो केंद्रों में शांतिपूर्ण माहौल में हुई 11वीं बोर्ड की परीक्षा



**साहिबगंज**। जैक रांची द्वारा आयोजित 11वीं बोर्ड की परीक्षा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा तथा स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर दियारा में गुरुवार को शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा हुई।जानकारी के अनुसार परीक्षा दो पालियों में हुई।प्रथम पाली में साइंस तथा द्वितीय पाली में आट्र्स की परीक्षा हुई। इस दौरान प्लस टू उ.वि उधवा के केंद्राधीक्षक नुसरत जहां ने बताया कि प्रथम पाली साइंस में 76 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।साथ ही बताया कि द्वितीय पाली आट्र्स में कुल 592 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।वहीं स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर दियारा के केंद्राधीक्षक गौर चंद्र मंडल ने बताया कि साइंस में कुल 169 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।साथ द्वितीय पाली आट्र्स में कुल 825 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।मौके पर शिक्षक हबीबुर रहमान,बीरबल प्रसाद,अविनाश कुमार,कृष्णा प्रसाद,मन्नू शेख,आकिव जावेद,नाईम अख्तर,तारिक अनवर सहित अन्य मौजूद थे।

# बालू माफिया का दुस्साहस ! कार्रवाई करने पहुँची टीम पर हमला

» डीटीओ के चालक–अंगरक्षक को बनाया निशाना

राष्ट्रीय मुख्यधारा







**मो० काजीरूल शेख : पाकुड़ः** पाकुड़ में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ चल रही सख्ती से बौखलाए तत्व अब खुलकर सामने आने लगे हैं। बुधवार सुबह जिला परिवहन विभाग की टीम जब ओवरलोड ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करने निकली, तो कथित बालू माफिया से जुड़े लोगों ने न सिर्फ सरकारी कार्रवाई में बाधा डाली, बल्कि डीटीओ के चालक और अंगरक्षक पर जानलेवा हमला भी कर दिया।घटना सुबह करीब 9:33 बजे की है। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी पाकुड़-बड़हरवा मुख्य मार्ग पर मालीपाड़ा मोड़ के पास नियमित जांच अभियान पर थे। इसी दौरान दो बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर नजर आए। टीम को देखते ही दोनों चालक वाहन सड़क पर छोड़कर फरार हो गए—मानो पहले से ही किसी इशारे का इंतजार हो।सूत्रों की मानें तो जैसे ही जब्ती की प्रक्रिया शुरू हुई, 10–12 की संख्या में पहुंचे लोगों ने अचानक धावा बोल दिया। लाठी-डंडा और लोहे की रॉड से लैस इन लोगों ने माहौल को हिंसक बना दिया। हंगामे के बीच एक ट्रैक्टर को भीड़ जबरन छुड़ाकर ले गई। घटनाक्रम से यह संकेत मिलता है कि अवैध बालू ढुलाई के पीछे संगठित गिरोह सक्रिय है, जो प्रशासनिक कार्रवाई को ताकत के बल पर रोकने की कोशिश कर रहा है।दूसरे ट्रैक्टर—सोनालिका (नीला रंग, नंबर JH18M-3368)—को निजी अंगरक्षक लालू प्रसाद सिंह और चालक घोलटन रजक की मदद से जब्त कर पुलिस केंद्र ले जाया जा रहा था। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

**पुलिस लाइन गेट पर फिर दुस्साहस**-जब ट्रैक्टर पुलिस लाइन के मुख्य द्वार पर पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने रास्ता रोक लिया। देखते ही देखते दोनों ने अंगरक्षक और चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। यह हमला केवल दो कर्मियों पर नहीं, बल्कि सीधे तौर पर प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती था। गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों हमलावरों को मौके पर ही पकड़ लिया।

गिरफ्तार युवकों की पहचान दिलवर हुसैन (20) और अब्दुल आहद (30), निवासी संग्रामपुर, थाना मुफस्सिल, जिला पाकुड़ के रूप में हुई है। पुलिस अब फरार ट्रैक्टर चालक और हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान में जुटी है।

**संगठित नेटवर्क पर उठे सवाल**-घटना ने एक बार फिर जिले में सक्रिय बालू माफिया के नेटवर्क पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस तरह कार्रवाई के दौरान भीड़ अचानक इकट्ठा हुई और ट्रैक्टर छुड़ाकर ले जाया गया, उससे संकेत मिलता है कि अवैध खनन और ढुलाई का कारोबार संगठित तरीके से संचालित हो रहा है। प्रशासनिक सख्ती के बावजूद ऐसे तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ दिख रहा है।जिला परिवहन पदाधिकारी ने सरकारी कार्य में बाधा, हमला और अवैध खनन से जुड़े प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध बालू परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और किसी भी माफिया तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।पाकुड़ में अब यह देखना अहम होगा कि इस घटना के बाद बालू माफिया पर कितनी कड़ी कार्रवाई होती है और प्रशासन किस हद तक इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंच पाता है।

## जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा, कचरा प्रबंधन पर जोर

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : रामगढ़ प्रखंड सभागार में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास, कल्याण योजनाएं, 15वीं वित्त आयोग तथा पंचायत समिति मद के तहत संचालित कार्यों की प्रगति, लंबित योजनाओं और पंचायतवार लक्ष्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने रोजगार सेवकों और पंचायत सचिवों को कार्यों में लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी देते हुए सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में स्वच्छ एवं सुंदर प्रखंड बनाने की दिशा में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि सभी पंचायतों में कचरा निस्तारण के लिए कचरा गाड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम सभा के माध्यम से प्रत्येक पंचायत में कचरा उठाने के लिए दो व्यक्तियों का चयन किया जाएगा तथा कचरा संग्रहण हेतु भूमि भी चिन्हित की जाएगी। घरों से सूखा कचरा उठाने के लिए 10 रुपये तथा दुकानों से 50 रुपये प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा, जबकि कचरा उठाने वाले कर्मियों को मनरेगा के तहत मजदूरी दी जाएगी। एकत्रित सूखे कचरे को जामा स्थित रिसाइकिल सेंटर भेजा जाएगा।

उप विकास आयुक्त ने गीले कचरे के घरेलू स्तर पर निस्तारण की सलाह देते हुए कहा कि सब्जियों के छिलके या बचा हुआ भोजन घर में गड्ढा बनाकर जमा करने से कुछ ही दिनों में वह खाद में बदल जाएगा, जिसका उपयोग बगीचे या घरेलू पौधों के लिए किया जा सकता है।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमकाः** गोपीकांदर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत की अध्यक्षता में किया गया शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने को लेकर चर्चा की गई । इस मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार एवं अंचल निरीक्षक सुधांशु सुमन मौजूद रहे । थाना प्रभारी ने कहा कि होली में किसी प्रकार के हुड़दंगा करने वाले पर लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी । मुख्य मार्ग पर कोयला ढुलाई पर लगे हाइवा पर होली के दिन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की जाएगी । ताकि किसी प्रकार का हादसा ना हो । गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाएगी । सुरक्षा को मद्दे नजर रखते हुए हॉस्पिटल में एंबुलेंस वैन उपलब्ध करवाई जाएगी । होली में प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी । कहा कि शांति ढंग से मनाए होली जबरदस्ती किसी को भी रंग ना लगाए । नशा कर किसी प्रकार का दंगा ना करे ऐसा करने पर शांति भंग करने के आरोप में उसके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा । मौके पर थाना प्रभारी एस आई मनोज सोरेन, भरत भूषण सिंह, धर्मल माझी, मुखिया ज्योतिष बास्की, माइकल हेंब्रम, नंद मितेश मुर्मू, मायनों मुर्मू, नकुल साह , दशरथ भगत, निजू मंडल , समेत नव नियुक्त समस्त चौकीदार एवं अन्य लोग बैठक में मौजूद हुए । बैठक की समाप्ति सभी ने एक दूसरे को रंग ,अबीर, गुलाल लगाकर किया गया एवं साथ ही सभी ने एक दूसरे को रंग लगते हुए होली की शुभकामनाएं दी ।

## मतगणना को लेकर सख्त तैयारी, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमकाः** नगरपालिका आम चुनाव 2026 की 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि प्रवेश द्वार से लेकर काउंटिंग हॉल तक स्पष्ट साइनेज लगाए जाएं ताकि अधिकृत व्यक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही केंद्र के चारों ओर पर्याप्त बैरिकेडिंग, अलग प्रवेश और निकास मार्ग तथा भीड़ नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मतगणना केंद्र में प्रवेश केवल वैध फोटो पहचान पत्र के सत्यापन के बाद ही दिया जाएगा और बिना अनुमति किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि पूरी मतगणना प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाए और प्रत्येक टेबल पर तैनात कर्मी निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को समय से पूर्व उपस्थित होकर प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया।

विधि-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा गया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना कराई जाएगी। किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, पेन, मोहर या अन्य आपत्तिजनक सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन ने मतगणना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदनों का काउंसलिंग प्रक्रिया आरम्भ




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमकाः** गोपीकांदर प्रखंड स्थित पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बुधवार से नामांकन हेतु आवेदनों का काउंसलिंग प्रक्रिया आरम्भ की गई । काउंसलिंग प्रक्रिया लगातार तीन दिनों तक पंचायतवार की जानी है । प्रथम दिन दर्जनों आवेदन का काउंसलिंग किया गया । जिसमें गोपीकांदर , मुसना सूरजूडीह , ओडमो पंचायत के छात्राओं के आवेदन देखकर बच्चों का मौखिक परीक्षा लेकर काउंसलिंग किया गया । मुख्य रूप से , जरूरी कागजात जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र , आधार कार्ड , बीपीएल सूची , उम्र सीमा , देखा गया । मौके पर वार्डन ज्ञान प्रभा, मिनौती कुमारी , एवं विद्यालय के अन्य शिक्षिकाएं समेत दर्जनों बचिए एवं उनके माता पिता सम्मिलित हुए ।

## दुमका में आग का तांडवः हाईवा ट्रकों की टक्कर के बाद कई वाहन जलकर खाक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमकाः** दुमका में बुधवार रात एक भीषण सड़क हादसे से हड़कंप मच गया। दुमका रेलवे स्टेशन के समीप दो हाईवा ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें आसमान छूने लगीं।आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पास में खड़ी अन्य गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं। कई वाहनों के जलने की सूचना है, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग दहशत में इधर-उधर भागते नजर आए।घटना की सूचना मिलते ही दुमका पुलिस और दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की लगातार कोशिश में जुटे हैं। देर रात तक राहत और बचाव कार्य जारी रहा।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया है। घायल को तुरंत इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। टक्कर के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार और लापरवाही इस दर्दनाक हादसे की वजह हो सकती है।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि घटना स्थल के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं और जांच में सहयोग करें।

## जिला परिषद सदस्य विमान सिंह के प्रयास से रानीश्वर के विभिन्न पंचायत से आए 50किसानों को मिला निशुल्क कीटनाशक

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**दुमकाः** कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, दुमका के द्वारा दुमका जिला में रानीश्वर प्रखंड के कुमीरदहा पंचायत में जिला परिषद सदस्य विमान सिंह और पंचायत की मुखिया खुदीराम महोली की उपस्थिति में गरमा धान के किसानों के बीच कीटनाशक, फफूंदीनाशक एवं खर पतवार नाशक दवाओं का वितरण किया गया एवं कृषकों को धान एवं आम और स सब्जी की फसल में कीट एवं रोग नियंत्रण की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला परिषद सदस्य श्री विमान सिंह ने कहा कि मैं कुछ दिन पहले पौधा संरक्षण केंद्र पदाधिकारी से मिले थे एवं उनसे बात करके आए थे कि हमारे क्षेत्र के किसानों को धान की खेती सब्जी की खेती एवं अभी फिलहाल आम की खेती हो रहा है इसकी विस्तृत जानकारी एवं सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए कीटनाशक दावों का उपलब्ध करवाया जाए ताकि हमारे क्षेत्र के किसान को पैदावार में वृद्धि हो एवं समय-समय कौन सा कीटनाशक का उपयोग और कौन सी दवाई दिया जाए उसका भी जानकारी सही हो जिसे किसानों को पैदावार अच्छा होगा एवं किसान की आई में वृद्धि होगा। आगे भी मेरा प्रयास रहेगा कि जिला के द्वारा कोई भी सरकारी योजना जो किसान को लाभान्वित कर सकता है ऐसी योजना को मैं प्रखंड स्थल की धरातल पर लाने का प्रयास करूंगा।

## भारत को बांग्लादेश के साथ बेहतर समन्वय की जरुरत

बांग्लादेश के साथ भारत की कूटनीति का तीसरा पहलू क्षेत्रीय भू राजनीति से जुड़ा है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले की नीति का मुख्य केंद्र रहा है। कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा सहयोग, जल बंटवारा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की परस्पर निर्भरता गहरी है। शांतिपूर्ण सह अस्तित्व की भारत की विदेश नीति पिछले कुछ दशकों में पूरी तरह से विफल हो गई थी। लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव आ गया था। अब भारत ने नए सिरे से संबंध सुधार के प्रयास शुरू किए हैं। बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। वे अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चि_ी लेकर गए थे। प्रधानमंत्री ने उनको भारत आने का न्योता दिया है। यह सिर्फ औपचारिक शिष्टाचार नहीं है, बल्कि यह एक सुविचारित कूटनीतिक पहल भी है। यह पहल दोपक्षीय संबंधों की निरंतरता और उच्च स्तरीय राजनीतिक विश्वास को दिखाता है। दूसरी ओर इसी यात्रा में भारत के विदेश सचिव का बांग्लादेश के प्रमुख विपक्षी नेता और जमात ए इस्लामी के प्रमुख शफीकुर्रहमान से मिलना इस बात का संकेत है कि भारत अपनी नीति को बहुस्तरीय और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ा रहा है। भारत की एक बहुत अच्छी कूटनीतिक पहल यह रही कि किसी केंद्रीय मंत्री को भेजने की बजाय लोकसभा के स्पीकर को शपथ समारोह में भेजा गया। यह दो देशों के संबंधों की भावना को रेखांकित करता है। स्पीकर का पद दलीय राजनीति से ऊपर माना जाता है, इसलिए यह संदेश गया कि भारत की प्रतिबद्धता सिर्फ किसी एक दल या सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्थागत संबंधों को महत्व देता है। प्रधानमंत्री का पत्र और भारत आने का निमंत्रण इस बात का संकेत है कि नई सरकार के साथ संवाद को जल्दी से जल्दी और सकारात्मक दिशा में ले जाने की भारत की मंशा है। दूसरी रणनीतिक पहल विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश के विपक्षी नेता से मुलाकात है। शफीकुर्रहमान, बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात ए इस्लामी के प्रमुख हैं। जमात को पहली बार बांग्लादेश की तीन सौ सदस्यों की संसद में करीब 70 सदस्यों का प्रतिनिधित्व मिला है। यह एक तरह से उसकी राजनीतिक वैधता है।

# शिव में ही अंत और शिव में ही प्रारंभ



अशोक "प्रवृद्ध"

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना किये जाने की पौराणिक परिपाटी है, जिसका विशेष धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रंगभरी एकादशी अथवा आमलकी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस रंगभरी एकादशी के दिन काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष श्रृंगार व पूजन अर्चा किये जाने के कारण इस दिन को काशी विश्वनाथ श्रृंगार दिवस नाम से जाना जाता है। इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल एकादशी तिथि 27 फरवरी 2026 को तड़के अर्थात देर रात 12:33 पूर्वाह्न से शुरू होगी और उसी दिन रात 10:32 अपराह्न पर समाप्त होगी। इसलिए इस दिन काशी विश्वनाथ श्रृंगार दिवस मनाया जाएगा। और बाबा विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव माता पार्वती का गौना कराकर पहली बार काशी आए थे।

मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी (बैकुंठ चतुर्दशी) को मनाया जाता है। बाबा विश्वनाथ की नियमित श्रृंगार आरती प्रतिदिन रात्रि में रात्रि 9:00 बजे से 10:15 बजे तक आयोजित की जाती है। इस आरती में शिवलिंग को फूलों, चंदन और आभूषणों से अत्यंत भव्य रूप में सजाया जाता है। सावन के प्रत्येक सोमवार को विशेष श्रृंगार होता है, जिसमें अंतिम सोमवार को रुद्राक्ष श्रृंगार की परंपरा है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को शिवलिंग का तिरंगे के रंगों वाले फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया था। 16 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया था। अब 27 फरवरी आमलकी एकादशी के दिन धूमधाम से समारोहपूर्वक काशी विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार दिवस का आयोजन होगा।

रंगभरी एकादशी के दिन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रृंगार दिवस मनाये जाने की पौराणिक कथा भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन और उनके काशी आगमन से जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। विवाह के बाद माता पार्वती कुछ दिनों के लिए अपने पिता हिमालय के घर रुक गई थीं। फाल्गुन शुक्ल एकादशी के दिन ही महादेव अपनी अर्धांगिनी को विदा कराकर (गौना) पहली बार अपनी प्रिय नगरी काशी लेकर आए थे।

उल्लेखनीय है कि जामाता के रूप में महादेव का अपनी ससुराल से काशी लौटना, मात्र एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि काशी की सांस्कृतिक आत्मा का श्रृंगार है। काशी विश्वनाथ श्रृंगार दिवस वह दिन है, जब महादेव के गुलाल से शिवनगरी काशी सराबोर हुई जाती है। काशी में कहावत है- सात वार नौ त्यौहार, लेकिन इन सबमें श्रृंगार दिवस अर्थात रंगभरी एकादशी का स्थान सर्वोपरि है। यह वह दिन है, जब वैराग्य के देवता महादेव, गृहस्थ धर्म के उत्सव में रंगे नजर आते हैं। शिव पुराण और स्थानीय मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि पर विवाह के पश्चात फाल्गुन शुक्ल एकादशी को माता पार्वती का गौना संपन्न हुआ था। पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है-

**ततः प्रीतमनाः शर्वः पार्वत्या सह शङ्करः।**
**स्वपुरं प्रययौ हृष्टो गणैः परिवृतस्तदा ।।**

अर्थात- तदनन्तर प्रसन्न मन वाले शंकर जी माता पार्वती के साथ अपने गणों से घिरे हुए अपनी पुरी (काशी) को प्रस्थान किए।

माता पार्वती के साथ बाबा विश्वनाथ के काशी की सीमा में प्रवेश करने पर उनके स्वागत में पूरी नगरी उमड़ पड़ी। उनके गणों, भक्तों और समस्त काशीवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए देवताओं और भक्तों ने उन पर अबीर और गुलाल उड़ाया। वैराग्य की भस्म त्यागकर महादेव ने पहली बार भक्तों के प्रेम में सराबोर होकर अबीर-गुलाल स्वीकार किया। इस दिन बाबा विश्वनाथ का सामान्य पूजन नहीं, बल्कि राजसी वैभव के साथ श्रृंगार होता है। उन्हें नवरत्नों से जड़ित मुकुट और सुगंधित पुष्पों से सजाया जाता है। पूर्व महंत के आवास से निकलने वाली पारंपरिक पालकी यात्रा इस दिन का मुख्य आकर्षण है। डमरूओं की गर्जना और हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच जब बाबा की चल-प्रतिमा निकलती है, तो पूरा आकाश गुलाल से लाल हो जाता है। पालकी में विराजमान दिव्य दंपत्ति को भक्त गुलाल अर्पित करते हैं, जिसे बाबा की होली भी कहा जाता है। श्रृंगार दिवस के ही दिन काशी में होली की औपचारिक शुरुआत होती है। इसके अगले दिन से विश्व प्रसिद्ध मसान की होली का आयोजन मणिकर्णिका घाट पर किया जाता है। इसी दिन आमलकी एकादशी होने के कारण आंवले के वृक्ष की पूजा का विधान है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रृंगार दिवस (रंगभरी एकादशी) का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व अनूठा है। इसे काशी की होली का आधिकारिक प्रारंभ माना जाता है। यह दिन माता पार्वती के गौने अर्थात विवाह के बाद ससुराल आगमन का प्रतीक है। भक्त इस दिन को एक उत्सव के रूप में मनाते हैं क्योंकि उनके आराध्य अपनी पत्नी को लेकर अपनी प्रिय नगरी काशी लौटे थे। उत्तर भारत में होली बाद में शुरू होती है, लेकिन काशी में होली का हुड़दंग इसी दिन से शुरू हो जाता है। मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ स्वयं भक्तों के साथ अबीर-गुलाल खेलते हैं। इस दिन हुए बाबा के राजसी श्रृंगार रूप के दर्शन करने से जीवन के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं और उन्हें वैवाहिक सुख की प्राप्ति होती है। श्रृंगार दिवस पर बाबा को विशेष रूप से सूखे मेवे, फल और सुगंधित फूलों से सजाया जाता है। यह दिन भक्तों के लिए सौभाग्य और संपन्नता का आशीर्वाद लेकर आता है। इस दिन निकलने वाली पालकी यात्रा काशी की सदियों पुरानी परंपरा को जीवंत करती है, जिसमें डमरू दल और संगीत की गूंज के बीच बाबा नगर भ्रमण पर निकलते हैं। यह दिवस संदेश देता है कि शिव केवल विनाशक नहीं, बल्कि प्रेम और गृहस्थ जीवन के आदर्श भी हैं। श्रृंगार दिवस पर बाबा के दर्शन करने से वैवाहिक बाधाएं दूर होती हैं और साधक को ऐश्वर्य एवं मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है।

उल्लेखनीय है कि रंगभरी एकादशी के दिन काशी विश्वनाथ श्रृंगार दिवस पर महादेव माता पार्वती के साथ अपने सगुणी और गृहस्थ रूप में होली गुलाल से खेलते हैं। इसके ठीक अगले दिन वे मणिकर्णिका घाट महाश्मशान पर अपने वैरागी और औघड़ रूप में चिता भस्म के साथ होली खेलते हैं। यह उनके गृहस्थ बनाम वैरागी रूप का परिचायक है। इस प्रकार श्रृंगार दिवस और महाश्मशान की होली के बीच का संबंध अद्भुत और पूरक है। यह काशी की उस परंपरा को दर्शाता है जहां महादेव लोक और परलोक दोनों के स्वामी हैं।

पौराणिक मान्यतानुसार रंगभरी एकादशी पर जब महादेव माता पार्वती का गौना कराकर लौटे, तो उत्सव में देवी-देवता, यक्ष और गंधर्व तो शामिल हुए, लेकिन उनके प्रिय भूत-प्रेत, पिशाच और अघोरी छूट गए थे। अपनों की कमी पूरी करने के लिए महादेव अगले दिन मसान में उनके साथ होली खेलने पहुंचे। यह शिव के द्वारा अपूर्णता को पूर्ण करने के रूप में देखा जाता है। लेकिन यह जीवन और मृत्यु का उत्सव है। श्रृंगार दिवस जीवन के उल्लास अर्थात रंग और विवाह का प्रतीक है, जबकि मसान की होली मृत्यु की मंगलमयता अर्थात भस्म और मोक्ष का। काशी में यह दोनों उत्सव मिलकर इस दर्शन को सिद्ध करते हैं कि शिव में ही अंत और शिव में ही आरंभ है। फाल्गुन शुक्ल एकादशी रंगभरी एकादशी को मंदिर में गुलाल उड़ने के बाद, द्वादशी तिथि को मणिकर्णिका घाट पर मशान नाथ का पूजन होता है, जहां जलती चिताओं के बीच भक्त भस्म की होली खेलते हैं। वर्ष 2026 में मसान की होली 28 फरवरी को मनाई जाएगी।

# सासू माँ



डॉ प्रशान्त करण

किसी के जीवन में विवाह जैसी घटना/दुर्घटना के बाद ही सासू माँ का पदार्पण होता है। कई पुरुष भाग्य के बल पर घर-जँवाई बनने का सौभाग्य प्राप्त कर सासू माँ का सानिध्य सरलता से प्राप्त कर लेते हैं। कुछ पुरुषों का भाग्य उतना प्रबल न हो तो विवाहोपरांत सासू माँ दहेज के साथ पदार्पण कर लेती हैं। इससे अलग महिलाएं स्वभावतः ही विवाहोपरांत सासू माँ के संरक्षण, कड़े अनुशासन और परम्परा को स्वतः ही प्राप्त हो जाती हैं। संयुक्त परिवार भाग्य से बचा हो तो ननद, ननदों का उपहार अलग से!

एक दिन एक साल भर पहले व्याहे दुःखी पति मेरे पास रुआँसे आए। उनके लटके हुए मुँह से साफ था कि वे विधिवत तो नहीं, प्रेमवश विवाहित होने की परिणति को प्राप्त थे। मैं उन्हें पहले से नहीं जानता था। आते ही प्रारम्भिक औपचारिताओं के बाद अपना दुखड़ा ले बैठे। कहने लगे— साहब, जीवन दुष्कर हो गया है। हमारी एकलौती पत्नी रज्जो दिन-रात मेरी सासू माँ से दूरभाष पर शिक्षा लेती रहती है। जब कभी खाली होती है तो अपना पूरा समय मेरे साथ लड़ने में बिता देती है। विवाह के साल भर भी नहीं हुए हैं और जब भी अकारण लड़ती है और मैं झल्ला कर झिड़क देता हूँ तो थोड़ी देर बाद सासू माँ फोन कर मेरा क्लास ले लेती है, जबरदस्त रूप से हड़काती हैं। जेल तक भिजवाने की खुलेआम धमकी मिलती रहती है। जिस दिन मुझे चाय, नाश्ता, खाना बनाने में देर हो जाती है तो पत्नीश्री की शिकायत पर सासू माँ मुझे फोन पर खूब डाँटती है। मैं साल भर में ही दुःखी हो गया हूँ।

मैंने सरलता से पूछ लिया— तुम्हारी सासू माँ वकील तो नहीं? वह चौंक गया और उसने कहा— आपको कैसे पता? मैंने कहा— दुनिया देखी है मैंने। इस समस्या का कोई समाधान नहीं है। सेवा की मात्रा बढ़ाओ, सासू माँ को भी बुलाकर उन्हें परिवार में साथ रखो। फोन का खर्च भी बचेगा और तुम्हारी सहनशक्ति भी बढ़ेगी। वह भाग खड़ा हुआ। पता चला कि आजकल वह खूब खुश रहता है, ससुराल में डेरा जमा रखा है और पत्नीश्री की सेवा के साथ सासू माँ की सेवा में समर्पित रहता है। एक दिन बाजार में सामानों का भारी थैला टाँगे तेजी से भागता मिला। मैंने टोककर पूछ लिया— कैसे हो भाई? बोला— आपकी सलाह मानकर आजकल ससुराल में रहता हूँ। सासू माँ कहती हैं कि सारी सम्पत्ति मेरे नाम लिख देंगी। इसी आशा में उसका भक्ति काल चरम पर पहुँचने के लिए प्रयासरत है!

एक दिन पड़ोसी रामदीन की व्यथा उनके श्रीमुख से सुनी। सुबक-सुबक कर कहने लगे— विवाह के दो साल बाद उसके सास-ससुर अचानक बोरिया-बस्ता लेकर आ गए। मेरे माता-पिता इसके साल भर बाद स्वयं ही जिद कर वृद्धाश्रम चले गए। अब मेरी पैतृक सम्पत्ति पर सासू माँ का सम्पूर्ण अधिकार है।

मैं इतना भाग्यशाली नहीं रहा। मेरी एकलौती सासू माँ मुझे दामाद की श्रेणी दे ही नहीं पायीं। मुझे ससुराल में पुत्रवत स्नेह मिला, मिलता है। विवाह के बहुत वर्ष हो गए। जब भी ससुराल जाता हूँ, अनुभव होता है कि एकदम तरोताजा दामाद हूँ। एक बार तो टोटके के लिए माह भर रुकना हुआ, लेकिन मैं उस दुःखी पति और पड़ोसी रामदीन के सुख से वंचित रहा। मेरी माताश्री का स्वर्गारोहण जब हुआ, उसके बाद से उनके हिस्से का भी स्नेह सासू माँ ने मुझ पर उड़ेलना प्रारम्भ किया। मैं लोगों के अनुभवों को सुनकर डरा-सहमा और हतप्रद हो गया। लेकिन दशकों से इसी खटके में जी रहा हूँ। अब तक सासू माँ में किसी परिवर्तन के लक्षण नहीं मिल रहे हैं। पत्नीश्री भी उनसे लगातार शिक्षा कभी नहीं लीं। और तो और, समय-असमय सासू माँ की ओर से एक से एक उपहार आने बंद ही नहीं हुए। बता दूँ कि मेरे ससुराल में मेरे जैसे कुल चार अदद दामाद और भी हैं। सभी इसी खटके में जीते हैं। अभी तक किसी को वैसी सासू माँ के रूप का दर्शन लेश मात्र भी नहीं हो सका। वही निश्छल स्नेह! बाकी कमी एकलौते साले साहब ने भी पूरी नहीं की। भला ऐसा भी होता है क्या?

# शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा

ललित गर्ग

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा मेष राशि वालों आज का दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिये आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी समस्या दूर होगी।

**वृष राशिः** आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग लेंगे।

**मिथुन राशिः** बिजनेस बढ़ाने के लिए बनायेंगे नया प्लान मिथुन राशि वालों आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्य स्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा।

**कर्क राशिः** जरूरी चीज खरीदने में होगा खर्च कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

**सिंह राशिः** वकीलों को पुराने क्लाइंट से अच्छा धन लाभ होगा आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिये आप हमेशा तैयार रहेंगे।

**कन्या राशिः** पहले किए गए काम से आज मिलेगा मुनाफा कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डीनर करने जाने का प्लान बनायेंगे।

**तुला राशिः** कोर्ट से संबंधित मामला सुलझने की उम्मीद तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे।

**धनु राशिः** बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे।

**मकर राशिः** करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है मकर राशि वालों आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिये बाहर जाना पड़ेगा।

**कुंभ राशिः** स्वास्थ्य के लिहाज से दिन शानदार रहेगा कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनायेंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मीन राशिः** कार्य स्थल पर व्यवहार की तारीफ होगी मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। आज आपके रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा।

# ताज महोत्सवः संस्कृति का विराट उत्सव

योगेश कुमार गोयल

यमुना के पावन तट पर स्थित धवल संगमरमर की वह अलौकिक कृति, जिसे दुनिया ताजमहल के नाम से जानती है, केवल ईंट-पत्थरों और नक्काशी का मेल नहीं है बल्कि भारतीय संवेदनाओं, स्थापत्य-कौशल और सौंदर्य-चेतना का एक शाश्वत महाकाव्य है। जब इस विश्वप्रसिद्ध स्मारक की शीतल और भव्य छाया में रंगों की चटक आभा, रागों की मधुर लहरियां और रसों की सजीव अनुभूति एक साथ साकार होती है, तब वह दृश्य 'ताज महोत्सव' के रूप में भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उत्सव बन जाता है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर आगरा में 18 से 27 फरवरी तक आयोजित हो रहा यह दस दिवसीय सांस्कृतिक पर्व केवल एक साधारण मेले का विस्तार नहीं है बल्कि यह भारत की बहुरंगी परंपराओं, लोक-स्मृतियों, लुप्तप्राय शिल्प-कौशल और उस विराट पाक-वैभव का उत्सव है, जहां राष्ट्र की विविधता वैश्विक मंच पर एक साथ स्पंदित होती हैं। इस वर्ष अपने 34वें गौरवशाली संस्करण में प्रवेश कर रहे इस महोत्सव की थीम 'वंदे मातरमः परंपरा एवं राष्ट्र गौरव' हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का एक सशक्त उद्घोष है, जो आगंतुकों के भीतर स्वदेश प्रेम और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करता है। सन् 1992 के वसंत में जब इस महोत्सव का बीजारोपण हुआ था, तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यह आयोजन आने वाले समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजनों में शुमार हो जाएगा। इसका मूल दर्शन भारतीय हस्तशिल्प, लुप्त होती लोक कलाओं और सदियों पुराने पारंपरिक कौशलों को एक ऐसा मंच प्रदान करना रहा है, जहां वे अपनी आधुनिक प्रासंगिकता सिद्ध कर सकें। ताजमहल की जादुई पृष्ठभूमि में सजे सैंकड़ों स्टॉल, चटख और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित लोक कलाकार, शास्त्रीय संगीत की गंभीर तान और लोकनृत्यों की लयात्मक थिरकन मिलकर एक ऐसा जादुई वातावरण रचते हैं, मानो पूरा लघु भारत एक ही परिसर में सिमट आया हो। ताज महोत्सव की सबसे बड़ी पूंजी इसकी वह विविधता ही है, जो उत्तर के हिमालयी अंचल से लेकर दक्षिण के कन्याकुमारी तक और सुदूर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर पश्चिम के रेगिस्तानों तक की कला को एक सूत्र में पिरोती है। यहां कश्मीर की पश्मीना शॉल की मखमली कोमलता और वाराणसी की रेशमी साड़ियों की राजसी चमक एक साथ देखी जा सकती है। लखनऊ की बारीक चिकनकारी की नजाकत हो या सहारनपुर की लकड़ी पर की गई सूक्ष्म नक्काशी, मुरादाबाद के पीतल शिल्प की सुनहरी दमक हो या खुर्जा की सिरेमिक कला की चटक रंगीन छटा, ये सभी तत्व मिलकर भारत की हस्तकला परंपरा का एक ऐसा जीवंत संग्रहालय रच देते हैं, जिसे देख दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। भदोही के हस्तनिर्मित कालीनों की जटिल बुनावट, दक्षिण भारत की पाषाण और काष्ठ मूर्तियां, पूर्वोत्तर के बांस-बेंत की कलाकृतियां और गुजरात के पटोला व बांधनी कार्य की विविधता दर्शकों को एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा पर ले जाती है। यह महोत्सव केवल वस्तुओं के क्रय-विक्रय का बाजार नहीं है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की धड़कन और स्थानीय प्रतिभा के स्वाभिमान का एक जीवंत दस्तावेज है। इस वर्ष सरकार की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' पहल के अंतर्गत प्रदेश के 50 जनपदों की विशिष्ट पहचान को जिस प्रकार एक ही मंच पर प्रतिष्ठित किया गया है, वह अद्भुत है। लगभग 500 सुसज्जित स्टॉल भारतीय उद्यमिता की उस रचनात्मक ऊर्जा का परिचय दे रहे हैं, जो परंपरा और आधुनिकता के सूक्ष्म समन्वय से नए भारत के भविष्य का निर्माण कर रही है। यहां प्रदर्शित खादी की सादगी, जूट की पर्यावरण-मित्र आत्मा और हथकरघा की सूक्ष्म बुनावट केवल व्यापारिक उत्पाद नहीं बल्कि स्वदेशी स्वाभिमान, सतत विकास और सांस्कृतिक निरंतरता के उन सशक्त प्रतीकों के रूप में उभरते हैं, जो वैश्विक बाजार में भारत की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं। कला और शिल्प के इस महाकुंभ में संगीत और नृत्य की धाराएं आत्मा के स्पंदन की भांति प्रवाहित होती हैं। ताजमहल की मुगलई वास्तुकला की छाया में गूंजते शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय और लोक राग एक ऐसे सांगीतिक वातावरण का सृजन करते हैं, जो श्रोताओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति कराता है। ब्रज के उल्लासपूर्ण लोकनृत्य, जिनमें होली की मस्ती और राधा-कृष्ण के प्रेम की महक होती है, कथक की भावप्रवण मुद्राएं, जिनमें इतिहास बोलता है और सूफी गायकी की वह रूहानी लहरियां, जो सीधे खुदा से संवाद करती प्रतीत होती हैं, दर्शकों को एक आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं। इस वर्ष के विशाल डिजिटल मुक्ताकाशीय मंच पर आधुनिकता का भी समावेश है, जहां नीरज श्रीधर की ऊर्जस्वित बॉलीवुड नाइट्स, कृष्णा-अभिषेक की हास्य-विनोद से भरपूर प्रस्तुतियां और सचिन-जिगर की सुरीली धुनों वाली समापन संध्या युवा ऊर्जा को एक नई चमक प्रदान करेगी। इसके साथ ही 'इंडियन ओशन' जैसे बैंड की फ्यूजन संगीत, अली ब्रदर्स की शुद्ध सूफियाना सुर-लहरियां और माधवाज बैंड की भक्तिमय संध्या इस महोत्सव को संगीत-प्रेमियों के लिए एक कभी न भूलने वाला अनुभव बना देने वाली हैं। भारतीय उत्सव की आत्मा उसके स्वाद में बसती है और ताज महोत्सव इस मामले में किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां देशभर के उन पारंपरिक व्यंजनों का संसार सजता है, जो जीभ के स्वाद के साथ-साथ हमारी भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता का भी परिचय देते हैं। उत्तर प्रदेश के चटपटे आंचलिक व्यंजनों से लेकर दक्षिण भारत के कुरकुरे डोसे, राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा की सोंधी खुशबू, पंजाब की मलाईदार लस्सी, बंगाल की रसभरी मिठाइयां और कश्मीर के शाही वाजवान तक, हर स्वाद अपनी विशिष्ट पहचान के साथ यहां उपस्थित होता है। यह भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं बल्कि भारत की उस सांस्कृतिक समृद्धि का सजीव प्रमाण है, जो सदियों के मेलजोल से विकसित हुई है। इसके साथ ही, यह आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आगरा के होटल, रेस्तरां, परिवहन सेवाएं, हस्तशिल्प बाजार और टूर गाइडों के चेहरों पर इस दौरान जो रौनक दिखाई देती है, वह पर्यटन उद्योग की गतिशीलता का प्रतीक है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय- गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013. झारखंड। रांची कार्यालय- 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
संपादक: Purnendu 'Pusshpesh'*; प्रबंध संपादक: **राजेश मोहन सहाय**; धनबाद ब्यूरोचीफ: **राजीव रंजन** । बिहार प्रभारी: **संतोष श्रीवास्तव.** Mob: 9288319159; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### पीयू छात्र संघ चुनाव, आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का प्रेसिडेंशियल डिबेट जारी



**पटना**। पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। आज शाम 5 बजे तक ही प्रत्याशी प्रचार कर सकते हैं। पटना साइंस कॉलेज में आज प्रेसिडेंशियल डिबेट शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद के सभी 11 उम्मीदवारों को 5-5 मिनट का समय दिया गया है। उम्मीदवारों को अनुशासन में रहकर अपनी बातें रखने को कहा गया है। यह प्रेसिडेंशियल डिबेट 25 फरवरी को पटना वीमेंस कॉलेज में आयोजित होने वाला था, लेकिन एक हफ्ते पहले एक छात्र संघ के द्वारा कॉलेज में जबरदस्ती घुसकर चुनाव प्रचार किया था। इसके बाद प्रेसिडेंशियल डिबेट को कैंसिल कर दिया गया था। पटना विश्वविद्यालय के विधि पदाधिकारी सह मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेंद्र पासवान ने बताया कि, कुलपति प्रोफेसर नमिता सिंह के निर्देश पर पूर्व में ही केंद्रीय चुनाव समिति ने 26 को डिबेट निर्धारित किया था, जिसे लेकर बुधवार को पुनः सूचना जारी की गई। पटना यूनिवर्सिटी में कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें पीयू को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिले। नेशनल रैंकिंग में टॉप 100 में जगह बनाना, रिसर्च लैब को शुरू करना, लाइब्रेरी ऑटोमेशन, कॉलेजों में लैब अपग्रेड कराना, इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट, खिलाड़ियों को लिए कोच और खेल सामग्री की व्यवस्था, शिक्षकों की पर्याप्त संख्या, हॉस्टलों में बेहतर सुविधाएं, कॉलेजों में कैंटीन और हॉस्टलों में मेस की व्यवस्था प्रमुख है।

### पवन सिंह पर भड़कीं अक्षरा, कहा-10 जगह मुंह मारता है, क्या जिंदगी भर मेरे साथ चिपका रहेगा

**पटना**। भोजपुरी स्टार पवन सिंह की एक्स गर्लफ्रेंड अक्षरा सिंह ने बिना उनका नाम लिए उनपर जोरदार हमला किया है। अक्षरा सिंह ने पवन सिंह के साथ पुराने रिश्तों पर कहा, "इस बात को जमाना बीत चुका है। मुझे भी अपना जीवन बसाना है। एक ही जगह उलझ कर नहीं रह सकती।" वो दस जगह लड़कियों के साथ इधर-उधर घूम रहा है, उससे कोई सवाल नहीं पूछ रहा। उसका चरित्र सबके सामने है। मेरा एक अफेयर हो गया तो मैं गुनहगार हो गई।मुझे कोई चैन से जीने नहीं दे रहा। क्या सिर्फ इसलिए कि मैं लड़की हूं? क्या यह मेरा गुनाह है? पॉडकास्ट के दौरान जब अक्षरा सिंह से पूछा गया कि क्या अभी भी पवन सिंह के लिए उनके दिल में सॉफ्ट कॉर्नर है तो वे झिझकी नहीं, बल्कि उन्होंने दो टूक जवाब देकर ऐसा सोचने वालों की बोलती बंद कर दी। उन्होंने पूछा, 'वो हैं कौन?' सवालों में उलझी अक्षरा ने कहा, 'अब लोग कहेंगे कि हर बार उसी का टॉपिक ले आती हैं। अरे मैं क्या करूं, मुझसे पूछा जाता है हर बार जैसे अभी आपने पूछा। कहीं और जाऊंगी तो फिर से यही सवाल किया जाएगा। हो गई बहुत पुरानी बात, एक टाइम पर एक पॉडकास्ट में मैंने सारी बातें कह दी थी। मैंने तभी ये कहा था कि मैं अब इस टॉपिक पर बार-बार बात नहीं करूंगी। वो मेरा अतीत था, इसे लेकर नहीं घूम सकती।' करीब 6 महीने पहले पवन सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें पवन सिंह हरियाणवी एक्ट्रेस की स्टेज पर कमर छुते दिखे थे। इसे लेकर काफी कॉन्ट्रवर्सी भी हुई थी। बाद में हरियाणवी एक्ट्रेस ने भोजपुरी फिल्मों में काम करने से तौबा कर लिया। इसे लेकर जब अक्षरा सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'उस दिन उस एक्ट्रेस की गलती थी। अगर कोई आपको छूता है, तो आपको तुरंत रिएक्शन देना चाहिए।'



### दिल्ली में पत्नी और 3 बेटियों की गला रेतकर हत्या, सोते समय वारदात को अंजाम दिया

**पटना**। दिल्ली के समयपुर बादली में एक ही परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या हुई। किराए के कमरे में महिला और उसकी तीन बेटियों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान अनीता (32), अनुष्का (5), मुस्कान (4) और पल्लवी के रूप में हुई है। घटना चंदन पार्क की गली नंबर-3 स्थित मकान की है। पति पर पत्नी और बेटियों की हत्या करने का आरोप है। आरोपी पति मुनचुन के पिता रामबालक केवट और मां पटना के बाढ़ में रहते हैं। उसके तीन भाई भी दिल्ली में आजादपुर सब्जी मंडी में मजदूरी करते हैं। चारों पीड़ितों का गला धारदार हथियार से काटा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमला इतना जोर से किया गया था कि उनकी श्वास नली भी कट गई थीं। पुलिस ने घटनास्थल को बहुत क्रूर बताया। घटना के बाद से आरोपी पति मुंचुन केवट लापता है। पुलिस उसे संदिग्ध मानकर चल रही है। पुलिस ने कहा कि जांचकर्ता अवैध संबंध सहित सभी संभावित पहलुओं की भी जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हत्या का कारण बेटे का न होना हो सकता है। मंगलवार रात करीब 9 बजे पति-पत्नी के बीच विवाद भी हुआ था। इधर, रूबी नाम की एक रिश्तेदार ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि केवट और उसकी पत्नी पिछले दो सालों से दिल्ली में रह रहे थे और पति-पत्नी के बीच आमतौर पर झगड़े नहीं होते थे। परिवार आठ महीने पहले ही बिहार से दिल्ली गया था। पुलिस को शक है कि चारों को पहले नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया गया और फिर हत्या की गई, क्योंकि इतनी बड़ी घटना के बावजूद किसी ने चीखने-चिल्लाने की आवाज नहीं सुनी गई।



### फर्जी लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहें-एसडीपीओ

**हाजीपुर**। वैशाली में 26 फरवरी को बिहार पुलिस सप्ताह के पांचवें दिन एक साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वैशाली विक्रम सिहाग के निर्देश पर सीवी. रमन विश्वविद्यालय में हुआ। इसमें पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष और साइबर थाना टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित 'क्या करें और क्या न करें' (Do's & Don'ts) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के नवीनतम तरीकों, उनसे उत्पन्न चुनौतियों और स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों से अवगत कराया गया। सत्र में छात्र-छात्राओं को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इसमें राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, पोर्टल cybercrime.gov.in और साइबर थाना की भूमिका शामिल थी। उन्हें साइबर बुलिंग से बचाव के उपाय भी बताए गए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रकार की साइबर ठगी जैसे APK फाइल फ्रॉड, बिजली मीटर अपडेट फ्रॉड, RTO चालान APK फ्रॉड और क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को सभी सोशल मीडिया ऐप्स में टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखने और फर्जी लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहने की सलाह दी गई। उन्हें OTP, CVV, पासवर्ड और अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करने की हिदायत भी दी गई। फर्जी ऑनलाइन गेम्स और डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगी से सतर्क रहने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपनी समस्याओं व जिज्ञासाओं को साझा किया। उन्हें साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# शादी में डीजे पर बवाल, दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

## बाढ़ के सलेमपुर गांव में हंगामा, दो घायल, देर रात हुई पत्थरबाजी

एजेंसी, पटना

पटना के बाढ़ में गुरुवार सुबह डीजे को लेकर गलत फहमी के चलते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि पत्थरबाजी और लाठी-डंडे चलने लगे। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर रखी कई कुर्सियां तोड़ दी गईं। घटना में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। बीती रात शादी समारोह के दौरान गाना बजाने और डांस को लेकर दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी भी हुई थी। घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर गांव की है।



**सुबह फिर भड़की हिंसा, दो घंटे तक चला बवालः** बीती रात हुई पत्थरबाजी के बाद गुरूवार सुबह फिर से दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष के दो लोगों का सिर फूट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के कारण शादी की रस्म भी ठीक से पूरी नहीं हो सकी और लड़की को जल्दबाजी में विदा करना पड़ा। यह मारपीट लगभग दो घंटे तक चलती रही।

**'दहपुजी' रस्म के दौरान शुरू हुआ विवादः** शादी वाले घर के लोगों ने आरोप लगाया कि, शाम को जब वे शादी की 'दहपुजी' रस्म के लिए जा रहे थे, तभी गांव के ही रहने वाले दूसरे पक्ष के लोगों ने उनसे झगड़ा किया और जमकर पत्थरबाजी की। दूसरे पक्ष ने बाहरी लोगों को बुलाकर मारपीट की।

**डीजे पर गलतफहमी से बढ़ा झगड़ाः** महिलाओं ने बताया कि डीजे बजाते समय हुई गलतफहमी के कारण यह पूरा विवाद शुरू हुआ। दूसरे पक्ष के लोगों को लगा कि एक महिला के साथ बदतमीजी की गई है, जिसके बाद उनके साथ भी मारपीट की गई। उनका कहना था कि जब भी उनके यहां खुशी का माहौल होता है, दूसरा पक्ष विवाद करता है। ऐसी घटना पहले भी तीन बार हो चुकी है।

## पटना शहर के अंदर चली मेट्रो, होली बाद भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक दौड़ेगी मेट्रो

एजेंसी, पटना

पटना मेट्रो को आज पहली बार शहर के अंदर चलाया गया। गुरुवार को भूतनाथ मेट्रो स्टेशन से दो नए स्टेशनों खेमनीचक और मलाही पकड़ी तक मेट्रो का ट्रायल रन किया गया। इसके चलते आज आम यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा बंद रखी गई। भूतनाथ और मलाही पकड़ी के बीच की दूरी 2.75KM है। इस नए सेक्शन पर अलग-अलग गति से ट्रेन चलाकर ट्रैक की क्षमता, ब्रेकिंग सिस्टम, सिग्नलिंग और स्टेशनों के बीच तालमेल की जांच की जा रही है। अभी भूतनाथ से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल के बीच 3.45 किमी में मेट्रो का परिचालन हो रहा है। नए सेक्शन के जुड़ने के बाद पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से मलाही पकड़ी तक कुल 6.2KM एलिवेटेड ट्रैक पर मेट्रो चलेगी। पटना मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक, कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) की टीम को जांच के लिए 25 फरवरी को आना था, लेकिन, कुछ कारणों से उस दिन टीम नहीं आ रही है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, CMRS की टीम अब मार्च में पटना पहुंचेगी। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और



**जंक्शन के पास 3 फ्लोर का बनेगा इंटरचेंज स्टेशन**

खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी। सब कुछ ठीक रहा तो होली बाद मेट्रो ट्रेन 5 स्टेशनों तक दौड़ेगी। पटना मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच परिचालन की अंतिम तैयारियां चल रही हैं। इस सेक्शन के शुरू होते ही यात्री मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक कुल 6.2 किमी एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक पर सफर कर सकेंगे। इस रूट पर 5 स्टेशन होंगे- पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरोमाइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी। खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2, दोनों दिशाओं में जाने वाली मेट्रो उपलब्ध होगी।

## फतुहा में ई-रिक्शा ड्राइवर-ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो सवार को पीटा

एजेंसी, पटना

पटना के फतुहा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। नयका रोड स्थित मोहिउद्दीनपुर गांव के पास बिहटा-सरमेरा पथ पर एक ई-रिक्शा और स्कॉर्पियो की हल्की टक्कर हो गई। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने ग्रामीणों को बुलाकर स्कॉर्पियो सवारों पर हमला कर दिया। इस मारपीट में दो लोग घायल भी हुए हैं। स्कॉर्पियोसवार पीड़ितों ने आरोप लगाया कि, हमलावरों ने उनके गले से सोने की चेन और गाड़ी में रखे डेढ़ लाख रुपये छीन लिए। उनके हाथों और शरीर पर रॉड से हमले के निशान भी हैं।

**इंश्योरेंस क्लेम का काम कर लौट रहे थे पीड़ितः** आरा निवासी पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि, वे अपने तीन अन्य साथियों के साथ 'इंपीरियल एग्रो प्राइवेट लिमिटेड' में दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर के इंश्योरेंस क्लेम का काम पूरा कर आरा लौट रहे थे। मोहिउद्दीनपुर गांव के पास भारी जाम



लगा था। तभी गलत दिशा से आ रहे एक ई-रिक्शा ने उनकी स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो सवारों ने जब इसका विरोध किया, तो ई-रिक्शा चालक बहस करने लगा। विवाद बढ़ने पर ई-रिक्शा चालक ने फोन कर गांव से लगभग 10 लोगों को बुला लिया।

**ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो को घेरा, शीशे तोड़े- पीड़ितः** पीड़ित राजेश कुमार का आरोप है कि लोहे की रॉड से लैस होकर आए इन ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो को घेर लिया और उसके शीशे तोड़ दिए। इस मारपीट में राजेश कुमार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने फतुहा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# पटना सिटी में दो भाइयों पर फायरिंग, एक की मौत, बकाया पैसे मांगने पर की मारपीट

एजेंसी, पटना

पटना सिटी में बुधवार देर रात पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद दो भाइयों को गोली मार दी गई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों भाइयों को तुरंत पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) पहुंचाया। पीएमसीएच में चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गोलीबारी में घायल दूसरे भाई आकाश का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी स्थिति गंभीर है, लेकिन हालत स्थिर बनी हुई है। इस घटना में आलू-प्याज के कारोबारी सोनू (35) की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई आकाश (21) गंभीर रूप से घायल है। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित मुसल्लहपुर हाट में हुई है। मुख्य आरोपी विकास कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

**बकाया पैसे मांगने पर की मारपीट, इसलिए गोली मार दियाः** पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी विकास कुमार ने पूछताछ में बताया कि उसका पैसा आलू-प्याज व्यापारी सोनू कुमार के पास बकाया था। यही पैसा मांगने गए थे, तब दोनों भाई उनके साथ मारपीट करने लगे। इस



मारपीट से वह बेहद गुस्से में था और अपने कुछ साथियों को लेकर फिर से प्याज व्यापारियों के पास पहुंचा। उसने दोनों भाईयों पर गोली चला दी, जिसमें एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही सुलतानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी

♦ बदला लेने मारी गोली, दूसरे की हालत गंभीर

की। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए हैं, जिससे तीन राउंड फायरिंग का अनुमान है। सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि, 'फॉरेंसिक साइंस लैब (FSL) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद घटना में शामिल अभियुक्त की पहचान विकास कुमार के रूप में की गई है।' इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**कबाड़ी का काम करता है आरोपीः** थाना प्रभारी ने बताया कि, 'प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कबाड़ी का काम करता है और इसी इलाके का निवासी है। बकाया पैसा के लेनदेन को लेकर विवाद इतनी बढ़ गई कि गोलीबारी कर दी गई।' इस घटना के बाद मुसल्लहपुर हाट के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में चिंता है। उनका कहना है कि इलाके में पहले भी छोटे-मोटे विवाद होते रहे हैं, लेकिन फायरिंग की इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


## नीट छात्रा रेप-मौत केसः मनीष रंजन को नहीं मिली जमानत

# कोर्ट की जांच अधिकारियों को फटकार, कहा- क्यों न आपके ऊपर ही केस कर दिया जाए?

एजेंसी, पटना

पटना के नीट छात्रा रेप-मौत मामले में जेल में बंद मनीष रंजन की जमानत याचिका पर गुरुवार को पटना के कोर्ट में सुनवाई हुई। करीब एक घंटा बहस चलने के बाद कोर्ट ने मनीष रंजन को जमानत नहीं दी है। अब तक की जांच पर कोर्ट ने सवाल उठाया है। लापरवाही सामने आने पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए जांच अधिकारियों को कहा कि क्यों न आपके ऊपर ही केस कर दिया जाए? सुनवाई के दौरान पटना पुलिस से सचिवालय SDPO-1 अन्नू कुमारी खुद मौजूद थीं। उनके साथ CBI की टीम भी मौजूद थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

पिछले 43 दिनों से मनीष राजधानी के बेऊर जेल में बंद है। शम्भू गर्ल्स हॉस्टल जिस बिल्डिंग में चलाता था, मनीष उसी का मालिक है। मामले में बवाल बढ़ने के बाद पटना पुलिस ने मनीष के खिलाफ कार्रवाई की थी। छात्रा की मौत के तीसरे दिन यानी 14 जनवरी को पुलिस ने उसे



गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया। वहां से इसे ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेज दिया गया। तब से मनीष बेऊर जेल में बंद है।

**पटना पुलिस और CBI पर जांच में गड़बड़ी के आरोपः** स्पेशल PP सुरेश चंद्र प्रसाद के अनुसार, पहले पटना पुलिस और फिर बाद में CBI ने इस केस की जांच में गड़बड़ी की है। मनीष रंजन को गिरफ्तार करने के बाद उससे कभी पूछताछ हुई ही नहीं। पुलिस ने कभी भी पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर भी नहीं लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि, 'जब केस CBI ने टेक ओवर किया तो केस को मजिस्ट्रेट कोर्ट में ही भेज दिया। जबकि, छात्रा के नाबालिग होने के कारण CBI को पॉक्सो कोर्ट में भेजना चाहिए था।' 28 फरवरी को जब इस मामले में अगली सुनवाई होगी, तब पुलिस और CBI को पूरी तैयारी करके आने को कहा है। कब किससे पूछताछ की और किसका बयान लिया गया है। इसकी पूरी चेन बनाकर लेकर आने को कहा है।


**सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई है- पीड़ित पक्ष के वकीलः** पीड़ित पक्ष के वकील एसके पांडेय ने बताया कि, 'सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई है, इस बात को रखा गया है। पुलिस ने मनीष रंजन का मोबाइल क्यों नहीं सीज किया? उसकी पड़ताल क्यों नहीं की? इस सवाल को उठाया गया है।' कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि मनीष रंजन को क्यों गिरफ्तार किया? इस पर अपना पक्ष रखते हुए बताया गया कि मनीष रंजन ही इस प्रकरण का मास्टरमाइंड है। कपडों पर सीमेन मिला, इसके बाद जांच हुई, लेकिन सवाल यह है कि ये लोग आज तक अपराधी तक कैसे पहुंच नहीं पाए।

## बिहार में खुलेगा पहला वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर

एजेंसी, पटना

बिहार में खेलों के समग्र विकास के लिए जल्द ही एक वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर खोला जाएगा। यह राज्य का पहला ऐसा केंद्र होगा। इसकी स्थापना के लिए स्थान और अन्य औपचारिकताओं पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। इस इन्क्यूबेशन सेंटर में खेल की आधारभूत संरचनाओं, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट, स्पोर्ट्स साइंस, खेल के क्षेत्र में शोध एवं विकास, स्पोर्ट्स एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से काम किया जाएगा। उद्देश्य यह है कि इन नवाचारों को प्रभावी ढंग से लागू कर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में ठोस सुधार लाया जा सके।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि, 'खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, IIT पटना, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट



♦ स्पोर्ट्स इक्विपमेंट से लेकर स्पोर्ट्स साइंस तक, स्पोर्ट्स एंटरप्रेन्योरशिप का मिलेगा मौका

ऑफ मैनेजमेंट पटना और IIM बोधगया के संयुक्त मार्गदर्शन और प्रयास से राज्य में एक अत्याधुनिक विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने पर विशेषज्ञों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। यह बुनियादी स्तर से लेकर उच्च स्तर के खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।'

## राजस्व वसूली में लापरवाही पर बिहार परिवहन विभाग सख्त

एजेंसी, पटना

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 तक निर्धारित राजस्व लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर बिहार परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। विभागीय स्तर पर की गई समीक्षा में यह सामने आया कि कई जिलों में राजस्व संग्रहण की प्रगति बेहद धीमी रही है और निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में पदस्थापित जिला परिवहन पदाधिकारी (DTO), अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (ADTO), मोटर वाहन निरीक्षक (MVI) एवं प्रवर्तन अवर निरीक्षक (Enforcement Sub-Inspector) सहित कुल 40 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**तीन दिनों में मांगा गया जवाबः** परिवहन विभाग ने संबंधित




अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ़ प्रपत्र 'क' गठित कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करना जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लक्ष्य के मुकाबले कम उपलब्धि को गंभीर प्रशासनिक शिथिलता माना गया है।

# पटना में बना बिहार का पहला मॉडर्न श्मशान घाट

एजेंसी, पटना

पटना के बांस घाट में हाई टेक श्मशान घाट का निर्माण किया गया है, जो कि बिहार का पहला मॉडर्न श्मशान घाट माना जा रहा है। यह श्मशान घाट 4.5 एकड़ में फैला है, जिसे 89.40 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह पिछले श्मशान घाट से तीन गुना बड़ा है, जो केवल 1.24 एकड़ में फैला था। पटना स्मार्ट सिटी और बुडको इस पूरे श्मशान घाट को विकसित किया गया है।

**श्मशान घाट में मोक्ष द्वार और बैकुंठ द्वार बनाए गएः** इस श्मशान घाट में मुख्य आकर्षण का केंद्र श्मशान घाट के दो द्वार हैं, जिसमें से एक मोक्ष द्वार और दूसरा बैकुंठ द्वार है। दोनों द्वार 42 फीट ऊंचा है। इसमें से एक एंट्री और दूसरा निकास पॉइंट है। दोनों




द्वार में कांसे से बना ओम चिन्ह भी स्थापित किया गया है। इन दोनों द्वार को जालंधर के कारीगर ने तैयार किया है।

**अंतिम संस्कार की सामग्री के लिए बनाए गए 4 दुकानः** श्मशान घाट में द्वार से अंदर इंटर करते ही बाएं साइड में 4 दुकानें बनाई गई हैं, जिसमें अंतिम संस्कार को लेकर सामग्री मिलेंगी। लोग पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार करने के लिए यहां से सामान खरीद सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि अंतिम संस्कार करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हों।

**एक साथ 18 शवों के अंतिम संस्कार की मिलेगी सुविधाः** बांस घाट के इस नए परिसर में एक साथ 18 शवों

**आदियोगी के तर्ज पर शिव प्रतिमा स्थापित, कैंटीन-वेटिंग हॉल भी मौजूद, ऑनलाइन कर सकते हैं स्लॉट बुक**

के अंतिम संस्कार की सुविधा मिलेगी। इसमें से 4 इलेक्ट्रिकल ओवन, 6 सेमी-इलेक्ट्रिकल और 8 ट्रेडिशनल तरीके से शव को जलाने की व्यवस्था है। इनमें चार इलेक्ट्रिक ओवन गुजरात से मंगाए गए हैं, जबकि 6 वुड क्रीमेसन ओवन बिहार की ही कंपनी ने तैयार किया हैं। इलेक्ट्रिक वाले में 15-20 मिनट में शव जलकर राख हो जाएंगे, जिसके लिए इलेक्ट्रिक पैनल भी बनाया गया है। इलेक्ट्रिक शवदाहगृह पारंपरिक लकड़ी के मुकाबले 90 फीसदी कम प्रदूषण फैलाते हैं।

हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
बोकारो, शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### होलिका दहन पर भक्त प्रहलाद की निकलेगी शोभा यात्रा

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर। होलिका दहन उत्सव समिति की ओर से दो मार्च को आयोजित भक्त प्रहलाद की शोभा यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। यह वर्ष समिति के लिए विशेष है, क्योंकि यह शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रही है। समिति ने इस अवसर पर उत्सव को भव्य और यादगार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। हिंदू युवा वाहिनी भी कार्यक्रम को भव्य रूप देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। शोभा यात्रा में सांस्कृतिक रंग भरने के लिए फगुआ गीतों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 11 ब्राह्मणों द्वारा शंख ध्वनि और 51 किलो गुलाब की पंखुड़ियों से सजावट की जाएगी। यह यात्रा नार्मल तिराहा से पांडेयहाता चौराहा तक जाएगी।

### काशी में 10 प्राथमिक नेत्र जांच केंद्रों का शुभारंभ

**वाराणसी , एजेंसी।** स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी अभियान के अंतर्गत श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के तत्वावधान में काशी क्षेत्र में 10 प्राथमिक नेत्र जांच केंद्रों एवं सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम दुर्गाकुंड स्थित श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय में आयोजित हुआ। सीएमओ डॉ. राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी डीके सिंह सहित अन्य अतिथियों ने एक केंद्र का उद्घाटन किया। जबकि शेष केंद्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। सेवा फाउंडेशन की प्रतिनिधि श्रद्धा नितनावरे ने बताया कि संस्था का लक्ष्य रोकी जा सकने वाली अंधता को समाप्त करना है और सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के साथ साझेदारी इस दिशा में सशक्त प्रयास है। संस्थान के सीईओ डॉ. इलेश जैन ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक नेत्र सेवाएं पहुंचाना ही संस्थान का लक्ष्य है।

### राप्तीनगर विस्तार की समस्याओं पर आवंटियों ने सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर। राप्तीनगर विस्तार आवासीय योजना आवंटी संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कॉलोनी की लंबित समस्याओं को लेकर गोरखपुर विकास प्राधिकरण के सचिव पुष्पराज सिंह से मुलाकात की। संगठन के अध्यक्ष डॉ. आर. के. पांडेय के नेतृत्व में पहुंचे सदस्यों ने ज्ञापन सौंपते हुए होली से पूर्व सभी बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त कराने की मांग उठाई। समिति के संरक्षक रमेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2018 में कब्जा मिलने के बाद भी कॉलोनी में आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी हैं। उत्तर दिशा की बाउंड्रीवॉल अधूरी पड़ी है, जिससे असामाजिक तत्वों की आवाजाही बनी रहती है। इसके अलावा साफ-सफाई, नियमित जलापूर्ति और पार्कों के सुंदरीकरण की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने नालियों और सीवर चैंबरों पर स्लैब न डाले जाने पर नाराजगी जताई।

### घर में घुसा गिट्टी लदा डंपर, चालक की मौके पर मौत; सोते हुआ परिवार बाल-बाल बचा

**कानपुर , एजेंसी।** फतेहपुर जिले में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। स्लग-गिट्टी लदा एक डंपर अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे-दो किनारे बने एक घर में जा घुसा। दुर्घटना में डंपर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि घर के अंदर सो रहे लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, डंपर चालक कबरई से स्लग-गिट्टी लोड कर उन्नाव के तकिया की ओर जा रहा था।जैसे ही वाहन कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गुगौली मोड़ के पास पहुंचा, तभी डंपर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे बने एक मकान में घुस गया। तेज आवाज के साथ हुए हादसे से आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के वक्त घर के अंदर मौजूद लोगों ने किसी तरह जान बचाई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची।

# योगी सरकार ने दिया कर्मचारियों को होली का तोहफा

## फरवरी का वेतन फरवरी में ही जारी करने के आदेश



**लखनऊ, एजेंसी।** होली पर्व के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत दी है। शासन ने निर्देश जारी करते हुए फरवरी 2026 का वेतन तथा पेंशन/पारिवारिक पेंशन 28 फरवरी 2026 को ही आहरित एवं वितरित करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

वित्त विभाग के वित्त (लेखा) अनुभाग-1 की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, 1 मार्च 2026 को सामान्य अवकाश तथा 2 मार्च 2026 को होलिका दहन के सार्वजनिक अवकाश के कारण वेतन भुगतान की नियमित तिथि प्रभावित हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल की स्वीकृति से यह निर्णय लिया गया है।

### 28 फरवरी को जारी करने के आदेश

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों तथा कार्यभारित कर्मचारियों को देय वेतन के साथ-साथ कोषागारों से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को भी फरवरी माह का भुगतान 28 फरवरी को किया जाएगा।

शासन ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का त्वरित अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कर्मचारियों और पेंशनरों को त्योहार से पूर्व किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस निर्णय से लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को होली से पहले आर्थिक राहत मिलेगी।

### बेसिक-माध्यमिक के अधिकारियों-कर्मचारियों को दो से पहले मिलेगा वेतन

प्रदेश में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को 2 मार्च से पहले वेतन जारी करने के निर्देश दिया गया है। होली को देखते हुए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सभी संबंधित अधिकारियों को इसके लिए निर्देश जारी किए हैं।

महानिदेशक ने बेसिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक, मध्याह्न भोजन प्राधिकरण व वित्त नियंत्रक को निर्देश दिया है कि दो मार्च को होलिका दहन व चार मार्च को होली है। इसे देखते हुए वे अपने कार्यालय व निदेशालय के कार्यरत सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, आउटसोर्स, संविदा व दैनिक के वेतन भुगतान दो मार्च से पहले सुनिश्चित करें।

### चयन वेतनमान न मिलने से शिक्षकों में बढ़ रही नाराजगी

परिषदीय विद्यालयों में 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा के बाद भी शिक्षकों को चयन वेतनमान देने का नियम है किंतु छह महीने बाद भी कई जिलों में चयन वेतनमान नहीं दिया जा रहा है। लखनऊ में बीएसए के आदेश के बाद भी वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा इस पर कार्यवाही न किए जाने से शिक्षकों में काफी नाराजगी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से शिक्षकों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ता है। लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय न होने से मामले को लटकाकर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा, दिसंबर 2024 में जब ऑनलाइन चयन मॉड्यूल लागू किया गया तो शिक्षकों में विश्वास जगा था कि अब कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पर, अफसरों के रवैये से प्रदेश भर के शिक्षकों में नाराजगी है।

# काशी समेत पूरे देश में होली के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह, विशेषज्ञ बोले- चंद्रग्रहण के चलते बदला रंग खेलने का समय

**वाराणसी , एजेंसी।** काशी समेत पूरे देश में होली के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। रंग-अबीर और मुखौटे से बाजार सज गए हैं। वहीं परदेशियों कि घर आने की होड़ में ट्रेनों में भी भीड़ बढ़ गई है। वहीं कुछ जगहों पर होली किस दिन मनाई जाएगी इसे लेकर संशय है। ऐसे में आइए जानते हैं कि काशी में कब होली मनाई जाएगी।

इस बार होलिका आधी रात के बाद या तड़के सुबह जलाई जाएगी तो उसके दो दिन बाद होली मनाई जाएगी। बीएचयू के अनुसार तीन मार्च को चंद्रग्रहण होने से होली नहीं मनाई जाएगी। पूरे देश में एक साथ चार मार्च को ही होली होगी। वहीं, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की ज्योतिषीय गणना कहती है कि तीन मार्च को भी काशीवासी होली खेल सकते हैं लेकिन दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 6.47 बजे तक रंग-अबीर लगाने का काम नहीं कर सकते।

### भद्रा काल में किया जा सकता है होलिका दहन

होलिका दहन को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार शुक्ल ने बताया कि होलिका का दहन दो मार्च की आधी रात 3:24 बजे के बाद भद्रा काल में होलिका दहन किया जा सकता है। वहीं, यदि भद्रा पूर्ण समाप्त होने की प्रतीक्षा की जाए तो सुबह 5:33 बजे के बाद भद्रारहित काल में भी दहन संभव है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार यह तिथि तीन मार्च में प्रवेश कर जाएगी।



प्रो. शुक्ल ने कहा कि तीन मार्च को भद्रा के कारण होली में दिन में रंग नहीं खेला जा सकेगा। ग्रहण काल शुरू होने से रंग-गुलाल, जलपान आदि वर्जित रहेगा। चंद्रग्रहण शाम 6:47 बजे के बाद समाप्त होगा। ग्रहण समाप्ति और स्नान के बाद ही पुनः अबीर-गुलाल खेला जाएगा।

# कत्ल करने के बाद पनीर और मिठाई खरीदकर लाया था अक्षत, चाची ने पकाया खाना; नीले ड्रम कांड में नया खुलासा

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ में कारोबारी की हत्या के मामले में नया खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि पिता की हत्या के बाद आरोपी बेटा पनीर और मिठाई लाया था। उसकी चाची ने खाना बनाया था। इस दौरान आरोपी के चेहरे पर शिकन नहीं थी। वारदात की किसी को भनक नहीं लगने दी।

उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में शराब कारोबारी और पैथोलोजी संचालक की हत्या के मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पिता की हत्या करने वाले बेटे को लेकर कई खुलासे हुए हैं। पिता की हत्या करने के बाद आरोपी बेटे अक्षत के चेहरे पर पछतावे की शिकन तक नहीं थी। कत्ल के बाद उसने घर में ऐसा सामान्य माहौल बनाया कि किसी को भनक तक न लगे। जिस पिता ने बच्चों की खातिर दूसरी शादी नहीं की, उनके खून से हाथ रंगने के बाद अक्षत बाजार से पनीर और मिठाई खरीद कर लाया।

मानवेंद्र के भाई अरविंद की पत्नी ही पूरे परिवार के लिए भोजन बनाती थीं। हत्या के बाद अक्षत ने चाची को पनीर लाकर दिया। चाची ने खाना तैयार किया और फिर घर के अन्य सदस्यों के साथ बैठकर अक्षत ने सामान्य तरीके से भोजन किया।

उसने मिठाई भी खिलाई ताकि किसी को शक न हो कि घर के भीतर कोई खौफनाक वारदात हुई है। उधर, वारदात के समय आरोपी की बहन कक्षा 11 की छात्रा कृति पिता और भाई के साथ कमरे में ही थी।

पिता की मौत के बाद अक्षत ने कृति को खौफ की ऐसी जंजीरों में जकड़ा कि वह पत्थर बन गई। अक्षत ने उसे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो वह उसे भी मार देगा।

खौफ का आलम यह था कि 20 फरवरी को कृति परीक्षा देने स्कूल भी गई। उसने परीक्षा दी, लेकिन न तो शिक्षकों और न ही सहेलियों से कुछ साझा किया। वह चुपचाप घर लौटी और भाई के आदेशों का पालन करती रही।

# बैरहना गांव में तबाही का मंजर; नहर की खांधी फटने से 100 बीघा फसल जलमग्न, घरों में घुसा पानी



**कानपुर , एजेंसी।** फतेहपुर जिले में नगर पंचायत असोथर क्षेत्र के बैरहना गांव में नहर की खांधी टूटने से भारी तबाही मच गई। नहर का तटबंध फटते ही तेज बहाव के साथ पानी खेतों में फैल गया और करीब 100 बीघा कृषि योग्य भूमि पूरी तरह जलमग्न हो गई। किसानों की खड़ी फसलें नष्ट होने की कगार पर पहुंच गई हैं, जिससे उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। नहर का पानी खेतों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि गांव की गलियों से होता हुआ कई घरों में घुस गया। घरों में पानी भरने से गृहस्थी का सामान खराब हो गया।

ग्रामीण बाल्टियों और मोटरों की मदद से घरों से पानी निकालने में जुटे रहे। अचानक हुए जलभराव से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसानों का कहना है कि जलभराव के कारण फसलों के साथ-साथ खेतों की उपजाऊ मिट्टी का भी कटाव हो रहा है, जिससे आने वाले समय में खेती करना मुश्किल हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार नहर की पटरी काफी समय से कमजोर थी और इसकी जानकारी संबंधित विभाग को कई बार दी गई, लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई।

**फसल डूब गई और घरों का सामान बर्बाद :** इसी लापरवाही का खामियाजा आज पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी आंखों के सामने फसल डूब गई और घरों का सामान बर्बाद हो गया।

कई परिवारों के सामने साल भर के भोजन का संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और नहर विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर नुकसान का तत्काल आकलन कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

# चैंपियन बना दृश्य कला, एमएमवी और कला संकाय को दूसरा-तीसरा स्थान, विष्णु अवतार का लाइव प्रसारण

**वाराणसी , एजेंसी।**

स्पंदन के पांच दिनों तक चली प्रतियोगिताओं के रिजल्ट बुधवार को एंफीथिएटर ग्राउंड में घोषित कर दिए गए। दृश्य कला संकाय सर्वोच्च सम्मान पाकर स्पंदन चैंपियन का खिताब जीत लिया। महिला महाविद्यालय की लड़कियां दूसरा स्थान हासिल कर उपविजेता बनीं। कला संकाय को दूसरा उपविजेता घोषित किया गया। इन टीमों को उनके 20 से ज्यादा कलाओं में बेहतर अंक हासिल करने के चलते विजेता घोषित किया गया। सांत्वना के तीन पुरस्कारों में लड़कियों के दो कैंपस रहे। कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि प्रतियोगिताएं एक ओर विजय जश्न का तो हार निराशा पैदा कर देती है। मगर वे सीख और विकास का माध्यम ही होती हैं।

अंतर-संकाय युवा महोत्सव के समापन पर कुल आठ शानदार प्रस्तुतियां हुईं। संगीत खंड का शुभारंभ प्रदर्शन कला संकाय ने पश्चिमी समूह गीत से किया गया। बाद में महिला महाविद्यालय और वसंत कन्या महाविद्यालय ने भारतीय समूह गीत प्रस्तुत किए। कोरियोग्राफी खंड में आरजीएससी ने 'विष्णु अवतार' का लाइव प्रसारण किया।

इसमें भगवान विष्णु के कई अवतारों को दिखाया गया। कला संकाय ने शास्त्रीय एकल गायन पर प्रस्तुति दी। दृश्य कला संकाय ने केरल की लोक-जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी। आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने बिहार लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। एमएमवी ने ÷7 स्टेजेज ऑफ एनलाइटनमेंट÷ शीर्षक से प्रस्तुति देकर मानव आत्मा की आध्यात्मिक यात्रा को रचनात्मक रूप में अभिव्यक्त किया।



**रीमिक्स इरा में लेकर गया म्यूजिक मंत्रा :** म्यूजिक मंत्रा बैंड ने फ्यूजन और ऑर्केस्ट्रा से युवा दर्शकों को खूब झूमाया। डॉ. आलोक द्विवेदी की टीम ने भोले ओ भोले से संध्या कार्यक्रम की शुरुआत की। रोते हुए आते हैं सब और नीले नीले अंबर सुनाकर दर्शकों को पुराने गानों के रीमिक्स इरा में लेकर चला गया। खईके पान बनारस वाला और मैं हूं डॉन के साथ और ज्यादा बढ़ गया। समापन समारोह के संयोजक प्रो. भुवन चंद्र कापड़ी और सह-संयोजक प्रो. आरती निर्मल भी मौजूद रहीं।

स्पंदन 2026 के संयोजक प्रो. भुवन चंद्र कापड़ी ने कहा कि महोत्सव के लिए वार्षिक कैलेंडर पूर्व निर्धारित किया जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। सह-संयोजक प्रो. आरती निर्मल ने कई प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की, जबकि प्रो. कापड़ी ने औपचारिक रूप से चैंपियनशिप के रिजल्ट को मंच पर रखा। छात्र अधिष्ठाता प्रो. रंजन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को उत्साहपूर्ण सहभागिता और सामूहिक प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय में एकता और सृजनात्मकता की भावना को मजबूत बनाते हैं।

# शंकराचार्य के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में उतरे कांग्रेसी



**कानपुर , एजेंसी।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और नारे लगाते हुए पैदल मार्च किया। उन्होंने शंख, मजीरे और खंजरी भी बजाई।

महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य को संगम में स्नान से रोका गया। उनके साथ कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार भी किया गया। उन्होंने इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। रंजन शर्मा ने शंकराचार्य के खिलाफ फर्जी प्राथमिकी दर्ज करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, हरिकिशन वर्मा, धूम सिंह गुर्जर , आदित्य शर्मा, सतीश शर्मा, सलीमुद्दीन शाह, अनिल अरोड़ा, राज केसरी, डॉ दिनेश मोहन शर्मा, राकेश मिश्रा, सौरभ शर्मा, महेंद्र गुजर्र समेत काफी कार्यकर्ता रहे।

# 36 साल पहले चायपत्ती में मिलावट का दर्ज हुआ था केस..मामला कोर्ट में, सैंपल सड़ चुका

**गोरखपुर , एजेंसी।** पिपराइच में ही वर्ष 2008 में एक दुकान पर पैकेटबंद नमकीन का नमूना फेल मिला था। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के 7/16 जीएफए एक्ट के तहत दयाशंकर गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई। इस मामले की सुनवाई पूरी हो गई है लेकिन सैंपल विभाग में मौजूद है। नियमतः इसे नष्ट करा देना चाहिए।

गोरखपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यालय में सैंपल रखने की व्यवस्था बदहाल है। हालात ये हैं कि मिलावट के मामले अभी कोर्ट में विचाराधीन हैं, लेकिन कई के सैंपल ही खराब हो गए हैं। तकरीबन 36 साल पहले चौरीचौरा क्षेत्र में मिलावटी चायपत्ती की खेप पकड़ी गई।

इस मामले में दुकानदार सुनील के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई और अभी भी सिविल कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है, लेकिन तब लिया गया सैंपल सड़ चुका है। यह हाल तब है कि जब सुनवाई के दौरान कोर्ट कभी भी सैंपल मंगा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में आरोपी को इसका फायदा मिल सकता है।

ये बस बानगी भर है। बहुत सारे ऐसे मामले हैं, जिनकी कोर्ट में लंबे समय से सुनवाई चल रही है। कुछ ऐसे भी हैं, जिनमें कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर आदेश पारित कर दिया है लेकिन इनके भी सैंपल आलमारी और बक्शे में रखे हुए हैं। इसकी वजह से जिन सैंपल को सुरक्षित रखना चाहिए, वे बेतरतीब तरीके से एक कमरे में रखने पड़ रहे हैं। पिपराइच में ही वर्ष 2008 में एक दुकान पर पैकेटबंद नमकीन का नमूना फेल मिला था। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के 7/16 जीएफए एक्ट के तहत दयाशंकर गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई। इस मामले की सुनवाई पूरी हो गई है लेकिन सैंपल विभाग में मौजूद है। नियमतः इसे नष्ट करा देना चाहिए।

वर्ष 2006 में नया खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम लाया गया। पूरी तरह से 2012 में पूरी तरह से लागू हो पाया। उसी दौरान जिले में विभाग का दफ्तर भी खुला। इसके पहले यह सीएमओ कार्यालय के अधीन था। 2012 के बाद मिलावट के मामले में करीब 1300 एफआईआर हुई है और इनके सैंपल लिए गए। इसके पहले के भी 2000 से ज्यादा सैंपल सीएमओ कार्यालय से भेजे गए। इनमें अभी तक 1400 से ज्यादा मामलों की सुनवाई कोर्ट में चल रही है।



सहायक आयुक्त, खाद्य एवं औषधि सुरक्षा डॉ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि नए अधिनियम के मुताबिक, अब एक महीने में ही सैंपल को चैलेंज करना है। जिन मामलों में लैब की रिपोर्ट पॉजीटिव है, उसके सैंपल रखने पड़ते हैं। सैंपल के बेहतर रख-रखाव की व्यवस्था जल्द कर ली जाएगी।

### 19 साल पहले मिठाई के नमूने लिए, सैंपल खराब

पिपराइच क्षेत्र में 2007-08 में मिठाई के नमूने फेल मिले थे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने 7/18 जीएफए एक्ट के तहत दुकानदार राममिलन गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मामले की सुनवाई अभी भी चल रही है। छेना की मिठाई के नमूने अब किसी काम के नहीं हैं।

### आरोपी दोषमुक्त, सैंपल अब भी सुरक्षित

वर्ष 2008-09 में चौरीचौरा में अवधेश और बाबूराम उर्फ रमेश की दुकान पर अरहर दाल में खेसारी दाल की मिलावट पकड़ी गई। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद प्राथमिकी दर्ज हुई। बाबूराम को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया। आज भी वह सैंपल विभाग में पड़ा हुआ है। उसे नष्ट नहीं कराया गया।

### एक्सपर्ट कमेंट

जब तक केस की सुनवाई चल रही है, सैंपल को सुरक्षित रखना होता है। कभी-कभी सैंपल को चैलेंज किया जाता है। ऐसे में सैंपल पर लगे टैग से रिपोर्ट की मिलान की जाती है। कुछ सैंपल जल्दी नष्ट होने वाले होते हैं। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी विभाग की है। अगर कोर्ट में साक्ष्य नहीं मिलेंगे तो इसका लाभ आरोपी को मिल सकता हैः

**वीके मालवीय,** वरिष्ठ अधिवक्ता

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 100 नेपाली नागरिकों को स्वदेश भेजे जाने की तैयारी

**काठमांडू।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 100 से अधिक नेपाली नागरिकों को एक साथ स्वदेश भेजने की तैयारी की है। वाशिंगटन डीसी स्थित नेपाली दूतावास ने संबंधित व्यक्तियों की नागरिकता और पहचान का प्रमाणीकरण कर लिया है। दूतावास की तरफ से जानकारी दी गई है कि अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें तत्काल काठमांडू भेजने की योजना बनाई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से प्रक्रिया में कुछ दिनों की देरी हो रही है। सूची में शामिल अधिकांश लोग वे युवक हैं, जो मेक्सिको के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किए थे। वाशिंगटन डीसी स्थित नेपाली दूतावास के एक अधिकारी ने बताया कि नागरिकों के दस्तावेजों का प्रमाणीकरण दूतावास की नियमित जिम्मेदारी है। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की सूची के आधार पर दूतावास ने उनकी नेपाली नागरिकता की पुष्टि कर दस्तावेज वापस भेज दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिनकी नागरिकता प्रमाणित हो चुकी है, वे अब नेपाल लौटेंगे। चूंकि, अधिकांश अवैध प्रवासियों के पास पासपोर्ट नहीं है, इसलिए उन्हें 'एकतर्फी यात्रा अनुमति पत्र' जारी किए जाने के बाद ही विमान से भेजा जाना है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल संभालने के बाद आव्रजन नीति में कड़ी सख्ती की गई है। आंकड़ों के अनुसार जनवरी में ही 80 नेपाली नागरिक डिपोर्ट किए गए थे, जबकि फरवरी तक यह संख्या बढ़कर 101 हो गई है। ट्रम्प प्रशासन के कार्यभार संभालने के बाद से अब तक लगभग 800 से अधिक नेपाली नागरिकों को डिपोर्ट किया जा चुका है।

### नेपाल-भारत के बीच हुए जैविक विविधता संरक्षण संबंधी द्विपक्षीय समझौता पर हस्ताक्षर

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच जैविक विविधता संरक्षण संबंधी द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारतीय दूतावास की तरफ से गुरुवार को जानकारी दी गई कि नई दिल्ली में नेपाल के वन तथा वातावरण मंत्री माधवप्रसाद चौलागाईं और भारत के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में यह करार हुआ। समझौते पर नेपाल की ओर से राजदूत डॉ. शंकरप्रसाद शर्मा तथा भारत की ओर से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों देशों के उच्च पदस्थ अधिकारी भी उपस्थित थे। नेपाल वन मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. महेश्वर ढकाल ने बताया कि नेपाल और भारत संयुक्त राष्ट्र अंतर्गत जैविक विविधता सहित विभिन्न पर्यावरण संरक्षण संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों के पक्षकार राष्ट्र हैं। दोनों देशों की साझा सीमा से जुड़े क्षेत्रों में संरक्षित क्षेत्र और जैविक कॉरिडोर मौजूद हैं, जहां हाथी, गैंडा और बाघ सहित कई वन्यजन्तु स्वतंत्र और निर्बाध रूप से सीमा पार आवागमन करते हैं। इस समझौते के माध्यम से दोनों देश संरक्षित क्षेत्रों के प्रबंधन, जैविक विविधता संरक्षण, वन्यजन्तु अपराध नियंत्रण, साझा रणनीति अपनाने तथा क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की क्षमता विकास में समन्वय और सहयोग बढ़ाने की अपेक्षा कर रहे हैं। वन मंत्री चौलागाईं के अनुसार यह समझौता सीमा पार क्षेत्रों में वन्यजन्तु चोरी-शिकार और अवैध व्यापार के नियंत्रण, अध्ययन-अनुसंधान और निगरानी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जनचेतना और क्षमता विकास में भी सहायक होगा। समझौते के कार्यान्वयन से सीमा क्षेत्रों में नियमित गश्ती और बैठकों के आयोजन, अनुभव और ज्ञान के आदान-प्रदान, श्रेष्ठ प्रथाओं के विकास और विस्तार तथा वन्यजन्तु एवं अवैध व्यापार संबंधी सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों की जैविक विविधता संरक्षण को मजबूती मिलेगी। नेपाल की ओर से इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए केंद्र स्तर पर मंत्रालय तथा उसके अधीन वन तथा भू-संरक्षण विभाग और राष्ट्रीय निकुञ्ज तथा वन्यजन्तु संरक्षण विभाग कार्य करेंगे। स्थानीय स्तर पर संबंधित प्रदेशों के वन तथा वातावरण मंत्रालय, संरक्षित क्षेत्र और डिविजनल वन कार्यालय समन्वय और सहयोग करेंगे। समझौते के अनुसार जब तक किसी एक पक्ष द्वारा कूटनीतिक माध्यम से लिखित सूचना देकर इसे समाप्त नहीं किया जाता, यह समझौता प्रत्येक पाँच वर्ष में स्वतः नवीनीकृत होगा तथा हर तीन वर्ष में इसकी समीक्षा की जाएगी। कार्यान्वयन के दौरान उत्पन्न किसी भी समस्या का समाधान आपसी समझदारी से किया जाएगा।



### मतदान से ठीक पहले पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा परिवार सहित सिंगापुर पहुंचे

**काठमांडू।** पूर्व प्रधानमंत्री तथा नेपाली कांग्रेस के पदच्युत पार्टी अध्यक्ष शेर बहादुर देउवा आगामी प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले सिंगापुर रवाना पहुंच गए हैं। पांच बार के प्रधानमंत्री और दस वर्षों तक पार्टी के लगातार अध्यक्ष रहे देउवा खुद को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाए जाने के कारण नाराज चल रहे थे। इसीलिए चुनाव प्रचार के लिए आग्रह किए जाने के बावजूद वो कभी अपने निवास से बाहर नहीं निकले। मतदान से एक हफ्ते पहले अचानक से सिंगापुर चले जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि वो अब मतदान भी नहीं करने वाले हैं। देउवा के साथ सिंगापुर गए उनके सहयोगी भानु देउवा ने गुरुवार को सिंगापुर पहुंच कर फेसबुक पर यह जानकारी दी है। उनके अनुसार देउवा बुधवार देर रात 11 बजे काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से सिंगापुर एयरलाइंस के विमान एसक्यू 441 उड़ान से सिंगापुर गए। भानु देउवा ने बताया कि वे उपचार के लिए परिवार के सदस्यों के साथ रवाना हुए हैं। शेर बहादुर देउवा के साथ उनके बेटे जयवीर, उनकी बहू और निजी सहयोगी भानु देउवा सिंगापुर गए हैं। उनकी पत्नी तथा पूर्व विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा इस समय भारत के मध्य प्रदेश में हैं। नेपाली कांग्रेस के 15 जनवरी को हुए विशेष महाधिवेशन के बाद गगन थापा के नेतृत्व में नई कार्यसमिति का चुनाव हुआ था। नेपाल के निर्वाचन आयोग की ओर से थापा नेतृत्व वाली समिति को आधिकारिक मान्यता दिए जाने के बाद से देउवा पार्टी और राजनीतिक गतिविधियों से पूरी तरह निष्क्रिय रहे हैं। इससे पहले 8 और 9 सितंबर को आयोजित जेन-जी आंदोलन के दौरान घायल होने के बाद भी देउवा उपचार के लिए सिंगापुर गए थे। हालांकि, नेपाल में राजनीतिक हालात में सुधार होने के बाद शेर बहादुर देउवा ने काठमांडू से वापस आकर पार्टी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई, लेकिन विशेष महाधिवेशन से उनको पद से हटाने का निर्णय करने के बाद नाराज होकर निष्क्रिय हो गए। पार्टी ने उन्हें इस बार उम्मीदवार भी नहीं बनाया। उनकी इच्छा थी कि वो आखिरी बार चुनाव लड़े। देउवा अपने परम्परागत निर्वाचन क्षेत्र सुदूर पश्चिम प्रदेश के डेडलधुरा से लगातार आठ बार से चुनाव जीतते आ रहे हैं। पार्टी ने इस बार वहां से अपने ही युवा संघ के पूर्व अध्यक्ष नैन सिंह महर को टिकट दिया है।

### दिल्ली में नौकरानी ने मालिक के घर फर्जी रेड कराई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक नौकरानी ने अपने मालिक के घर पर फर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ED) रेड कराई। मामला 11 फरवरी का है। 25 फरवरी को पुलिस ने रेखा देवी नाम की नौकरानी और उसकी भाभी पूजा राजपूत को पूरी साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को पुलिस की वर्दी पहने तीन लोग ED अफसर बनकर 86 साल के रिटायर्ड आर्किटेक्ट आरसी सभरवाल के घर में जबरन घुस गए। आरोपियों ने परिवार को धमकाया और तलाशी के दौरान मोबाइल फोन जब्त कर लिए। सभरवाल के पोते को शक हुआ तो उसने पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद तीनों आरोपी लगभग 3-4 लाख रुपये कैश, सात महंगी घड़ियां और गहने लेकर कार में फरार हो गए। पुलिस ने 24 फरवरी को मामला दर्ज करने के बाद इसकी जांच शुरू की थी। पुलिस ने 350 से अधिक CCTV कैमरों के फुटेज को खंगाला। अंत में एक ब्लू रंग की मारुति सुजुकी बलेनो पर शक हुआ। पुलिस ने घटनास्थल से कार की आवाजाही का पता लगाया तो पता चला कि कार सराय काले खान से होते हुए गाजीपुर बॉर्डर से उत्तर प्रदेश में दाखिल हुई थी। इसके बाद कार गाजियाबाद के वैशाली में एक घर के पास खड़ी देखी गई। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर, पुलिस ने पता लगाया कि दिल्ली में लूट वाली जगह यानी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और वैशाली में कार की पार्किंग वाली जगह पर कौन से मोबाइल नंबर एक्टिव थे।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

## सनकी और क्रूर शासन को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी



मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वॉरशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा। वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है।

**वेंस बोले- बातचीत का अंतिम फैसला ट्रम्प के हाथ में है:** जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा- हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं। हमें उम्मीद है कि इस बार बातचीत बुरे अंजाम तक नहीं पहुंचेगी, लेकिन अगर पहुंचती है तो फैसला राष्ट्रपति ही करेंगे। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ईरान अगले दो हफ्तों में ज्यादा बड़ा प्रस्ताव देगा, जिससे दोनों पक्षों के बीच मतभेद कम किए जा सकें।

**ईरान और अमेरिका के बीच तीसरे दौर की बातचीत आज:** यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका के अधिकारी गुरुवार यानी आज जिनेवा में तीसरे दौर की बातचीत करेंगे। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची अपनी टीम के साथ जिनेवा पहुंच चुके हैं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मिडिल ईस्ट दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। वॉशिंगटन इस बीच 'मैक्सिमम प्रेशर' अभियान के तहत नए प्रतिबंधों की भी तैयारी कर रहा है। ईरान ने जिनेवा वार्ता से पहले अमेरिकी दबाव की रणनीति को खारिज किया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने ट्रम्प के बयानों को झूठ बताया और उन पर दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कई बार चेतावनी दी है कि वार्ता विफल होने पर अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। क्षेत्रीय देशों को आशंका है कि ऐसा कदम संघर्ष को जन्म दे सकता है। ईरान पहले ही चेतावनी दे चुका है कि किसी भी हमले की स्थिति में मिडिल ईस्ट में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य अड्डे उसके निशाने पर होंगे। इससे क्षेत्र में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# राहुल बोले- यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं, शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा

एजेंसी, नई दिल्ली



◆ यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर पीएम मोदी की आलोचना की

नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने PM मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि PM मोदी की सरकार और नॉर्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं।

दरअसल, दिल्ली में आयोजित AI समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही।

सोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुकदमा और जेल, यह लगभग तय है। पेपर लीक से त्रस्त युवाओं ने अपने भविष्य के लिए आवाज उठाई, जवाब मिला लाठियों से। देश की गौरवशाली महिला पहलवानों ने BJP के प्रभावशाली नेता पर लगे गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनकी पुकार को बदनाम किया गया, आंदोलन को कुचला गया, और उन्हें सड़कों से जबरन हटाया गया। एक बलात्कार पीड़ित के समर्थन में इंडिया गेट पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुआ। न्याय की मांग को व्यवस्था के लिए असुविधा मानकर हटा दिया गया। युवा कांग्रेस ने देश का अहित करने वाले US ट्रेड डील का शांतिपूर्ण विरोध किया तो उन्हें देशविरोधी बताकर गिरफ्तार कर लिया। जब आम लोग जहरीली हवा के खिलाफ खड़े हुए, तो पर्यावरण की चिंता को भी राजनीति कहकर दबा दिया गया। जब किसानों ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन किया, तो उन्हें देशविरोधी करार दिया गया। आंसू गैस, रबर की गोलियां, पानी की बौछारें और लाठियां, यही संवाद का माध्यम बना।

# 'करप्शन इन ज्यूडीशियरी' वाली एनसीईआरटी किताब पर बैन

एजेंसी, नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली NCERT के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। कोर्ट ने इस मामले में NCERT डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है।

CJI ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। NCERT पर अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विवादित चैप्टर को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उसका अपमान करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

# यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी पर 18 घंटे हाईवोल्टेज ड्रामा, हिमाचल पुलिस ने 2 बार दिल्ली पुलिस को रोका

एजेंसी, शिमला



❐ एआई समिट में अर्धनग्न प्रदर्शन किया था

दिल्ली में AI समिट में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने के आरोप में 3 यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को हिमाचल और दिल्ली पुलिस में टकराव हो गया। दिल्ली पुलिस ने शिमला के एक होटल से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 3 नेताओं को गिरफ्तार किया, लेकिन हिमाचल पुलिस ने उन्हें आधे रास्ते में रोक लिया और दिल्ली नहीं ले जाने दिया।

हिमाचल पुलिस का तर्क था कि इस बारे में दिल्ली पुलिस ने कोई औपचारिक सूचना नहीं दी। हिमाचल में सादे कपड़ों में आकर मेहमानों को उठाया गया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी दोनों पुलिस में बहस होती रही। इसके बाद जज ने फाइल तैयार करने को कहा तो दिल्ली पुलिस फिर बिना कागजी कार्रवाई के तीनों नेताओं को ले गई।

इसका पता चलते ही हिमाचल पुलिस ने फिर उन्हें रोक लिया। इसके बाद तीनों नेताओं को कोर्ट में पेश कर दिल्ली पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड लिया। करीब 18 घंटे तक दिल्ली और हिमाचल पुलिस के बीच ड्रामा चलता रहा। फिर गुरुवार सुबह करीब पौने 6 बजे दिल्ली पुलिस तीनों नेताओं को लेकर चली गई।

दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर AI समिट के दौरान शर्टलैस होकर PM मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे। सीएम के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले प्रोटोकॉल को फॉलो नहीं किया। गिरफ्तारी का कोई वारंट नहीं दिखाया और किचन के रास्ते पुलिस रिसॉर्ट में घुसी। यह कार्रवाई सरासर गलत है।

# राजस्थान में 12000 किलो बारूद से दहल उठेगा पाकिस्तान बॉर्डर, 77 फाइटर जेट दिखाएंगे ताकत

एजेंसी, जैसलमेर



◆ राष्ट्रपति मुर्मू पहली बार लड़ाकू हेलिकॉप्टर में भरेंगी उड़ान

पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति-2026' कल (27 फरवरी) होगा। युद्धाभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। वे 2 दिवसीय (26 और 27 फरवरी) जैसलमेर दौरे पर हैं। तय शेड्यूल के अनुसार- राष्ट्रपति 27 फरवरी को कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (LCH) 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगी। इस दौरान वे युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई मुआयना करेंगी। यह पहली बार होगा, जब राष्ट्रपति जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर की सह-पायलट बनेंगी। इसके बाद वे वायुसेना स्टेशन पर अधिकारियों और जांबाजों के साथ संवाद कर उनका हौसला बढ़ाएंगी। गुरुवार शाम को राष्ट्रपति पोकरण रेंज पहुंचेंगी, जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में 'वायु शक्ति' युद्धाभ्यास की शुरुआत होगी। इस दौरान आसमान से बरसती आग और सटीक निशानों के जरिए वायुसेना अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेगी।

**आसमान से बरसेगी स्वदेशी मारक क्षमता:** 'वायु शक्ति-2026' में प्रचंड के अलावा राफेल, सुखोई-30 MKI और अपाचे जैसे विमान भी अपनी ताकत दिखाएंगे। राष्ट्रपति की इस यात्रा को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जैसलमेर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चांधन से लेकर पोकरण तक पूरे इलाके को 'नो फ्लाई जोन' घोषित कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भारतीय वायुसेना के विमानों से पुराना और गहरा नाता रहा है। वे न केवल सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं, बल्कि उन्होंने खुद फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स में उड़ान भरकर देश के जवानों का हौसला बढ़ाया है।

**सुखोई और राफेल में भर चुकी हैं उड़ान:** राष्ट्रपति मुर्मू ने 29 अक्टूबर, 2025 को अंबाला स्थित 'गोल्डन एरोज' स्क्वॉड्रन के राफेल विमान में उड़ान भरकर एक नया इतिहास रचा था। वे दो अलग-अलग लड़ाकू विमानों (सुखोई और राफेल) में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बनीं। करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर लगभग 700 किमी/घंटा की रफ्तार से उन्होंने राफेल की ताकत को महसूस किया था। राष्ट्रपति मुर्मू ने असम के तेजपुर बेस से 8 अप्रैल 2023 को सुखोई-30 MKI में करीब 30 मिनट की उड़ान भरी थी। उन्होंने हिमालय की चोटियों और ब्रह्मपुत्र घाटी के ऊपर से गुजरते हुए विमान की मारक क्षमता और वायुसेना की तैयारियों का जायजा लिया था। वे सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति बनीं थीं। इससे पहले प्रतिभा पाटिल उड़ान भर चुकी हैं।

# सूरत की आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील कंपनी में हंगामा

एजेंसी, सूरत



गुजरात के सूरत में हजीरा स्थित आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील कंपनी में गुरुवार सुबह हंगामा हो गया। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल पर उतरे कर्मचारी अचानक बिफर गए। उन्होंने 10 से ज्यादा गाड़ियों मे आग लगा दी। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर भी हमला कर दिया, जिसमें महिला डीसीपी घायल हो गईं। वेतन वृद्धि की मांग लेकर 5000 कर्मचारियों ने काम रोका कंपनी के बन रहे नए प्लांट में आज सुबह 5000 से ज्यादा कर्मचारी अचानक काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए। हड़ताल की मुख्य वजह काम के घंटों में हुई बढ़ोतरी को कम करने और वेतन वृद्धि है। शुरुआत में हड़ताल शांति से हो रही थी। लेकिन अचानक कुछ कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्लांट में भारी पुलिस बल तैनात घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश की। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने 40 से अधिक आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस ने हिंसा में शामिल करीब 25 मजदूरों को हिरासत में लिया है। फिलहाल, कारखाने में कड़ी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है और स्थिति को शांत करने के लिए कंपनी अधिकारियों और कर्मचारी प्रतिनिधियों के बीच बातचीत की कोशिश जारी है। एल एंड टी इस बारे में लार्सन एंड टुब्रो ने एक बयान जारी करते हुए कहा- गुजरात सरकार द्वारा श्रम संहिता की अधिसूचना लागू होते ही, हम इसके सभी नियमों को तत्काल प्रभाव से लागू करेंगे।

# 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत

एजेंसी, नागौर




राजस्थान के नागौर के प्राइवेट स्कूल में 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह ग्राउंड में खेलते समय गिर गई थी। स्कूल स्टाफ उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना नागौर के गोटन कस्बे के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में 23 फरवरी की सुबह करीब 7.48 बजे हुई थी। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। छात्रा के बड़े भाई की भी 4 महीने पहले ऐसे ही हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। स्कूल डायरेक्टर रामकुंवार ओला ने बताया- तालनपुर के रहने वाले राजेंद्र बापेडिया की बेटी दिव्या पांचवीं क्लास की स्टूडेंट थी। सामान्य दिनों की तरह 23 फरवरी की सुबह भी स्कूल आई थी। प्रेयर (प्रार्थना) होने में अभी समय था। इस दौरान कुछ बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। इसमें दिव्या भी शामिल थी। खेलते समय अचानक दिव्या बेहोश होकर गिर पड़ी।

ओला ने बताया कि इससे अफरा-तफरी मच गई। परिवार वालों को सूचना देने के साथ ही स्कूल स्टाफ ने दिव्या को संभाला। बिना देर किए गोटन के राजकीय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

## दिल्ली हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में फैसला

# कहा- लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बताकर दिव्यांगता पेंशन नहीं रोक सकते, सैन्य सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण

एजेंसी, नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई। हाई कोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बता दें कि सेना में 'पीस पोस्टिंग' का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (AFT) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। वे हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं।

**कोर्ट बोला- बीमारी को सिर्फ लाइफस्टाइल डिसऑर्डर कहना गलत:** कोर्ट ने साफ कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में। असली सवाल यह है कि क्या बीमारी का सेवा परिस्थितियों से संबंध है। इस केस में रिलीज मेडिकल बोर्ड यह ठीक से नहीं बता सका कि अफसर की बीमारियां सेवा से जुड़ी नहीं थीं या सेवा के कारण नहीं बढ़ीं। कोर्ट ने साफ कहा कि बिना किसी ठोस वजह के बीमारी को सिर्फ 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' कहना कानूनन सही नहीं है। कोर्ट ने यह भी बताया कि मेडिकल बोर्ड ने खुद माना था कि यह बीमारी अधिकारी की किसी लापरवाही या गलत आदतों की वजह से नहीं हुई। कोर्ट ने मोटापा, धूम्रपान या शराब से जुड़े तर्क भी खारिज कर दिए, क्योंकि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में इन्हें कारण नहीं बताया गया था। सिर्फ वजन ज्यादा होना, हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग को खुद से पैदा हुई बीमारी साबित नहीं करता। कोर्ट ने यह भी कहा कि AFT ने बिना मेडिकल सबूत के वजन और लाइफस्टाइल के आधार पर निष्कर्ष निकाले। कोर्ट ने हृदय रोग को लेकर मेडिकल बोर्ड की दलीलों को भी कमजोर बताया और कहा कि बीमारी को सिर्फ पिछले 14 दिनों की ड्यूटी से जोड़ना तर्कसंगत नहीं है। याचिकाकर्ता रिटायर्ड अफसर ने भारतीय वायुसेना में 40 साल से अधिक सेवा दी थी। ज्वाइनिंग के समय वह मेडिकल रूप से फिट थे। 1999 में उन्हें हाईपरटेंशन हुआ और 2016 में गंभीर कोरोनरी आर्टरी डिजीज के कारण ओपन-हार्ट सर्जरी करानी पड़ी। उनकी दिव्यांगता 50% आंकी गई थी, फिर भी पेंशन से वंचित कर दिया गया।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार हरमनप्रीत

**एजेंसी, होबर्ट**




भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ वापसी करने उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में 6 विके से हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में मेजबान टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम के लिए राहित की बात ये है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फिट हो गयी हैं। हरमनप्रीत को पहले एकदिवसीय में चोट लग गयी थी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हरमनप्रीत अब ठीक है और खेलने जा रही हैं। पहले एकदिवसीय में बल्लेबाजी के दौरान घुटने में चोट लगने से हरमनप्रीत मैदान पर नहीं लौट पाई थीं, जिससे टीम की चिंताएं बढ़ गई थीं। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से कहा गया है कि हरमनप्रीत को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी और मेडिकल स्टाफ उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। कप्तान के नहीं होने से उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। वहीं अब अब कप्तान की वापसी से प्रबंधन को भी राहत मिली है। पहले मुकाबले में भारतीय टीम 48.3 ओवर में 214 रन ही बना पायी थी जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट शेष रहते 38.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अब भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। दीप्ति ने कहा कि टीम ने पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था हालांकि टीम जीत हासिल करने में सफल नहीं रही। उन्होंने कहा कि टीम दूसरे मुकाबले में और प्रयास करेगी। साथ ही कहा कि टीम अपनी पिछली गलतियों से उबरकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय टीम ने एकदिवसीय सीरीज से पहले शानदार प्रदर्शन कर टी20 सीरीज जीती थी और उसी प्रदर्शन से टीम प्रेरित होकर उतरेगी। भारतीय टीम जानती है कि ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ निरंतरता बनाए रखना उसके लिए आसान नहीं रहेगा।

# टी20 विश्वकप सुपर-8 में आज इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी न्यूजीलैंड

**एजेंसी, कोलंबो**




श्रीलंका के खिलाफ जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। कीवी टीम के स्पिनरों ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और वह यही सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर काफी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए लय बनाये रखना रहेगा। कप्तान हैरी ब्रुक के अलावा उसके उन्य बल्लेबाज पिछले सुपर-8 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ असफल रहे थे। ऐसे में वे अपना फार्म हासिल करना चाहेंगे। दूसरी ओर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद न्यूजीलैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा प्लस 3.050 हो गया है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी पर अगर वह मामुली अंतर से हारती भी है तो भी उसकी सेमीफाइनल की संभावनाएं बनी रहेंगी। वहीं इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। ऐसे में पाक टीम नेट रन रेट में तभी आगे निकल सकती है जब न्यूजीलैंड को मैच में बड़ी हार मिले। न्यूजीलैंड की टीम जिस प्रकार श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ सहजता से उतरी थी उससे तय है कि इस मैच में भी वह उसी टीम के साथ उतरेगी। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही पाक स्पिनरों साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान के सामने काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और उनका लक्ष्य कीवी टीम के खिलाफ इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा हालांकि ये इतना आसान नहीं रहेगा क्योंकि कीवी स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर कहर ढ़ा सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं पर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का फार्म में नहीं होना इंग्लैंड के लिए चिन्ताजनक है । टीम को अपने गेंदबाजों विल जैक्स और लियाम डॉसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 रन भी काफी अच्छे माने जाएंगे। वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र का मानना है कि उनका स्पिन आक्रमण अच्छा है पर इंग्लैंड को कम आंकना भूल होगी। रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा ही आत्मविश्वास बनाये रखना होता है क्योंकि हमें अंदाजा है कि पिच कैसी होगी पर मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी। विरोध टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। साथ ही कहा कि टी20 प्रारुप में कुछ भी हो सकता है जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी जीत उसकी की होगी। श्रीलंका के खिलाफ जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार है :**

**इंग्लैंड** : हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड** : मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

# भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम से खेला ड्रॉ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार, रात स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अभ्यास मैच में स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत की ओर से सिबानी देवी नोंगमेइकापाम ने 44वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में 88वें मिनट पर एन्स्केडे ने बराबरी का गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। भारत अंडर-20 टीम के मुख्य कोच योआकिम अलेक्जेंडरसन ने पिछले मैच की तुलना में शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। भारतीय टीम ने अपने पिछले मुकाबले में टैबी एफके को 4-0 से हराया था, जबकि उससे पहले हामरबी आईएफ के खिलाफ उसे 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। यंग टाइग्रेस अब 28 फरवरी को स्वीडन के क्लब कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगी। यह दौरा इस वर्ष थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

**भारत अंडर-20 महिला टीमः**- मोनालिशा देवी मोइरांगथेम (गोलकीपर), निशिमा कुमारी (रेमी थोखचोम 60वें मिनट), थोइनबिसाना चानू तोइजाम, सिंडी रेमरुआतपुई कोलनी, शुभांगी सिंह, पूजा, अंजू चानू कायेन्पैबाम (भूमिका देवी खुमुकचाम 60वें मिनट), लिंगदेकिम, सुलंजना राउल, सिबानी देवी नोंगमेइकापाम (नेहा 60वें मिनट), बबीता कुमारी (दीपिका पाल 46वें मिनट, शिल्जी शाजी 88वें मिनट)।

# भारत की उभरती महिला टेनिस खिलाड़ी है वैष्णवी

**एजेंसी, बेंगलुरु**




हाल में डब्ल्यू100 आईटीएफ टूर्नामेंट में उपविजेता रही भारत की उभरती महिला टेनिस स्टार वैष्णवी अडकर डब्ल्यूटीए रैंकिंग में लंबी छलांग लगाकर 466 वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। इसी के साथ ही वैष्णवी 224 स्थान की छलांग लगाते हुए देश की नई नंबर-2 महिला एकल खिलाड़ी बन गयी हैं। वाइल्डकार्ड एंट्री से आईटीएफ टूर्नामेंट खेलने उतरी वैष्णवी ने तीन जीत हासिल करते हुए दो शीर्ष-150 खिलाड़ियों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया था। इस प्रकार आईटीएफ 100 स्तर या उससे ऊपर के टूर्नामेंट में कोई भारतीय महिला खिलाड़ी लंबे समय के बाद फाइनल तक पहुंची हैं। वैष्णवी ने 2022 में पेशेवर टेनिस खेलना शुरु किया था। साल 2024 में उन्होंने अहमदाबाद में आईटीएफ डब्ल्यू15 खिताब जीता और मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 में भी ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ी के खिलाफ सेट जीता था।पिछले साल यूरोप में बड़े आईटीएफ टूर्नामेंटों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह रोहन बोपन्ना की अकादमी में अभ्यास के लिए गयी जहां कोच बालाचंद्रन मणिक्कथ की सलाह से इस खिलाड़ी ने तकनीकी और मानसिक दोनों स्तर पर अपने को निखारा । कोच का मानना है कि वैष्णवी में टॉप-200 ही नहीं बल्कि टॉप-100 में पहुंचने की भी क्षमता है। वैष्णवी का लक्ष्य ऊंचे स्तर के टूर्नामेंट खेलने और लगातार प्रदर्शन करने पर है।

# भारत बधिर क्रिकेट टीम ने जीता पहला एडीसीए टी20आई एशिया कप, फाइनल में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया




**एजेंसी, नई दिल्ली**

कटक के ऐतिहासिक बाराबती स्टेडियम में खेले गए पहले एडीसीए टी20आई एशिया कप 2026 का समापन बुधवार को हुआ, जहां भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका की टीम को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट भारतीय बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित किया गया था, जिसे ओडिशा की राज्य क्रिकेट इकाइयों का सहयोग मिला। यह एशिया कप का पहला संस्करण था और इसे बधिर क्रिकेट के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि कटक के जिलाधिकारी एवं कलेक्टर दत्तात्रय भाऊसाहेब शिंदे और विशेष अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर संजय राउल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट की जीत से की। इसके बाद नेपाल पर 10 विकेट की एकतरफा जीत दर्ज की। लीग चरण में श्रीलंका ने भी नेपाल को 6 विकेट से हराया, जबकि रिवर्स मुकाबले में नेपाल पर 157 रन की बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में 1 रन से जीत हासिल की और नेपाल पर 9 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में भारत ने संयमित और आत्मविश्वास भरा प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर ऐतिहासिक ट्रॉफी जीत ली। इस जीत के साथ भारत ने न केवल पहला एडीसीए टी20आई एशिया कप खिताब अपने नाम किया, बल्कि एशियाई बधिर क्रिकेट में अपनी मजबूत स्थिति भी साबित की।

## संक्षिप्त

### चैंपियंस लीग में विनीसियस का कमाल, रियल मैड्रिड ने बेनफिका को हराकर अंतिम-16 में बनाई जगह

**मैड्रिड।** 15 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए बेनफिका को 2-1 से हराया और कुल 3-1 की बढ़त के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। सैंटियागो बर्नब्यू में खेले गए रोमांचक मुकाबले में विनीसियस जूनियर ने निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई। पहले चरण में 1-0 से पीछे चल रही बेनफिका ने आक्रामक शुरुआत की और 14वें मिनट में राफा सिल्वा के गोल से बढ़त बना ली। गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ ने पहले शानदार बचाव किया, लेकिन रिबाउंड पर राफा ने गेंद को जाल में पहुंचा दिया। हालांकि, रियल मैड्रिड ने तुरंत जवाब दिया। दो मिनट बाद फेडेरिको वाल्वेर्दे के पास पर औरेलियन त्चौआमेनी ने सटीक शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मुकाबला बराबरी पर आने के बाद दोनों टीमों के बीच तेज़ टक्कर देखने को मिली। 32वें मिनट में आर्डा गुलर ने गोल किया, लेकिन वीएआर ने ऑफसाइड करार देते हुए उसे रद्द कर दिया। पहले हाफ के अंत तक बेनफिका ने भी कई मौके बनाए, लेकिन कोर्टुआ ने शानदार बचाव कर टीम को मैच में बनाए रखा। दूसरे हाफ में रियल ने लय पकड़ी। 60वें मिनट में एक चूक के बाद राफा सिल्वा का जोरदार शॉट क्रॉसबार से टकराया, जिससे रियल को बड़ा झटका लगते-लगते बचा। निर्णायक क्षण 80वें मिनट में आया, जब वाल्वेर्दे ने मिडफील्ड से सटीक पास दिया। विनीसियस जूनियर ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए बॉक्स में प्रवेश किया और शांत दिमाग से गेंद को निचले कोने में पहुंचाकर स्कोर 2-1 कर दिया। इसी के साथ मुकाबले का फैसला हो गया। मैच के बाद त्चौआमेनी ने कहा, "हमने शुरुआत अच्छी नहीं की, लेकिन हमें भरोसा था कि गोल मिलेंगे।

# न्यूजीलैंड की दमदार जीत, श्रीलंका टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर

**एजेंसी, कोलंबो**



कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए अहम मुकाबले में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रनों से हराकर उसके टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सफर पर विराम लगा दिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा, जबकि सह-मेजबान श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 168 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम निर्धारित ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 61 रनों से मुकाबला हार गई।

**श्रीलंका का टूटा घरेलू सपना-** भारत के साथ इस टी20 वर्ल्ड कप का सह-मेजबान श्रीलंका घरेलू सरजमीं पर खिताब जीतने का सपना देख रहा था, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ हार ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बल्लेबाजी में कामिंदु मेंडिस और दुनिथ वेल्लालागे को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे, जिससे टीम दबाव से उबर नहीं पाई। पारी की पहली ही गेंद पर श्रीलंका को बड़ा झटका लगा, जब मैट हेनरी ने पथुम निसांका को क्लीन बोल्ड कर दिया। लगातार रन बना रहे निसांका का विकेट मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

**सैंटनर की कप्तानी पारी-** न्यूजीलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी और 84 रन तक उसने 6 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे मुश्किल समय में मिचेल सेंटनर ने 26 गेंदों में 47 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कोल मैककॉन्ची के साथ 84 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को 168 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सैंटनर की इस पारी ने न्यूजीलैंड को मैच में मजबूती से वापस ला खड़ा किया।

**रचिन रवींद्र का ऑलराउंड कमाल-** गेंदबाजी में रचिन रवींद्र ने श्रीलंका की कमर तोड़ दी। उन्होंने 4 ओवरों में 27 रन देकर 4 विकेट चटकाए। उन्होंने कुसल मेंडिस, पवन रत्नायके, कप्तान दासुन शनाका और दुशन हेमंता को पवेलियन भेजा। इससे पहले रवींद्र ने बल्ले से भी 32 रनों का अहम योगदान दिया था। न्यूजीलैंड की इस हरफनमौला जीत ने टूर्नामेंट में रोमांच बढ़ा दिया है। जहां एक ओर श्रीलंका का सफर समाप्त हो गया, वहीं न्यूजीलैंड अब सेमीफाइनल की दौड़ में मजबूती से बना हुआ है।

# पिता को खोया, चोट से लड़ी, परिवार का सहारा बनीं, ब्यूटी डुंगडुंग की प्रेरक और संघर्षपूर्ण है कहानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



महज 22 वर्ष की उम्र में भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड ब्यूटी डुंगडुंग अपने कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी उठाए हुए हैं। इस समय वह बेंगलुरु में भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर में पसीना बहा रही हैं, लेकिन मैदान पर वापसी उनके जीवन की सबसे कठिन लड़ाई रही है। साल 2023 में घुटने की गंभीर चोट के कारण उन्हें लगभग दो वर्षों तक पुनर्वास से गुजरना पड़ा। इस दौरान वह लगातार यह सोचती रहीं कि क्या वह दोबारा भारत के लिए खेल पाएंगी। लेकिन मैदान की शारीरिक पीड़ा से भी बड़ा दुख उन्हें निजी जीवन में झेलना पड़ा—चोट के दौरान ही उनके पिता का निधन हो गया। ब्यूटी ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "चोट के समय ही मेरे पिता का देहांत हो गया। मैं घर और शिविर के बीच लगातार आ-जा रही थी। एक साथ बहुत कुछ हो रहा था। कई बार लगा कि शायद अब वापसी नहीं हो पाएगी।" झारखंड के एक छोटे से गांव में पली-बढ़ीं ब्यूटी के लिए उनके पिता ही सबसे बड़े प्रेरणास्रोत थे। आर्थिक तंगी के बीच जब वह केवल पांच वर्ष की थीं, तब उनके पिता ने बांस से उनकी पहली हॉकी स्टिक बनाई थी, क्योंकि असली स्टिक खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। बाद में उन्होंने बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए दूसरे राज्यों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम भी किया। वह भावुक होकर कहती हैं, "जब पापा थे तो बहुत सहारा था। अब सब कुछ मुझे खुद संभालना है।" आज ब्यूटी अपने परिवार की मुख्य आधार हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी में नौकरी के माध्यम से वह पूरे परिवार का खर्च उठाती हैं। अपने भाई के परिवार की मदद करने के साथ-साथ भतीजी और भतीजों की पढ़ाई का खर्च भी वहन करती हैं। उनकी मां आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हैं और स्मृति कमजोर हो चुकी है, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है। ब्यूटी कहती हैं, "कभी-कभी तनाव हो जाता है। मां चीजें भूल जाती हैं और बार-बार पूछती हैं कि मैं घर कब आऊंगी। जब मैं बाहर रहती हूं तो मन उन्हीं के पास रहता है।" अंतरराष्ट्रीय हॉकी के दबाव और घर की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन ब्यूटी हार मानने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है, "अगर ज्यादा सोचूंगी तो खुद ही परेशान हो जाऊंगी। इसलिए पूरा ध्यान खेल पर लगाती हूं। अच्छा लगता है कि मैं अपने परिवार की आर्थिक मदद कर पा रही हूं।" जब भावनात्मक बोझ बढ़ जाता है, तो वह अपनी टीम के साथियों का सहारा लेती हैं। उन्होंने कहा, "अगर मैच से पहले मन ठीक नहीं होता तो मैं साथियों से खुलकर कहती हूं कि आज मेरा मन भारी है, मुझे प्रेरित करें। टीम हमेशा मेरा साथ देती है," लंबे संघर्ष के बाद ब्यूटी ने फिर से लय हासिल करनी शुरू कर दी है। वह एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और हाल ही में आयोजित हॉकी इंडिया लीग में भी खेल चुकी हैं। अब वह हैदराबाद, तेलंगाना में होने वाले वर्ष 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर की तैयारियों के लिए राष्ट्रीय शिविर में कड़ी मेहनत कर रही हैं। अपनी तेज दौड़ और गेंद प्राप्त करने की क्षमता के लिए पहचानी जाने वाली ब्यूटी स्ट्राइकिंग सर्कल में आत्मविश्वास दोबारा हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। ब्यूटी डुंगडुंग अब केवल खेल के लिए नहीं खेलतीं।

# 72वीं सीनियर नेशनल्स मेन्स कबड्डी चैंपियनशिपः दूसरे दिन हरियाणा, यूपी, दिल्ली और तमिलनाडु की धमाकेदार जीत

**एजेंसी, वडोदरा**



वडोदरा के समा इंडोर कॉम्प्लेक्स में चल रही 72वीं सीनियर नेशनल्स मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप 2026 के दूसरे दिन रोमांचक और एकतरफा मुकाबलों का शानदार मिश्रण देखने को मिला। पूल चरण में नॉकआउट की दौड़ तेज हो गई है और हर अंक अब अहम साबित हो रहा है।

**पूल एः आंध्र की रोमांचक जीत, हरियाणा का दमदार प्रदर्शन-** पूल ए के सबसे करीबी मुकाबले में आंध्र प्रदेश ने तेलंगाना को 47-45 से हराया। पोटला गोपी चंद (17 अंक) और गली लक्ष्मा रेड्डी (10 अंक) ने जीत में अहम भूमिका निभाई, जबकि तेलंगाना के जी राजू ने 20 अंक जुटाए।

इसी पूल में हरियाणा ने तेलंगाना को 49-18 से एकतरफा अंदाज में हराया। नीरज नरवाल ने 11 अंक, नितिन कुमार ने 9 अंक बनाए, जबकि सुरजीत सिंह और नितेश कुमार ने 4-4 टैकल अंक लेकर रक्षा मजबूत की।

**पूल बीः मध्य प्रदेश की आखिरी पलों में बाजी-** पूल बी में मध्य प्रदेश ने गोवा को 35-34 से रोमांचक मुकाबले में हराया। भवानी राजपूत (14 अंक) और उदय परते (9 अंक) ने अहम योगदान दिया।

**पूल सीः तमिलनाडु और हिमाचल की बड़ी जीत-** तमिलनाडु ने विदर्भ को 40-21 से हराकर अपना मजबूत अभियान जारी रखा। सतीश कन्नन ने 8 अंक बनाए, जबकि दीपक एस ने 8 टैकल अंक लेकर रक्षा की कमान संभाली।

हिमाचल प्रदेश ने गुजरात को 51-34 से 17 अंकों के अंतर से हराया। अनिल ने 14 अंक जुटाए, जबकि पप्पू कमल कुमार और मयंक सैनी ने बढ़िया साथ दिया।

**पूल डीः उत्तर प्रदेश की रिकॉर्डतोड़ जीत-** उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को 70-33 से हराकर टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज की। उदय डबास ने 25 अंकों का शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सौरभ ने 12 अंक जोड़े। यूपी ने 53 रेड अंक और 8 ऑल-आउट के साथ मुकाबले पर पूरी तरह कब्जा जमाया।

**पूल एफ और एचः केरल और दिल्ली का जलवा-** केरल ने छत्तीसगढ़ को 45-30 से हराया। नंदू टी (11 अंक) और आदित्यन (10 अंक) ने संतुलित प्रदर्शन किया।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल : जम्मू-कश्मीर 584 रन पर ऑलआउट, कर्नाटक के सामने बड़ी चुनौती

**एजेंसी, हुब्बली**



राज्य के हुब्बली स्थित केएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी फाइनल मुकाबले में जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम ने तीसरे दिन पहली पारी में 584 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। कर्नाटक के सामने जीतने के लिए बड़ा लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर की टीम ने ठोस प्रदर्शन किया। ओपनर यावर हसन ने 88 रन की उपयोगी पारी खेली। तीसरे नंबर पर उतरे शुभम पुंडीर ने शानदार 121 रन बनाकर पारी को मजबूती दी। कप्तान परस डोगरा ने 70 रन का योगदान दिया, जबकि अब्दुल समद ने 61 रन जोड़े। विकेटकीपर बल्लेबाज कनहैया वाधवन ने 70 रन बनाए और साहिल लोटरा ने 78 रन की अहम पारी खेली। इस तरह जम्मू-कश्मीर की पूरी टीम 584 रन पर ऑलआउट हो गई। कर्नाटक की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 34.1 ओवर में 98 रन देकर 5 विकेट झटके। हालांकि अन्य गेंदबाजों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, जिससे विरोधी टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। जम्मू-कश्मीर की पारी समाप्त होने के बाद कर्नाटक क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी है। मुकाबले का तीसरा दिन जारी है। कर्नाटक के लिए पहली पारी में बढ़त हासिल करना जरूरी है। नियमों के अनुसार यदि फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहता है तो पहली पारी में बढ़त लेने वाली टीम को चैंपियन घोषित किया जाएगा। ऐसे में कर्नाटक को खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए 585 रन तक पहुंचना या उससे आगे निकलना अनिवार्य होगा। अगर कर्नाटक पहली पारी में पिछड़ता है तो जम्मू-कश्मीर ड्रॉ के जरिए पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम कर सकता है। मुकाबले के अगले दो दिन निर्णायक साबित होंगे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026





# इन चीजों में छिपे हैं आंखों का चश्मा हटाने वाले गुण

**अगर आप आंखों की रोशनी बढ़ाकर चश्मा हटाना चाहते हैं तो 6 पोषक तत्वों को लेना शुरू कर दें। आइए जानते हैं कि ये न्यूट्रिशन किन फूड्स में छिपे होते हैं।**

पोषण की कमी से आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है और समय से पहले चश्मा चढ़ जाता है। आजकल ये समस्या इतनी आम हो गई है कि बच्चों की आंखों पर भी चश्मे का बोझ आ गया है। मगर क्या आप जानते हैं कि कुछ फूड्स खाने से इस चश्मे को उतारा जा सकता है।

### आंखों का चश्मा कैसे हटाएं?

खाने की इन चीजों में आंखों के लिए फायदेमंद एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। कुछ विटामिन और मिनरल को एंटीऑक्सीडेंट कहा जाता है। ये सेल्स और टिश्यू को हेल्दी रखने में मदद करते हैं और आंखों की समस्या को खत्म या धीमा कर देते हैं।

### ल्यूटिन और जेक्सैंथिन

ये तत्व आंखों को रोशनी से होने वाली डैमेज से बचाते हैं। इन्हें पाने के लिए अंडा, केल, पालक, शलजम के पत्ते, ब्रॉकली, कॉर्न, गार्डन पीस, ब्रूसेल स्प्राउट्स आदि का सेवन करें।

### विटामिन सी फूड

विटामिन सी को एस्कोर्बिक एसिड भी कहा जाता है। यह पोषक तत्व ऑक्सीजन का इस्तेमाल और आंखों के अंदर इसके लेवल को बनाए रखने में मदद करता है। यह कीवी, लाल-हरी शिमला मिर्च, टमाटर, ब्रॉकली, पालक और अमरूद, चकोतरा और संतरे के जूस में मिलता है।

### एसेंशिएल फैटी एसिड

फैटी एसिड दिमाग के साथ आंखों के लिए भी फायदेमंद होते हैं। अगर आप इन्हें पाना चाहते हैं, तो सैल्मन मछली, सार्डिन मछली, फ्लैक्स सीड्स, सोयाबीन और अखरोट का सेवन करें।

### विटामिन ई फूड

यह विटामिन आंखों को फ्री-रेडिकल से बचाता है। इसे पाने के लिए वेजिटेबल ऑयल, नट्स, हरी पत्तेदार सब्जी, शकरकंद, एवोकाडो और साबुत अनाज का सेवन जरूर करें।

### विटामिन ए और बीटा कैरोटीन

हमारा शरीर बीटा कैरोटीन को विटामिन ए के रूप में बदलता है। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए काफी फायदेमंद है। गाजर, शकरकंद, टिंडा, अंडे और हरी पत्तेदार सब्जियों को नियमित खाने से यह मिलता है।






नेचुरल तरीके से बढ़ाएं

# विटामिन बी12 और विटामिन डी

**अगर दवा-सप्लीमेंट खाने के बाद भी शरीर में विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी है तो योगा की मदद लें। यह नैचुरल तरीके से इन दोनों विटामिन की कमी खत्म कर देगा।**

आजकल काफी लोगों में विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी देखी जा रही है। विटामिन बी12 की कमी होने पर सिरदर्द, नसों में दर्द, थकान, सांस फूलना, कमजोर याददाश्त आदि हो जाती है। वहीं, विटामिन डी की कमी के कारण बार-बार बीमार पड़ना, कमजोर हड्डियां, डिप्रेशन आदि हो सकता है। इन दोनों विटामिन की कमी का मुख्य कारण पोषण का अवशोषण ना होना है। इसके पीछे कई सारी वजहें हो सकती हैं, जैसे- खराब पाचन, शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड का सेवन आदि। योगा टीचर जूही कपूर ने विटामिन डी और विटामिन बी12 को बढ़ाने का नैचुरल तरीका बताया है।

### विटामिन बी12 और विटामिन डी कैसे बढ़ाएं?

पृथ्वी मुद्रा से बढ़ेंगे दोनों विटामिन
योग टीचर के अनुसार, हर दिन सिर्फ 10 मिनट पृथ्वी मुद्रा करने पर पोषण का अवशोषण बढ़ जाता है। यह शरीर में पृथ्वी तत्व को बढ़ाने में मदद करती है, जिससे अंग, हड्डी और मसल्स की ताकत बढ़ती है। हालांकि, इसे करने से पहले या बाद में 1 घंटे तक खाना नहीं खाना चाहिए।

### पृथ्वी मुद्रा करने की विधि

- सबसे पहले किसी शांत जगह सुखासन में बैठ जाएं।
- कमर, पीठ और गर्दन को एक सीध में रखें।
- अब दोनों हाथों की अनामिका उंगली (छोटी उंगली के बराबर वाली) और अंगूठे की टिप को आपस में मिलाएं।
- बाकी उंगलियों को सीधा और रिलैक्स रखें।
- अब हथेली आसमान की तरफ करके हाथों को घुटनों पर टिका लें।
- फिर 10 मिनट आंख बंद करके गहरी सांस लें और ध्यान लगाने की कोशिश करें।
- डाइट और लाइफस्टाइल का भी रखें ध्यान
- एक्सपर्ट के अनुसार, डाइट और लाइफस्टाइल को हेल्दी रखना महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसके बिना विटामिन बी12 और विटामिन डी बढ़ाने का कोई भी तरीका कामयाब नहीं हो सकता है।

### विटामिन बी12 के फूड्स

इसे बूस्ट करने के लिए दही, छाछ, डोसा, घर का बना अचार और सलाद खाएं। ऐसा करने से गट बैक्टीरिया बढ़ते हैं और शरीर अपने आप विटामिन बी12 का उत्पादन करने लगता है।

### विटामिन डी बढ़ाने के टिप्स

हर दिन कम से कम 30 मिनट की धूप जरूर लें। आप सुबह 9 बजे से पहले और 4 बजे के बाद धूप ले सकते हैं। इस दौरान आपको सफेद रंग के कपड़े पहनने से बेस्ट रिजल्ट मिलता है।



# पपीता खाने से हो सकती है लाइलाज बीमारी

**पपीता खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है। लेकिन इसका अत्यधिक सेवन करने पर कुछ दुष्प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। आइए इन साइड इफेक्ट्स के बारे में जानते हैं।**

पपीता पेट के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। जिन लोगों को कब्ज रहती है, उन्हें इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। वैसे तो पपीता खाने से फायदे ही मिलते हैं। मगर कुछ लोगों को या गलत तरीके से खाने पर नुकसान भी झेलने पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि कच्चा या अत्यधिक पपीता खाने के साइड इफेक्ट क्या हैं?

### पपीते से हो सकती है लाइलाज बीमारी

प्रकाशित शोध के अनुसार पपीते के पौधे में एलर्जी करने वाले पराग होते हैं। कई बार ये पराग पपीते के साथ आ जाते हैं और अस्थमा जैसी लाइलाज बीमारी बना सकते हैं। ये खतरा एलर्जी से ग्रसित लोगों को होता है। इस बीमारी में सांस लेने के दौरान सीटी की आवाज आना, सांस फूलना, सीने में जकड़न आदि महसूस हो सकती है।

### किडनी की पथरी की समस्या

पपीते के अंदर भारी मात्रा में विटामिन सी होता है। कई शोध बताते हैं कि इसका अत्यधिक सेवन करने पर उन लोगों के लिए परेशानी बढ़ सकती है, जिन्हें पहले से ही किडनी की पथरी है। ऐसे लोगों को पपीते का कम सेवन करना चाहिए।

### पेट हो सकता है खराब

पपीता जितना पेट के लिए अच्छा है, उतना ही नुकसानदायक भी हो सकता है। क्योंकि इसमें प्रचुर फाइबर होता है और यह अत्यधिक होने पर पाचन को खराब कर सकता है। इसकी वजह से अपच, पेट फूलना, गैस जैसी दिक्कत हो सकती है।

### गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक

गर्भवती महिलाओं को कच्चा पपीता नहीं खाना चाहिए। उनके लिए यह खतरनाक होता है। इसमें पैपेन और लैटेक्स होते हैं, जो अनचाहे गर्भपात का कारण बन सकते हैं।



# पुरुषों की सेहत के लिए बेस्ट माने जाते हैं ये फूड्स

**पुरुषों को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने के लिए विभिन्न प्रकार के फूड्स का सेवन करना चाहिए। सामान्य तौर पर देखा जाए तो पुरुषों के शरीर को विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की आवश्यकता महिलाओं की अपेक्षा अधिक मात्रा में होती है। इसलिए डायट को विभिन्न प्रकार के फूड्स से मेंटेन करते हुए पुरुषों को इनका सेवन करना चाहिए। यहां पर आपको ऐसे ही फूड्स के बारे में जानकारी दी जा रही है। इनका नियमित रूप से सेवन करने के कारण आपके शरीर को कई प्रकार की बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है।**

### एवोकाडो

एवोकाडो एक ऐसा फल है जो बॉडीबिल्डिंग के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पौष्टिक तत्वों की भी पूर्ति करता है। इसमें मौजूद प्रोटीन की मात्रा नई मांसपेशियों के निर्माण में भी काफी सहायता प्रदान करती है। वहीं, शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को संतुलित बनाए रखने के लिए भी एवोकाडो का सेवन फायदेमंद माना जाता है।

### शहद

शहद एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ त्वचा को निखारने के लिए भी काम आता है। एक सुपरफूड के रूप में इसका नियमित रूप से किया गया सेवन कई प्रकार की बीमारियों के जोखिम को कम कर देता है। इसलिए शहद का सेवन भी नियमित रूप से कर सकते हैं।

### शिलाजीत

जिन पुरुषों की पौरुष शक्ति काफी कमजोर होती है, उन्हें ऐसे फूड का सेवन करना चाहिए जिसके कारण टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने में मदद मिले। शिलाजीत एक ऐसा ही खाद्य पदार्थ है जो पौरुष शक्ति को मजबूत करने और टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने के लिए प्रभावी रूप से कार्य करता है। इसलिए पुरुषों को शिलाजीत का सेवन करने के बारे में भी जरूर सोचना चाहिए।

### सेब

इस फल का सेवन ना केवल पुरुषों को बल्कि बच्चों से लेकर महिलाओं को भी प्रतिदिन करना चाहिए। डॉक्टरों के द्वारा भी सेब का सेवन नियमित रूप से करने की सलाह दी जाती है। यह एक बेहतरीन फल के रूप में हमारे शरीर को लगभग सभी प्रकार के पौष्टिक तत्वों को प्रदान करने की क्षमता रखता है। इसलिए नाश्ते में सेब को भी अपनी डायट का हिस्सा बनाएं।

### अंडा

पौष्टिक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ सेहत के लिए विभिन्न प्रकार से फायदेमंद अंडे का सेवन करने की सलाह डॉक्टर के द्वारा भी दी जाती है। वहीं, जिन पुरुषों को बॉडीबिल्डिंग का शौक है, उनके लिए अंडा डायट का आवश्यक हिस्सा होता है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन-डी हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है।

# शरीर को खोखला बना देती हैं ये आदतें

**रोजाना की कुछ आदतें आपको बीमार बना सकती हैं, चिंता की बात यह है कि इन पर किसी का ध्यान नहीं जाता है, अगर आपको बीमार होने से बचना है, तो इन आदतों में सुधार कर लें।**

बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आदतों को अपनाना जरूरी है। साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखना और खाने-पीने से जुड़ी गंदी आदतें शरीर को बीमार कर सकती हैं। कई लोग खाने-पीने का खास ध्यान रखते हैं और स्वस्थ आदतों का पालन करते हैं, बावजूद इसके वो बीमार रहते हैं। आपनी कभी सोचा है इसकी पीछे क्या कारण हो सकता है?
दरअसल खाने-पीने और स्वच्छता से जुड़ी ऐसी कई आदतें हैं जिन पर बहुत से लोगों का ध्यान नहीं जाता। नतीजन आपको कई गंभीर रोगों का खतरा हो सकता है। उदाहरण के लिए खाने के तुरंत बाद ब्रश करना, अधपके चावल खाना, रखा-रखा पका हुआ आलू खाना और टाइट कपड़े पहनना। यह ऐसे काम हैं जिन पर अधिकतर लोगों का ध्यान नहीं जाता है और यही आदतें आगे चलकर आपके शरीर को अंदर से बीमार कर सकती हैं। जाने-अनजाने में आपकी कौन-कौन सी आदतें आपके शरीर में जहर घोल रही हैं।

### अधपके चावल खाना

यह बात आपको चौंका सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चावल में बी. सेरियस जैसे खतरनाक बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो आमतौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं। इन बैक्टीरिया को लेकर पके चावल के साथ कोई समस्या नहीं लेकिन अधपके या कच्चे चावल में यह बैक्टीरिया नहीं मरते हैं।

### भोजन के बाद ब्रश करना

बेशक खाने के बाद ब्रश करना चाहिए लेकिन खट्टी चीजों को खाने के तुरंत बाद दांतों को ब्रश करने से उनका इनेमल डैमेज हो सकता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, खट्टी चीजें खाने के तुरंत बाद ब्रश करना हानिकारक है। आपको खाने के कम से कम 30 मिनट बाद ब्रश करना चाहिए या पानी पीना चाहिए।

### मुंह धोने के लिए इस तरह के नल के पानी का इस्तेमाल

नल का पानी स्किन डैमेज कर सकता है। आपको अपने पानी के पीएच लेवल की जांच करनी चाहिए। यह 4.7 के आसपास होना चाहिए। अगर इसका पीएच लेवल 5 से ऊपर है, तो त्वचा को नुकसान होता है। दूसरा, नल के पानी में मौजूद सभी कठोर खनिज जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन ब्रेकआउट और ड्राई स्किन का कारण बन सकते हैं।

### बहुत दिनों से रखे पुराने आलू खाना

आलू पोटेशियम और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों का एक बड़ा स्रोत है। लेकिन पुराने रखे आलू को लेकर बहुत सावधान रहने की जरूरत है। वेबएमडी के अनुसार, आलू में सोलनिन जैसे जहरीले तत्व होते हैं। इनके बढ़ने से ही आलू का अंदर का हिस्सा हरा होता है। इन्हें खाने आपके पेट में दर्द, उल्टी और बुखार जैसी समस्याएं और कुछ दुर्लभ मामलों में इससे लकवा भी हो सकता है।


### टाइट फिटिंग कपड़े पहनना

टाइट कपड़े पहनने से आपको गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर का खतरा हो सकता है। टाइट-फिटिंग कपड़े पेट और आंतों पर दबाव डालते हैं जिससे पाचन तंत्र धीमा हो सकता है। साथ ही यह यीस्ट इन्फेक्शन और नसों में दर्द का कारण बन सकता है।

### माइक्रोवेव पॉपकॉर्न खाना

फिल्म देखते हुए पॉपकॉर्न खाना भला किसे पसंद नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि माइक्रोवेव पॉपकॉर्न को स्वादिष्ट बनाने के लिए डायसेटाइल नामक एक रसायन का इस्तेमाल होता है, जो सीधे रूप से आपके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है।







RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026





## ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है।

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 आतंकी हमला हुआ था इसके बाद भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। वहीं, इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया।

विवेक अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने संबंधी रिपोर्ट्स की पुष्टि करने या खारिज करने से मना करते हुए कहा, 'मैं किसी का नाम नहीं बता रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि मैं एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं और मैं अपने समय पर इसका एलान करूंगा। यह बहुत बड़ा और बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट है।

### अफवाहों को न खारिज किया, न ही पुष्टि की

पिंकविला के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक ने अपने जिस अगले प्रोजेक्ट की बात की है, क्या वह इसी मुद्दे पर है या किसी और विषय पर फिल्म बना रहे हैं।



## मृणाल ठाकुर के एक्स बॉयफ्रेंड को थी इन एक्टर्स से इनसिक्योरिटी

**मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी यूट्यूब पर रौनक रजनी के शो में अपनी आने वाली फिल्म दो दिवाने सहर में के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। इस बीच मृणाल ने शेयर किया कि उनका एक्स-बॉयफ्रेंड उनके को-एक्टर्स को लेकर कितना इनसिक्योर था।**

### इनसिक्योरिटी पर बोलीं मृणाल

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर से जब पूछा गया कि क्या वे खुद को एक इनसिक्योर मानती हैं या नहीं। तब, उन्होंने स्वीकार किया कि कभी-कभी उन्हें इनसिक्योरिटी होती है और इसके लिए उन्होंने अपने एक्स-बॉयफ्रेंड से जुड़ी एक कहानी शेयर की। मृणाल ने कहा, 'करियर के शुरुआती दिनों में, मैं ऋतिक रोशन के साथ 'सुपर 30' और शाहिद कपूर के साथ 'जर्सी' की शूटिंग कर रही थी। जो मेरा बॉयफ्रेंड था, उसे लगता था कि मैं अच्छे दिखने वाले एक्टर्स के साथ शूटिंग कर रही हूं और घूम रही हूं। इस वजह से उसे इनसिक्योरिटी होने लगी। उसने वर्कआउट करना शुरू कर दिया और 15-17 किलो वजन घटाकर मसल्स बनाए। लेकिन कुछ दिनों बाद, उसने वर्कआउट बंद कर दिया। फिर खाकर 20 किलो बढ़ा लिया। मेरे बॉयफ्रेंड ने कहा कि मैं थक गया हूं तुम्हारे एक्टर्स की बराबरी करने की वजह से। लेकिन असल में मैंने कभी उससे वजन घटाने को नहीं कहा। यह उसकी इनसिक्योरिटी थी, इससे मेरा कुछ लेना-देना नहीं था।

### इस फिल्म में नजर आएंगी एक्ट्रेस

मृणाल ठाकुर जल्द ही 'दो दीवाने सहर में' नजर आने वाली हैं। यह एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें वे सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। रवि उदयवार के निर्देशन में बनी यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके निर्माता संजय लीला भंसाली हैं।




## 'अक्यूज्ड' के ट्रेलर में दिखा प्रतिभा रांटा का दमदार अंदाज

इस महीने की शुरुआत में नेटफ्लिक्स ने इस साल आने वाले अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा की थी। इसमें एक नाम शामिल था नेटफ्लिक्स की फिल्म 'अक्यूज्ड' का। कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर ड्रामा है।

'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है। कहानी के केंद्र में हैं डॉ. गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा), जो एक जाने-माने हॉस्पिटल में सबसे कम उम्र की हेड ऑफ डिपार्टमेंट के तौर पर काम कर रही हैं। डॉ. गीतिका एक मशहूर एलजीबीटीक्यू गायनेकोलॉजिस्ट हैं। वह डीन बनने की तैयारी कर रही हैं। गीतिका अपनी लेस्बियन पार्टनर मीरा (प्रतिभा रांटा) के साथ मिलकर एक बच्चे को एडॉप्ट करने की प्लानिंग करती हैं। लेकिन तभी सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाता है। डॉ. गीतिका पर यौन दुराचार के गंभीर आरोप लगते हैं। उन्हें काफी कुछ कहा जाता है। इससे डॉ. गीतिका की जिंदगी और करियर, दोनों में भूचाल आ जाता है। जनता और अधिकारियों का शक बढ़ता है और सच्चाई धुंधली होती जाती है। इसके पीछे कौन है और क्या वजह है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा। इस सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म को अनुराग कश्यप की बहन अनुभूति कश्यप ने डायरेक्ट किया है। वो इससे पहले आयुष्मान खुराना की 'डॉक्टर जी' का भी निर्देशन कर चुकी हैं। वहीं करण जौहर के डिजिटल प्रोडक्शन हाउस धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया गया है। फिल्म की कहानी भी अनुभूति कश्यप ने ही लिखी है। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा के अलावा आदित्य नंदा और सुकांत गोयल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। 'अक्यूज्ड' 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



## 'नागिन 7' में अपनी डायलॉग डिलीवरी को लेकर ट्रोल हुईं प्रियंका चाहर चौधरी

प्रियंका चाहर चौधरी निर्माता एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में मुख्य भूमिका में टीवी पर वापस आई हैं। शुरू में लोगों ने उनकी एक्टिंग और 'नागिन' के लुक की काफी तारीफ की थी। लेकिन हाल ही में शो का एक सीन वायरल हुआ है, जिसमें प्रियंका के डायलॉग डिलीवरी पर नेटिजन्स सवाल उठा रहे हैं।

### डायलॉग डिलीवरी को लेकर ट्रोल हुई प्रियंका

'नागिन 7' में एक सीन में प्रियंका चाहर चौधरी 'नागिन' के रूप में एक भ्रष्ट पुलिस वाले को पीटते हुए उसकी गलतियां गिनाती हैं। यह एक लंबा संवाद वाला सीन है। इस सीन को देखने के बाद कई दर्शक निराश हो गए और सोशल मीडिया पर प्रियंका की डायलॉग बोलने की स्टाइल की कड़ी आलोचना कर रहे हैं।




## मैं कभी बॉलीवुड नहीं छोड़ना चाहती थी

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा दुनियाभर में मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में काम किया है और अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। अपने करियर के पीक समय में उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था और हॉलीवुड का रुख किया था। लेकिन अब प्रियंका चोपड़ा ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वे कभी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें हिंदी सिनेमा से बाहर मौके तलाशने के लिए 'पुश' किया।' बॉलीवुड से हॉलीवुड तक के अपने सफर पर बात करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने खुलकर अपनी दिल की बात शेयर की। प्रियंका ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं कभी बॉलीवुड छोड़ना चाहती थी। लेकिन जब मैं हिंदी फिल्मों में काम कर रही थी, तो कई वजहों से खुद को थोड़ा सीमित महसूस करती थी। मैं अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती थी। एक कलाकार के तौर पर मैं कुछ नया और रोमांचक करना चाहती थी। इसी सोच ने मुझे दूसरे मौके तलाशने के लिए प्रेरित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'इसी तलाश ने मुझे अमेरिका पहुंचाया। अब करीब 12 साल बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उस मुकाम पर हूं, जहां मैं अपने मनपसंद और बेहतरीन प्रोजेक्ट्स चुन सकती हूं। लेकिन यह सफर बिल्कुल आसान नहीं था।'

### मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे मेरी इंडियन फिल्मों से प्यार है। मैं बहुत खुश हूं कि वापस भारत में आकर वाराणसी फिल्म के लिए काम कर रही हूं। मैं कभी भी इन दोनों में से किसी एक को चुनना नहीं चाहूंगी। मैंने कभी ऐसा किया भी नहीं। मुझे लगता है कि मैं दोनों इंडस्ट्री के बीच संतुलन बनाकर चलती हूं और मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है। दोनों जगह काम करने का तरीका कई मायनों में अलग है, ठीक वैसे ही जैसे उनकी संस्कृतियां अलग होती हैं। लेकिन अब मेरा दिमाग दोनों तरीकों से सोचने का आदी हो चुका है। यह अपने आप में एक अनोखा, शानदार और मजेदार अनुभव है।'

## अस्सी की कहानी का मूल विचार समाचार पत्रों की सुर्खियों से प्रेरित है



**अनुभव सिन्हा की 'अस्सी' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। देश में होने वाली दुष्कर्म की घटनाओं पर आधारित यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चाओं में हैं। हालांकि, जब इस फिल्म की घोषणा हुई थी, तो लोगों को लगा था कि अनुभव सिन्हा अपने गृहनगर वाराणसी के अस्सी घाट की कहानी लेकर आ रहे हैं। लेकिन जल्द ही पता चल गया कि कहानी एक संवेदनशील और जरूरी मुद्दे पर आधारित है। फिल्म को लेकर निर्देशक का कहना है कि कहानी का मूल विचार समाचार पत्रों की सुर्खियों से ही प्रेरित है।**

### लोगों को अब अपराध की गंभीरता से फर्क नहीं पड़ता

बातचीत में अनुभव सिन्हा ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि हमारे चारों ओर सूचनाओं की भरमार के कारण, दर्शकों को किसी अपराध की गंभीरता का एहसास कराना कठिन होता जा रहा है। फिर चाहे वह बलात्कार जैसा जघन्य अपराध ही क्यों न हो। अब यह उतना मायने नहीं रखता कि आपकी आंखों के सामने क्या है, बल्कि यह मायने रखता है कि क्या आकर्षक है। आप उससे विचलित हो जाते हैं। इसलिए यह कोई गपशप या सनसनीखेज कहानी हो सकती है, क्योंकि यह अब सनसनीखेज नहीं रह गई है।

### बॉक्स ऑफिस नंबर्स गपशप का विषय

बॉक्स ऑफिस नंबर्स और क्रिटिक्स की रेटिंग को लेकर निर्देशक का कहना है कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और समीक्षाओं में स्टार रेटिंग जैसी मामूली बातें भी चर्चा को एक संख्या तक सीमित कर देती हैं। जबकि असल मुद्दा चिंता का विषय होना चाहिए। ये आंकड़े गपशप का अच्छा जरिया हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे समझ रहे होंगे। उन्हें यह समझ नहीं आता कि दुनिया भर में कुल कमाई, भारत में कुल कमाई और भारत में शुद्ध कमाई क्या होती है। उन्हें यह नहीं पता कि निर्माता को बताई गई रकम का 50% से भी कम मिलता है। 400 करोड़ रुपये, 700 करोड़ रुपये और 800 करोड़ रुपये जैसे आंकड़े तो बहुत ही महत्वाकांक्षी लगते हैं। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक इन आंकड़ों को गंभीरता से नहीं लेंगे। अगर मैं कर सकता तो मैं अपने आंकड़े घोषित नहीं करता, चाहे वे कितने भी अच्छे या बुरे क्यों न हों। लेकिन मैं इसे नहीं रोक सकता।

### कोर्टरूम के अंदर के माहौल से असल में हुआ वाकिफ

कोर्टरूम को लेकर अनुभव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में मेरी दो वरिष्ठ महिला वकील दोस्त हैं। हमने उन्हें कहानी सुनाई। उन्होंने कहा, 'आप लोग इतनी गंदी कोर्ट शूटिंग करते हो। आपने कभी कोर्ट देखी है?' मैंने कहा, 'जी हां, सुप्रीम कोर्ट।' तो उन्होंने कहा, 'इसीलिए! आपने वो शांत, परिष्कृत कोर्टरूम देखा है जहां हर कोई चुपचाप सुनता रहता है। लेकिन फिल्म का मामला उस कोर्ट में नहीं जाएगा। अगले ही दिन मैंने नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट का दौरा किया और वहां का नजारा देखकर दंग रह गया। मुझे एहसास हुआ कि मैंने फिल्म 'मुल्क' के कोर्टरूम सीन गलत तरीके से फिल्माए थे। यह कोर्टरूम बहुत भीड़भाड़ वाला और अव्यवस्थित है। मुझे कोर्टरूम की यह शीतलता बहुत पसंद आई। कोर्टरूम अपने काम में इतना मशगूल रहता है जबकि आपका जीवन इस पर निर्भर करता है।

### छोटे शहरों में भी देखी जाती हैं 'अस्सी' जैसी फिल्में

अनुभव सिन्हा का मानना है कि वो इस धारणा को तोड़ देंगे कि 'अस्सी' जैसी फिल्में जनता के लिए नहीं होती हैं। उन्होंने अपने जमीनी स्तर के अभियान 'चल सिनेमा चलें' के तहत भारत के 40 दूसरे दर्जे के शहरों का दौरा किया है। उनका कहना है कि यह एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि अब मैं कह सकता हूं कि दूसरे दर्जे के शहरों में इस तरह की फिल्में नहीं देखी जातीं। वे सिर्फ जवान या कांतारा जैसी फिल्में देखते हैं। बेशक उन्हें वो फिल्में ज्यादा पसंद आती हैं। लेकिन इन फिल्मों में भी उनकी काफी दिलचस्पी है। दिक्कत ये थी कि हम उन्हें सही तरीके से फिल्म नहीं दिखा पा रहे थे। इसलिए इस बार मेरा पूरा अभियान घर-घर जाकर प्रचार करने पर केंद्रित है। पिछले दो महीनों से हम छोटे शहरों में फिल्म का प्रचार कर रहे हैं।